राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ,शनिवार, 18 मई 2024

वर्ष 05, अंक 228, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

खुले आम घूम रहा नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला वहसी कामांन्ध शिक्षामित्र ...06

जिनपिंग ने पुतिन को गले लगाया, साथ चाय पी...12

जांच के नाम पर खेला जा रहा आंख मिचौली का खेल

● शटडाउन किसने लिया लॉग बुक पर बने हस्ताक्षर अनुसार

कहीं अपने चहेते जे ई और लाइनमैन को बचाने के लिए तो नहीं जांच चल रही है कहकर किया जा रहा लीपापोती का प्रयास

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी थाना क्षेत्र ईसानगर के अंतर्गत ग्राम बेल्तुआ विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ और जे ई समेत लाइनमैन अशोक साहू द्वारा मिली भगत करके व्यापारी सुनील कुमार मौर्य से ?200000 बतौर रिश्वत राशि लेकर सुनील कुमार मौर्य की दुकानों के ऊपर से निकली 11000 विद्युत लाइन को बगैर किसी सर्वे व प्रस्ताव तथा एस्टीमेट बनाए बगैर नियम कानून को ताक पर रखकर बदल दिए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिला अधिकारी खीरी सहित मुख्यमंत्री के पोर्टल पर करके शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। इतना ही नहीं शिकायतकर्ता ने जे ई व एसडीओ के संरक्षण में उपरोक्त लाइन को एयरटेल टावर के लिए दी गई प्राइवेट लाइन से जोड़ दिये जाने की भी बात कही है।।बताया जाता है कि उक्त लाइन से लगभग 60 से 70 गांव को विद्युत की आपूर्ति की जाती थी ।बताते चलें की घटना दिनांक 18 फरवरी 2024 की है जब पूर्व योजित योजना बद्ध तरीके से जे ई सुधीर कुमार गुप्ता ,एसडीओ और अशोक कुमार साहू लाइन मैंन एक राय होकर सुनील कुमार मौर्य के दुकानों पर से निकली 11000 विद्युत लाइन का आनंन-फानन में स्थान परिवर्तित कर डाला गया ।वह भी बिना सर्वे और बगैर प्रस्ताव तथा एस्टीमेट के बिना पास कराए ही पूरी 11000 लाइन का स्थान परिवर्तन कर दिया गया। और उक्त लाइन को एयरटेल टावर को दी गई प्राइवेट लाइन में जुड़वाकर नियमों के चीथड़े उड़ा कर रख दिए।

इस फर्जी वाडा का खुलासा होने व मामला मीडिया में सुर्खियां बनने पर अपनी व अपने चहेतों की गर्दन फंसते देख घटना के जिम्मेदार जे ई सुधीर कुमार गुप्ता का स्थानांतरण करते हुए आन पेपर दोषी अशोक कुमार साहू लाइनमैन को संजीवनी दे दी गई ।उक्त मामले की धरातलीय पड़ताल करने पहुंची स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र की टीम को मामला विद्युत विभाग द्वारा गढी गई कहानी से ठीक उल्टा दिखाई पड़ा। व्यापारी सुनील कुमार से जानकारी लेने पर उसने ?200000 देकर लाइन हटवाए जाने की बात तो बताई ही साथ ही साथ जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को ?100000 नगद देने का गंभीर आरोप भी लगाया।जो यह सिद्ध करने को काफी है कि उक्त लाइन जे ई व एसडीओ के संरक्षण व संज्ञान में बदली गई और इसके एवज में ली गई सुविधा शुल्क का एक भाग ऊपर तक जाने के चलते आनंन-फानन में संविदा कर्मी को बलि का बकरा बनाते हुए अन्य सभी जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास जारी है। मामले को शांत करने के लिए जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को शारदा नगर

स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन यह खेल कई प्रश्नों को जन्म दे गया । क्या उपरोक्त 11000 लाइन एक आदमी बदल सकता है जवाब आता है नहीं, हर कोई यही कहेगा नहीं बदल सकता है। उक्त लाइन कई लोगों द्वारा बदली गई होगी ।तो फिर अकेले राकेश कुमार के विरुद्ध ही कार्रवाई क्यों? शटडाउन किसने लिया यह लाग बुक पर बने हस्ताक्षर से पता चलता है ।और उनके इस घटना में शामिल होने की पुष्टि करने को काफी है।लाग बुक पर बना हस्ताक्षर। तो फिर अशोक साहू पर मेहरबानी क्यों? सबसे अहम सवाल तो यह है आखिरकार बार-बार अपने स्टेटमेंट से क्यों बदल रहे जे ई विद्युत सुधीर कुमार गुप्ता साहब घटना के समय समाचार पत्र को दिए गए वर्जन में जे ई साहब ने प्रस्ताव व एस्टीमेट पास होने की बात कही थी। और यही बात एसडीओ ने भी कही थी। और अब बगैर प्रस्ताव ब बगैर एस्टीमेट लाइन बदले जाने की बात क्यों कहीं जा रही है?

आखिर घटना के समय मीडिया द्वारा पूछे जाने पर कल एसडीओ द्वारा भी फर्जी झूठा एवं भ्रामक स्टेटमेंट क्यों दिया गया? की प्रस्ताव एस्टीमेट पास है इनका सबका यह क्रत्य सिद्ध करता है की दाल में कुछ काला ही नहीं बल्कि संपूर्ण दाल ही काली है। संवाददाता द्वारा जब भी मामले पर जानकारी ली जाती है तो उच्च अधिकारियों द्वारा यह कहकर मामले को टाल दिया जाता है की जांच चल रही है आखिर कब तक चलेगी यह जांच? होगी दोषियों पर कार्यवाही? इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर अधीक्षण अभियंता विद्युत के पास भी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। सभी जिम्मेदारों के पास वही पुराना रटा रताया जवाब के मामले की जांच चल रही है। कहीं अपने चाहतों को बचाने के लिए तो नहीं जांच के नाम पर किया जा रहा मामले को लंबा। जिम्मेदारों की इस लापरवाह पूर्ण कार्यशैली और खाओ कमाओ नीति से आहत होकर शिकायतकर्ता ने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले के जेई ,एसडीओ ,लाइनमैन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में जब अधीक्षण अभियंता विद्युत राम शब्द जी से उपरोक्त मामले पर जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया जांच चल रही है। आखिर कब तक चलेगी जांच की बात पूछने पर उन्होंने बताया की जांच अधिकारी जांच कर रहे हैं उन पर दबाव नहीं बनाया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट का NEET Result पर रोक लगाने से इनकार, केंद्र और NTA से मांगा जवाब

● हृश्वश्वञ्ज पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए नीट के रिजल्ट पर रोक लगाने से मना कर दिया है. सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से जवाब मांगा है.

स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा (NEET) रिजल्ट पर रोक लगाने से मना कर दिया है. इस साल की NEET में पेपर लीक की आशंका जताने वाली PIL पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) से जवाब मांगा है. जुलाई में मामले की अगली सुनवाई होगी. नीट यूजी 2024 परीक्षा का आयोजन 5 मई को देश भर में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से किया गया था. वहीं परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर पेपर लीक होने की पोस्ट वायरल होने लगी इसके बाद एनटीए ने अपना बयान जारी किया कर कहा कि नीट यूजी 2024 का पेपर लीक नहीं हुआ है. सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाई जा रही है।

नेशनल टेस्ट एजेंसी ने दी थी सफाई

गौरतलब है कि नेशनस टेस्ट एजेंसी ने जानकारी देते हुए कहा था कि सवाई माधोपुर के एक परीक्षा केंद्र से पेपर आउट हुआ था. लेकिन अन्य परीक्षा केंद्रों में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है. वहीं, एक खबर वायरल हो रही है कि नीट यूजी परीक्षा का समय पूरा होने से पहले ही पेपर सोशल मीडिया पर आउट हो गया था. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस खबर को बिल्कुल निराधार बताया है. एनटीए ने स्पष्ट किया है कि नीट यूजी प्रश्न पत्र लीक होने की खबर गलत है।

पेपर लीक मामले में 13 गिरफ्तार

नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. बता दें, 5 मई को पटना में नीट का एग्जाम हुआ था. पटना हाई कोर्ट में भी इस मामले को लेकर लोकहित याचिका दायर की गई थी. इसमें प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया गया है. इस याचिका में परीक्षा को रद्द कर नए सिरे से एग्जाम कराने की भी बात कही गई थी।

24 लाख स्टूडेंट्स ने दिया था एग्जाम

देश में रविवार को 4750 केंद्रों पर 557 राज्यों में नीट का एग्जाम हुआ था. करीब 24 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए. जिसके बाद अब पेपर लीक होने की जानकारी सामने आई. इससे पहले साल

2021 में भी नीट का पेपर लीक होने की खबर सामने आई थी, नीट परीक्षा में 2.10 लाख सीटों के लिए करीब 24 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने भाग लिया. यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी तादाद में छात्र एग्जाम में भाग ले रहे हैं।

कांग्रेस ने भी उठाया था मुद्दा

देश भर में हुए नीट एग्जाम 2024 में पेपर लीक होने की खबरों पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया था. प्रियंका गांधी ने कहा था कि एक बार फिर से NEET का पेपर लीक होने की खबरें आ रही हैं. देश के 24 लाख युवाओं के भविष्य के साथ फिर से खिलवाड़ हुआ।

संक्षिप्त ख़बरें

अज्ञात करणो के चलते लगी आग दो घर जलकर हुये राख

महमूदाबाद, सीतापुर जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के ब्लाक पहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत व गांव शमशाबाद में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई जिससे दो घरो की खाद्य सामग्री सहित हजारों की समान जलकर राख हो गया है। आपको बताते चलें कि शकील पुत्र सामीन, खलील पुत्र अफरोज, के घर के पीछे से लगी आग में घर के अंदर रखा राशन ,कपड़े व अन्य वस्तुये जल गई।सभी कागजात जैसे बैंक पासबुक, राशन कार्ड तथा गैस पासबुक भी जलकर खाक हो गई तथा 20000 रुपए अपनी बहन की शादी में समान खरीद कर लाने के लिए रखे हुए थे वह भी जल गए तथा एक बकरी और कॉस्मेटिक से सामान भरा ठेला भी जलकर खाक हो गया। आपको बताते चलें घर में एक दिन के खाने के लिए कुछ बचा ही नहीं जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है अब देखना यह है की इस गरीब व असहाय को किस प्रकार की सहायता उच्च अधिकारियों के द्वारा की जाती है।

महुआ टोला के सभासद ने इस्तीफा दिया

शाहाबाद हरदोई। महुआ टोला वार्ड के सभासद शुएब खां ने अपनी बीमारी एवं कार्य व्यस्तता का हवाला देकर अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा सभासद शुएब खां ने डीएम मंगला प्रसाद सिंह को सौंपा है। शुएब ने बताया है कि वह बीमार है और उनका दिल्ली से इलाज चल रहा है। शुएब खां के इस्तीफा देने के बाद महुआ टोला वार्ड में चुनाव होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

ग्राम पंचायत सुअरहा में सरकारी धन पर डाका डाला रहे प्रधान और सचिव के खिलाफ हुई शिकायत

● जिले में मनरेगा भ्रष्टाचार समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है कब यह भ्रष्टाचार की आज बुझेगी बस्ती जिले में कौन करेगा इस पर कार्रवाई शिकायतकर्ता बेहाल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के कुदरहा विकासखंड के ग्राम पंचायत सुअरहा में मनरेगा घोटाला जोरों पर है। रोजगार सेवक को दर किनार करके आनलाइन मस्टर रोल जारी करके बिना कार्य करायें मनचाहा मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाने में ग्राम प्रधान इस्मा देवी जुटी है और कई बार ग्राम पंचायत में फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाकर सरकारी धन को लूटने में सफल भी हुई है। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान समय में पाकड़ डाड़ में गाटा संख्या 136 ताल की सफाई/ खुदाई कार्य का आनलाइन मस्टर रोल जारी है जिसमें एक साइड पर 120 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही है। ग्राम पंचायत सुअरहा निवासी सलाउद्दीन ने खण्ड विकास अधिकारी कुदरहा और आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत किया है और तत्काल आनलाइन जारी मस्टर रोल की साइड पर स्थलीय निरीक्षण करके फर्जी जारी मस्टर रोल को जीरो करने की मांग किया है। ग्राम प्रधान इस्मा देवी और सचिव घनश्याम यादव के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। ग्राम पंचायत सुअरहा में मनरेगा घोटाला करने के लिए ग्राम प्रधान इस्मा देवी और सचिव घनश्याम यादव

द्वारा रोजगार सेवक राम चन्दर को मनरेगा कार्यों से दूर रखा जाता है और ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्यों के बारे में कोई जानकारी नही देते हैं। शिकायत कर्ता सलाहुद्दीन ने मीडिया टीम को बताया कि ग्राम पंचायत में मनरेगा फर्जीवड़ा की शिकायत साक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर एवं खण्ड विकास अधिकारी से किया गया है यदि जारी आनलाइन फर्जी मस्टर रोल की जांच करके मस्टर रोल को जीरों नही किया गया तो ग्राम प्रधान इस्मा देवी और सचिव घनश्याम यादव खिलाफ उच्च अधिकरियों से शिकायत की जायेगी। उच्च अधिकरियों द्वारा मनरेगा फर्जीवाड़ा की निष्पक्ष जांच न होने पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद का दरवजा खट खटायेंगे है।

बिजली मीटर को घर के बाहर ही लगाना होगा

● ऐसे ● ऐसे उपभोक्ताओं की सूची की जा रही तैयार

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग हर कदम उठा रहे हैं। जिन बिजली उपभोक्ताओं के मीटर घरों के अंदर लगे हैं उन्हें घर के बाहर लगाया जाएगा। मथुरा कैंट पर तैनात अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नवादा टेकमैन सिटी में करीब 150 लोगों ने अपने मीटर घरों के अंदर लगा रखे हैं। इससे मीटर रीडरों को परेशानी होती है। सभी मीटरों को घरों के बाहर लगाया जाएगा। इसी तरह दूसरे क्षेत्रों में घरों के अंदर लगे मीटरों को बाहर लगाया जाएगा। नबादा और औरंगाबाद क्षेत्र में आठ चोरी के मामले पकडे गये हैं। विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। गर्मी के समय में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो और पूरी बिजली मिले इसके लिए कई जगह ट्रांसफार्मर के क्षमता में वृद्धि की गई है। पानी की टंकी मोतीकुंज, धौली प्याऊ, चंदन वन मार्केट, बैंक ऑफ बडौदा, भरतपुर गेट पुलिस चौकी आदि क्षेत्रों में 2500 किलोवाट के अतिरिक्ति ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं। हनुमान नगर सौख रोड, संत नगर कॉलोनी, कृष्णापुरी, खटीक मोहल्ला, सदर आदि क्षेत्रों में 100 केवी के अतिरिक्ति लोड के लिए ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं।

वर्जन

लोग विद्युत चोरी न करें। मीटर से लाइट चलाएं, किसी भी तरह की समस्या हो तो 1912 टोल फ्री नम्बर पर शिकायत दर्ज कराएं। अपने बिल समय से जमा करें। नबाद क्षेत्र के उपभोक्ता जिनके मीटर घरों के अंदर लगे हैं, विद्युत विभाग की टीमों के साथ सहयोग करें और मीटरों को घर के बाहर लगवाएं। -आशीष

गंगा के तटवर्ती गावों में फलदार पेड़ों की अंधाधुंध कटान

● वन विभाग के अधिकारी बांध लिए हैं आंख पर पट्टी

हरे भरे पेड़ों की कटान फलदार वन माफिया हुए सक्रिय संबंधित अधिकारी गहरी निद्रा में –

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर, जिगना। वन प्रभाग नगर अंतर्गत स्थित नदिनी नौगांव बीजर कला भैदपुर जोपा तिलई मौआर बबुरा आदि गावों में इमारती लकड़ी के सौदागर पर्यावरण के दुश्मन बन गए हैं। हरे भरे बाग बगीचों को धराशायी कर रहे हैं। आम महुआ शीशम सागौन जैसे फलदार व कीमती पेड़ों की धड़ल्ले से कटान करा रहे हैं। गंगा के तटवर्ती गावों से बाग बगीचों को मरुस्थल में तब्दील करने वाले लकड़ी माफियाओं को वन विभाग के अधिकारियों का संरक्षण मिल रहा है। मनबढ़ सौदागर अब तो इनकी करतूतें उजागर करने वालों को धमकी दे रहे हैं। नदिनी गाँव में आम के



भारी भरकम पेड़ कटवाने वाले लकड़ी माफिया को वहाँ के प्रधान पति का संरक्षण मिला हुआ है। जब मीडियाकर्मियों ने आम के धराशायी पेड़ की वीडियो व फोटो लेना शुरू किया तो वह हमला करने लगा। सूचना पर शुक्रवार को पहुंचे विंध्याचल थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा को प्रधान पति ने यह कहते हुए समझाने का प्रयास किया कि एक बार लकड़ी माफिया को और छूट दे दीजिए। उधर वन विभाग के अधिकारी अपना उल्लू सीधा करने के चक्कर में आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं। यही हाल रहा तो हरे भरे बाग बगीचों को देखने के लिए तरसना पड़ेगा। ऐसी परिस्थितियों में पर्यावरण संरक्षण की बात करना कहाँ तक औचित्यपूर्ण होगा कहा नहीं जा सकता।

विभव ने मेरे पेट में लातें मारी,मुंह पर थप्पड और घूंसे मारे, कपडे खींचे , बोला देख लेगें,निपटा देंगे-स्वाति

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष व आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने घटना के तीन दिन की चुप्पी के बाद उनके आवास पर पहुंची दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम के आगे आखिर चुप्पी तोड़ी और वह फूटपडी। उन्होने मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके पीए विभव कुमार ने गत 13 मई की सुबह 9 बजे की तमाम घटी घटना की जानकारी सिलसिलेवार पुलिस टीम को ढाई पेज की अपनी कंपलेंट को मालीवाल आखिर सौंप दी । अपनी कंपलेंट में स्वाति ने लिखा है कि वह सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने सीएम आवास पर गई थी। वहां उनके पीए विभव कुमार ने सीएम के बीजी होने की बात कह कर बाहर इंतजार करने को कहा। काफी इंतजार के बाद बुलावा नहीं आया तो अंदर बैठक में जाकर बैठ गई। इसी पर विभव कुमार ने मेरे साथ बदसलूकी की। विरोध करने पर वह मेरे मुंह पर लगातार थप्पड मारने लगा। नीचे गिराकर उसने पीरियड के बावजूद मेरे पेट के नीचे लातें मारी। मैने जैसे तैसे उसे अपने पैरों से पीछे धकेला।तो मुझे गंदी-गंदी गालियां देने लगा। मेरे कपडे तक खींचे। उसने यहां तक धमकी भरे लहजे में कहा देख लेगे। निपटा देंगें। मालीवाल ने आगे कहा कि अपने को बचाने के लिए पीसीआर 112 नंबर डायल कर आप बीती को बताया और मैं रोते हुए आवास से बाहर की ओर दौडी। बाहर आकर मैने सिविल लाइन थाने जाने के लिए ऑटो लिया और थाने में मौखिक रूप से जानकारी दी।दिल्ली पुलिस ने स्वाति के बयानों और लिखित कंपलेंट के आधार पर आरोपी विभव कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल धारा-506 (आपराधिक धमकी धारा-509 (अपमान करने के इरादे से अपशब्द कहना, इशारा या कृत्य करना, धारा-323 हमला करना,समेत अन्य धाराओ के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके बाद गुरूवार देर रात एम्स में स्वाति मालीवाल का मेडिकल कराया गया। सूत्रों के मुताबिक फुल बॉडी मेडिकल चेकअप के तहत सीटी स्कैन, एक्सरे, किया गया है।रिपोर्ट में चेहरे और पेट में

अंदरूनी गहरी चोट की जानकारी मिली है। इस बीच विभव कुमार को पकडने के लिए दिल्ली पुलिस की कई टीमें बनाई गई है। जानकारी के मुताबिक विभव कुमार सीएम अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह के साथ ही यूपी, पंजाब समेत महाराष्ट्र के दौरे पर है। जहां अरविंद केजरीवाल के रोड शो और रैलियों है। बहरहाल राष्ट्रीय महिला आयोग ने विभव कुमार को को आयोग के सामने पेश होने का नोटिस भी जारी कर दिया है।

संक्षिप्त ख़बरें

पुलिस टीम द्वारा फ्रऑपरेशन दृष्टिफ्र को तहत लगाए गये कैमरे की मदद से चोर को चोरी किए गए सामान के साथ किया गया गिरफ्तार

बस्ती। बस्ती जिले के थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 217/2024 धारा 380 IPC से संबंधित वांछित अभियुक्त को आज दिनांक 17.05.2024 को समय करीब 7:00 बजे बड़ेबन ओवर ब्रिज के पास सर्विस लेन से गिरफ्तार कर चोरी किए गये समान को बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 217/2024 धारा 380 IPC में धारा 411 IPC की बढ़ोतरी की गयी। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही पूर्ण कर, मा0 न्यायालय बस्ती के समक्ष रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विवरण में सिद्धार्थ पुत्र साज बहादुर शर्मा उर्फ गंगू शर्मा निवासी सिनेमा बाजार थाना दुबौलिया जनपद बस्ती हाल मुकाम चंदू कबड्डी के बगल में बड़ेबन।बरामदगी के विवरण में एक अदद एलइडी टीवी , एक अदद हथोड़ा , एक अदद टिल्लू पंप । गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 217/2024 धारा 380 IPC , मु0अ0सं0 218/2024 धारा 411 IPC , मु0अ0सं0 182/2921 धारा 379, 411, 413 IPC है। गिरफ़्तार करने वाले पुलिस टीम के विवरण में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे थाना कोतवाली जनपद बस्ती, चौकी प्रभारी मड़वानगर जयविंद यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती, हे0का0 भीष्म नारायण सिंह थाना कोतवाली जनपद बस्ती, का0 धीरज कुमार यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

शुक्रवार को उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार को सौंपा

उतरौला(बलरामपुर) पार्क के अन्दर नल के पास जमी काई व पार्क के अंदर व बाहर व्याप्त गंदगी की नियमितरूप से साफ सफाई कराए जाने, फल आढ़त दुकानदार व घरो से निकलने वाला कूड़ा कचरा पार्क के सामने फेंकने को सख्ती के साथ रोकने की मांग की है। आदिल हुसैन ने कहा कि जब उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाती है तब जाकर पार्क की साफ सफाई होती है। राजकीय बालिका कन्या इन्टर कालेज के सामने मुख्य मार्ग पर महात्मा गाँधी का पार्क स्थापित है, पार्क में गन्दगी व्याप्त है। कई महीनी से सफाई नहीं हुई है। पार्क के अन्दर नल के आस पास काई की मोटी परत जमा हुआ है। कई बार नगरपालिका के सफाई इन्चार्ज से सफाई कराने के लिए कहा लेकिन पार्क की सफाई नहीं हुई। फल आढ़त दुकानदार पार्क के सामने सड़ा गला फल फेकते है और पार्क के सामने घरो से कूड़ा फेंका जाता है। भीषण गर्मी के कारण बीमारी फैलने की आशंका है।

ब्लॉक हरैय्या सतघरवा अंतर्गत नंदनगर ग्राम पंचायत के मनरेगा तालाब में खुदाई करती जेसीबी मशीन

हरैय्या सतघरवा/बलरामपुर मनरेगा तालाब में मजदूरों से काम न कराकर जेसीबी मशीन से खुदाई कराई जा रही है, ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा में पंजीकृत मजदूर रोजी-रोटी के तलाश में महानगर की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। मामला ब्लाक हरैय्या सतघरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदनगर का है। शासन की मंशा है कि ग्राम पंचायतों में ही मनरेगा में पंजीकृत मजदूरों का जाबकार्ड बनाकर नियमित रोजगार उपलब्ध कराया जाए लेकिन जिम्मेदारों के मनमानी के चलते मनरेगा मजदूरों को काम नही दिया जा रहा है बल्कि मजदूरों का हक जेसीबी मशीन से जबरन छीन रहे हैं। आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में रोजगार न मिलने के कारण ज्यादातर जाबकार्ड धारक रोजी रोटी के तलाश में बाहर चले गये है। ग्रामीण राजेश, कृपाराम, नानबाबू, मुन्ना, साहेबदीन, भोले सहजराम, बाबूराम, अतवारी, दुलारे आदि लोगों ने बताया कि मनरेगा योजना से ग्राम पंचायत में लाखों रूपये के लागत से तालाब बना था उसी तालाब का पुनः मरम्मत कार्य ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव मिलकर जेसीबी मशीन से करा रहे है जिससे गरीब मजदूरों की हक छीना जा रहा है इस प्रकरण में जब विकासखंड अधिकारी हरैया ने बताया कि मनरेगा के तहत कार्य नहीं हो रहा है लेकिन दूसरी तरफ ग्रामीणों में यह आरोप लगाया कि मनरेगा तालाब में आखिर जेसीबी चेक करने के लिए पहुंची और क्यों कर रही है मनरेगा तालाब में कार्य जो कि अपने आप में है एक बड़ा सवाल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई राह पर भारत की कीर्ति पूरी दुनिया में अन्य देश भारत के नक्शे कदम पर चलना चाहते। अनुप्रिया पटेल

● अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ने का यही मौका है- अनुप्रिया पटेल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती लोकसभा चुनाव की नजदीकियों से बड़े नेताओ की जनसभा तेज़ हो गई है इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक जिले में सबसे अधिक जनसभाएं करायी है। अमृत कुमार वर्मा ने बताया की 23 मई तक लगातार बड़ी बड़ी सभाये होनी है, जिसमे प्रधानमन्त्री रक्षामंत्री मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओ की विशाल जनसभाओ की तैयारिया सुरु हो गई है। शुक्रवार को कप्तानगंज विधानसभा के बेलवरिया जंगल हलुआ में केंद्र सरकार की वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री व अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की विशाल जनसभा हुई। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के मतदाताओं के पास एक अहम मौका है। अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ने का। अपनी किस्मत अपने हाथ रचने का। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को मजबूत करें। अनुप्रिया पटेल शुक्रवार को कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के कस्बा हलुआ स्थित रानीपुर बाबू के मैदान में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई राह पर है। भारत की कीर्ति पूरी दुनिया में है। अन्य देश भारत के नक्शे कदम पर चलना चाहते हैं। देश में ऐसी सरकार है जो किसी देश की युद्ध भूमि से भारत के नागरिक को सुरक्षित ले आती है। इसलिए वोट डालने जाएंगे तो अपने दिल पर हाथ रखकर बीते 10 साल व 70 साल की तुलना कर लेना। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में जब से एनडीए की सरकार आई है तब से कोई भी गांव व घर ऐसा नहीं जहां केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी न हों। हमारी सरकार ने गरीबों को पक्का घर, इज्जत घर, निःशुल्क खाद्यान्न, रसोई गैस सिलेंडर, किसानों को सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं से लाभान्वित कर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। अगले पांच सालों में हमारा देश विश्व के तीन विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा पार्टी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में पार्टी के निशान कमल को कप प्लेट मान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहाँ की कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के कारण ही आज पूरे विश्वक में भारत को सम्मा न मिला है। उनके दृष्टिकोण से देश को आज ये मुकाम हासिल हुआ है। हम बस्ती की लोकसभा सीट जीतेंगे और पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। इन चुनावों में सबसे बड़ा मुददा विकास है जो केंद्र की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 साल के कार्यकाल में और प्रदेश की 7 साल से ज्यादा की सरकार ने देशहित में किया है। यही कारण है कि आज मोदी की गारंटी के साथ जनता की गारंटी है।

श्रावस्ती लोक सभा चुनाव में एक विरासत तो दूसरा व्यापार की नाव पर बैठ करंगे क्या विजयरथ की सवारी

● श्रावस्ती की जनता को बाहरी प्रत्याशियों द्वारा ठगने का है पुराना इतिहास

1952 से लेकर 2019 तक के चुनाव में यहाँ की जनता ने बाहरी पर विश्वास कर खाया धोका

लोक सभा श्रावस्ती के विकास को लेकर है सभी प्रत्याशियों के बड़े बड़े दावे क्या साबित होंगे जुमला य मिले गी य अति पिछड़ा जिला से मुक्ति

स्वतंत्र प्रभात

मसऊद अनवार

बलरामपुर लोकतंत्र के महापर्व पर जहां एक तरफ लोकसभा चुनाव 2024 में महारथियों की लंबी कतार देखी जा रही है और हर पार्टी के उम्मीदवार क्षेत्र की जनता को लुभाने में लगे हुए हैं कोई आटा डाटा फ्री कर रहा है तो कोई ननिहाल की विरासत की बात करता है और वर्तमान सरकार के एजेंडे बता कर विकास की लंबी गाथा सुना वोटरों को अपने पक्ष में करने की जुगत में लगा हुआ तो कोई डर दिखा रहा कि संविधान बीजेपी जीती तो समाप्त हो जाएगा तो कोई बसपा का गुणगान कर वंचित शोषित समाज के उत्थान के मसीहा बता वोटरों को लुभाने की क़ायद करता दिखाई दे रहा यहां कहानी यही है कि शिकारी कई है और शिकार क्षेत्रीय भोली भाली जनता होगी अब देखना है कि किस शिकारी के जाल में शिकार फंसता है लोमड़ी के नीति पर लगातार वोटरों को लुभाने की जुगत यहां चारो तरफ हो रही और हर पार्टी समर्थक अपने नेता और पार्टी का गुणगान कर रहा है वही हाल अन्य पार्टी और निर्दल उम्मीदवारों का है ।अब देखना यह होगा कि जनपद श्रावस्ती, बलरामपुर में लोकसभा चुनाव 2024 के चुनावी पारा अपने चरम पर है और इसी क्रम में हर पार्टी के उम्मीदारो के समर्थन में जनसभाओं का आयोजन जगह जगह किया जा रहा है जंहा दिग्गज नेताओं की उपस्थित के साथ एक दूसरे पर पलटवार का सिलसिला जारी है ।

बात की जाय श्रावस्ती लोकसभा के इतिहास की तो बलरामपुर का जो इतिहास रहा है वह यही बताता है कि आज से नहीं आदि से ही यहां के भोली भाली जनता को ठगा गया और उनके वोटो से चुनाव तो जीत लिया गया लेकिन क्षेत्रीय मुद्दों पर विकास नही किया गया है सिर्फ अपना विकास ही यहां के नेताओ ने किया जिसका एक इतिहास रहा है यहां पर जनता ने कभी अपने स्थानीय नेताओं को महत्व न देकर बाहरी नेताओ के सर पगड़ी पहनाई और उनका झोला टांगने और दरी बिछाने का काम कर सन्तुष्ट रही है कभी उनको अपने वोट के महत्व को नही जाना । देश के आजादी के बाद से अब तक जिसको जिताया गया उसने इस क्षेत्र को कोई महत्व नही दिया ।इसी क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ,नाना साहब देशमुख जैसे अनमोल रत्न दिए है लेकिन जीत के बाद लोगो ने उनकी शक्ल तक नही देखा जिसका कारण यह रहा के इस क्षेत्र का विकास आज तक नही

हुआ जितना होना चाहिए जिसके दंश आज भी हम झेल रहे और आज भी सबसे पिछड़ा जिला के कलंक को झेल रहे है । क्योकि हमने हमेशा बाहरी को तरजीह दी और उनको जीत दिला कर लोकसभा तक पहुँचाया । अब बात करते हैं लोक सभा चुनाव में बाहरी प्रतयाशी की जो बाहर से आकर क्षेत्र की जनता को लोक लुभावन वादे कर रंगीन सपने दिखा कर जीत जाते है और फिर दुबारा शक्ल तक नही दिखाते चाहे कोई मुसीबत आये य कोई दैविक आपदा य महामारी साहब के परछाई तक नही दिखते इस क्षेत्र की जनता को उनकी हाल पर ही छोड़ दिया जाता यही हाल करोना महामारी और बाढ़ की आपदा में देखने को मिला जंहा लोगों को कयामत जैसा दिन भी देखे है ।लेकिन आज भी बलरामपुर की जनता अपने भाग्य बाहरी प्रत्याशियों के हाथों में सौप का मस्त है।

इस लोकसभा का इतिहास यह है कि 14वी लोक सभा चुनाव तक 10 बाहरी लोगों ने यहां से चुनाव जीते ।इतिहास पर नजर डाले तो यह पर हमेशा बाहरी का दबदबा रहा है । 1952 में यहां से हैदर हुसैन,1957 में पंडित अटल बिहारी,1962 में सुभद्रा जोशी,1984 में दीप नारायण वन,1989 में फजलुर्हमान उर्फ मुन्नन खान ,1991 से दो बार सत्यदेव सिंह यहां संसद रहे है।जिनको पराजित रिजवान जहीर ने किया।2004 में गोंडा के बृज भूषण सिंह यहां से सांसद चुने गए।यही हाल 2009 का रहा कॉग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार पांडे यहां संसद चुने गए इसके बाद 2014 में दद्दन मिश्र फिर 2019 में निवर्तमान सन्सद राम शिरोमणि वर्मा को यहां की जनता ने जीता सन्सद बनाया जिसमे सभी बाहरी रहे।वही क्रम आज भी पटल पर मौजूद है जंहा बाहरी प्रत्याशी बनाया स्थानीय की का मुद्दा भी मौजूद है।

प्रत्याशियों में जंहा एक भाजपा प्रत्याशी है जिनके पिता नृपेंद्र मिश्रा ने अपने पुत्र साकेत मिश्र को भाजाप से उतारा है नृपेंद्र मिश्र का सम्बन्ध जब मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे यह उनके सचिव और राम मंदिर कारसेवकों पर गोलियां भी उन्हीं के आदेशों से चली थी और आज भाजाप सरकार में उनके नाम के आगे राम मंदिर कमेटी में मुख्य भूमिका अदा करने की बात आ रही है बताया जा रहा कि समति के अध्यक्ष पद उनको मिला है ।और इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य सचिव भी है की बात सामने आ रही। ऊंची पहुंच के चलते उनके बेटे सकेत मिश्रा को श्रावस्ती 258 से लोकसभा का टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा गया है और उनके जिताने को लेकर पार्टी ने एड़ी तक का जोर लगा रखा है लेकिन कही न कही पार्टी कार्यकर्ताओं में मतभेद भी सामने आ रहा । वहीं दूसरे प्रत्याशी जो कि



पहले बहुजन समाज पार्टी के सांसद रहे जो पेशे से एक बड़े व्यापारी है और उनकी कई फैक्ट्रियां चल रही जब उनको बसपा ने पार्टी से निष्कासित किया उसके बाद उन्हों ने व्यापारिक बुद्धि का प्रयोग कर सपा में घुसपैठ कर अपने व्यापारिक हथकंडे द्वारा साम दाम दण्ड भेद का प्रयोग कर टिकट हासिल किया हाला की उनका नाम हमेशा विवादों में रहा इससे पूर्व भी टिकट को लेकर कटने और मिलने की बात हुई और वही इस बार भी हुआ कटा फिर मिला ।जब कि कांग्रेस और सपा के साथ अन्य कई पार्टी के एलाइंस में आज इंडिया गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ा जा रहा।जबकिं हाल यह है कि जीत के बाद उनका शक्ल लोगों ने नहीं देखा कहीं सोशल मीडिया पर कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ कहता है की बात सामने आ रही थी जबकि अब सांसद राम शिरोमणि वर्मा यही कहते हैं कि हम क्षेत्रीय प्रत्याशी हैं और हमने अकबर को छोड़कर श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटरा में मकान बना लिया है और हम यहां के निवासी हो गए हैं। इसके साथ ही विश्वास का आलम यह कि कोई प्रधान भी अगर किसी अन्य पार्टी की सदस्यता ले और पता चले तो महोदय तत्काल उससे सम्पर्क साध कहते ऐसे क्यो किया। इसके साथ बात की जाय अगर क्षेत्रीय बिकास की तो एक लंबी श्रृंखला है यहां से जीतने के बाद कोई क्षेत्र का विकास नही कर सिर्फ अपना विकास करेगा की बात सामने आजादी के बाद से अब तक आने का इतिहास रहा है। लोक सभा क्षेत्र का कितना विकास किस संसद ने किया है वह आपके सामने है। साक्षरता पर कितना कार्य हुआ है कितना स्वास्थ्य पर हुआ है और कितने अन्य विकास के कार्य हुए हैं आकलन के बाद सच सामने होगा।कितनो को रोजगार दिया गया है। अब सवाल यह उठता है कि क्या इस बार भी लोकसभा चुनाव में बाहरी और क्षेत्रीय प्रत्याशी का मुद्दा की असर दिखे गी या नहीं क्या इसी तरह जनता लुटती रहेगी और समय निकल जाने के बाद अफसोस करेगी या जनता मतदान को लेकर दृढ़ संकल्प के साथ फैसला करेगी कि हमें किसको वोट करना है । चुनावी मैदान में बाहरी होंगे य स्थानीय । क्या ऐसे को जिसका दर्शन तक 5 वर्षी में नही हुआ य ऐसे को जिनके पास पहुचना टेढ़ी खीर होगी। जबकि क्षेत्र का लोकसभा के तीसरी प्रत्याशी यहां पर लोकसभा श्रावस्ती के मोइनुद्दीन खान बसपा से मैदान में है जो स्थानीय प्रत्याशी हैं के दावे करते है और सभी के यही दावे की चुनाव हम जीत रहे हैं वोट हमे करे। अब देखना यह होगा कि चुनावी दंगल में किसको विजय प्राप्त होती है और किसको जनता अपना आशीर्वाद देती है।

बढ़नी में बिना परमिट के आम के पेड़ काटने के मामले में तीन दिन बीतने के बाद भी नही हुई कोई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के कप्तानगंज रेंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बढ़नी में बुधवार को सुबह आम से लदे हरे आम के पेड़ की कटान बिना परमिट की हुई थी। हरे आम के पेड़ कटने की सूचना पर कप्तानगंज वन की टीम पहुंची थी और थोड़ी देर बाद वन रक्षक प्रभारी/ उड़ाका दल की टीम भी पहुंची थी। वन सुरक्षा प्रभारी/ उड़ाका दल की टीम ने जांच किया था जांच के बाद वन माफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आवश्वसन दिया था । मौके पर मीडिया टीम भी मौजूद थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बढ़नी में बिना परमिट के आम से लदे हरे पेड़ की कटान वन माफिया द्वारा कराया गया था। वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज एवं वन सुरक्षा प्रभारी/ उड़ाका दल की टीम की मिलीभगत से तीन दिन बीतने के बाद भी वन माफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही हो पाया है । वन माफिया से लेन - देन करके वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज एवं वन सुरक्षा प्रभारी / उड़ाका दल की टीम ने मामले को रफा - दफा कर दिया है। वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज के कारनामों की चर्चा में तेज हो गई है। वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज अपनी जेब गर्म करके सरकारी खजाने को चूना लगाने से नही चूक रहे हैं जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है। इस सम्बंध में डीएफओं ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था मीडिया टीम के माध्यम से संज्ञान में आया है जांच कराकर जल्द ही उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

बस्ती मेंबसपासुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा जीआईसी में तैयारियां तेज़

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में लोकसभा चुनाव छठें चरण में 25 में को होना है। इसे लेकर अब सियासी मौसम का भी पारा चढ़ने लगा है। 18 मई दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जनसभा होने जा रही है। जनसभा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में जर्मन हैंगर तैयार किया जा रहा है। रैली की तैयारी अंतिम चरण में है।

मंडल स्तरीय रैली की तैयारी में जुटे बसपाई

बहुजन समाज पार्टी के बस्ती के जिला अध्यक्ष जय हिंद गौतम ने बताया कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो बहन मायावती शनिवार को बस्ती आ रही हैं। बसपा की रैली को सफल बनाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता जीजान से जुटा हुआ है। रैली मंडल स्तरीय प्रस्तावित है, लेकिन बस्ती लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा। रैली में लोगों को आने के लिए प्रेरित करने के लिए बसपा कार्यकर्ता गांव कस्बों में घूम रहे हैं।

बस्ती में बसपा ने नामांकन के अंतिम दिन बदल दिया था उम्मीदवार

बहुजन समाज पार्टी बस्ती में इन दिनों चर्चा में है। वह इसलिए कि बसपा सुप्रीमो ने नामांकन के आखिरी दिन अपना उम्मीदवार बदल दिया था। पूर्व में बसपा ने भाजपा से बागी होकर आए पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर

मिश्र को उम्मीदवार घोषित किया था। वह नामांकन कर चुनाव प्रचार करने में जुट भी गए थे। लेकिन, इसी दौरान नामांकन के आखिरी दिन उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक स्वर्गीय जितेंद्र कुमार चौधरी उर्फ नंदू चौधरी के पुत्र लवकुश पटेल को बस्ती लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया गया।

बरहपुर मनरेगा भ्रष्टाचार मामले में प्रधान, रोजगार सेवक, सचिव और जे ई को बीडीओ ने जारी किया नोटिस

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले केहरैया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहपुर में फर्जी आनलाइन मस्टर रोल जारी करके मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन को लूटने का प्रयास ग्राम प्रधान कान्ती देवी, रोजगार सेवक कुसुमलता, सचिव राम जस वर्मा और तकनीकी सहायक (जे ई) रघुनाथ पटेल द्वारा किया जा रहा था और सभी के द्वारा मनरेगा मजदूरों के हकों पर डाका डाला जा रहा था। खण्ड विकास अधिकारी सुशील कुमार पाण्डेय ने मनरेगा भ्रष्टाचार मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक , सचिव और तकनीकी सहायक (जे ई) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 07 कार्य दिवस के अन्दर सभी से ग्राम पंचायत बरहपुर में चल रहे फर्जी आनलाइन मस्टर रोल पर फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाने के सम्बंध में जबाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक ग्राम पंचायत बरहपुर में विकास के नाम पर मनरेगा योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। रोजगार सेवक कुसुमलता द्वारा तालाब खुदाई / सफाई कार्य का आनलाइन मस्टर रोल जारी करके बिना कार्य करायें फर्जी 170 मनरेगा मजदूरों की दो साइडों पर हाजिरी लगाई जा रही थी । दो साइडों पर तालाब खुदाई / सफाई के नाम पर सरकारी धन पर डाका डाल रहे ग्राम प्रधान कान्ती देवी का कारनामा सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है और अनेक सम्मानित समाचार पत्रों में खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी । खण्ड विकास अधिकारी सुशील कुमार पाण्डेय ने सोशल मीडिया/ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए दो साइडों पर चल रहे आनलाइन मस्टर रोल कार्य का धरातलीय निरीक्षण सहायक विकास अधिकारी (एडीओं पंचायत) सुशील कुमार श्रीवास्तव से दिनांक 10 -05 -2024 को कराया जिसमें दो साइडों पर कोई मनरेगा मजदूर कार्य करते नही मिले अर्थात् सोशल मीडिया/ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर सत्य मिला। इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी सुशील कुमार पाण्डेय ने मीडिया टीम को बताया

कि ग्राम पंचायत बरहपुर में चल रहा मनरेगा भ्रष्टाचार का मामला संज्ञान में है। ग्राम प्रधान कान्ती देवी, रोजगार सेवक कुसुमलता, सचिव राम जस तकनीकी सहायक (जे ई) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 07 दिनों के अन्दर सभी से जबाव मांगा गया है सन्तोष जनक जबाव न मिलने पर सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी ताकि भविष्य में ऐसी घटना की प्रवृत्ति किसी दूसरे ग्राम पंचायत में न हो । क्योंकि किसी भी ग्राम पंचायत में कोई भी कार्य शासनादेश के खिलाफ नही होगा जो भी कार्य होगा वह सरकारी शासनादेश के अनुसार ही होगा।

अधिकारियों द्वारा पक रहे ईटों पर पानी डाल देने का मामला के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। हर्रैया तहसील क्षेत्र के बनगवा खास स्थित ईट भट्टे पर बिना कोई सूचना दिये अधिकारियों द्वारा पक रहे ईटों पर पानी डाल देने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में भट्ठे के मालिक एवं अपना दल एस के हर्रैया विधानसभाध्यक्ष चिन्ताराम वर्मा जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र सौंपा। मांग किया कि मामले की जांच कराकर ईट भट्ठा को चलाये जाने की अनुमति दिया जाय।डीएम को सम्बोधित पत्र में चिन्ताराम वर्मा ने कहा है कि 15 मई बुधवार को उनके बनगवा खास स्थित ईट भट्टे पर प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह, खनन विभाग के अधिकारी प्रशान्त यादव, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, हल्का लेखपाल दुर्गेश द्विवेदी परशुरामपुर थाने की पुलिस के साथ पहुंचे और पक रहे ईटों पर पानी डालने लगे। भट्टे पर मौजूद मुंशी ने जब कहा कि आप लोग बिना किसी सूचना या नोटिस के ऐसा नहीं कर सकते तो अधिकारियों, कर्मचारियों ने गालियां देते हुये उनके कार्यालय को भी सीज कर दिया। पत्र में कहा गया है कि उनके कार्यालय में दो लाख रूपया नकद एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुये थे जिसको गायब कर दिये जाने की आशंका है। जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र देते समय अपना दल एस के राम नयन पटेल, राजमणि पटेल, शिवकुमार चौधरी, प्रदीप पटेल 'राना' निसार अहमद,

रमेश चन्द्र गिरी, राजेश चौधरी, बलराम चौधरी, रमेश चन्द्र भारती, सुखराम पटेल, सुनील पटेल, विजय पटेल, शिवेन्द्र चौधरी, संजय चौधरी, रामजीत पटेल, विजय कुमार वर्मा, पवन वर्मा, सन्तराम पटेल, निपुल सिंह, घनश्याम लाल, शिवपूजन के साथ ही अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रेहरा बाजार इटावा के बनघुसरा के चुनावी सभा

स्वतंत्र प्रभात

उतरौला(बलरामपुर।) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रेहरा बाजार इटावा के बनघुसरा के चुनावी सभा में विपक्षी दलों पर जमकर प्रहार किया। गोंडा से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के पक्ष में आयोजित जनसभा को योगी आदित्यनाथ ने संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण के औचित्य पर सपा व कांग्रेस की ओर से लगातार आ रहे बयान पर दोनों दलों को निराशा में डूबा बताया। मुख्यमंत्री ने गोंडा लोकसभा के रेहरा बाजार के इटवा में सपा और कांग्रेस के नेताओं पर तंज करते हुए कहा कि उन्होंने तो चार चरण के चुनाव में ही हार मान ली है ।और अब हताश और निराश होकर भगवान श्री राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। कोई राम मंदिर निर्माण के औचित्य पर सवाल उठता है। तो कोई मंदिर से जनता के लाभ की बात करता है। बात-बात पर राम मंदिर को लेकर भाजपा से सवाल करने वाले लोगों को राम मंदिर इसलिए खराब लगा कि क्योंकि या वही लोग हैं जो आतंकियों की

पैरवी करते रहे हैं। विपक्षी दलों पर आतंकियों की पैरवी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष ने श्री राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए होते तो वाराणसी के संकट मोचन मंदिर और कचहरी पर आतंकी हमले नहीं होते। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार चरणों में लोकसभा का आधार चुनाव संपन्न हो चुका है।

चुनाव प्रचार के क्रम में देश के नौ राज्यों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। हर जगह एक ही स्वर गूंज रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार। जनता कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, हम उनको लाएंगे।जिन्होंने राम राज्य की परिकल्पना को साकार किया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह विधायक राम प्रताप वर्मा गौरा विधायक प्रभात वर्मा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ सहसंयोजक अनूप गुप्ता,नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सविता गुप्ता, लक्ष्मी रतन गुप्ता,ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान, राकेश तिवारी, विधायक विनय द्विवेदी। , विधायक प्रतीक भूषण सिंह। , रमेश चंद्र त्रिपाठी, सत्रुहन मिश्र, रमेश चंद्र चौहान , यूं पी सिंह,राम बहोर वर्मा, प्रमोद तिवारी,सानू सिंह,मोनू सिंह ,राम करन मिश्र व डिप्टी सिंह व अनिल सिंह कल्प नाथ दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शांतिपूर्ण मतदान कराए जाने को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

स्वतंत्र प्रभात

पैलानी/बांदा। भय मुक्त तथा शांत पूर्ण मतदान कराए जाने को लेकर भारत तिब्बत सीमा पुलिस के दो प्लाटून जवानों ने आज खप्टिहा कलां, पैलानी, अलोना, तथा पिपरहरी गांव में फ्लैग मार्च किया आईटीबी इंस्पेक्टर जेडी खुशाल सिंह पिथौरागढ़ व चौकी इंचार्ज खपटिहा कलां राजेश मिश्रा नेतृत्व में यह टीम खप्टिहा कलां कस्बे सहित क्षेत्रीय गांव में गली-गली जाकर लोगों को जागरुक करते हुए भय मुक्त होकर बिना किसी दबाव के आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करें जाने के लिए प्रेरित किया।

संक्षिप्त ख़बरें

पति द्वारा मार पीट कर धक्का दिये जाने से पत्नी की मृत्यु

14 वर्ष पहले हुआ था दोनों का विवाह, हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु

कानपुर। नौबस्ता थाना क्षेत्र के हंसपुरम आवास विकास कालोनी में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को से मारपीट कर धक्का दिये जाने के कारण आज हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि आज थाना नौबस्ता पर शिवकुमार शर्मा निवासी हरवंश मुहाल कानपुर नगर द्वारा सूचना दी गई कि उन्होंने अपनी पुत्री सपना तिवारी का विवाह राहुल तिवारी निवासी आवास-विकास कालोनी हंसपुरम नौबस्ता से 14 वर्ष पूर्व की थी। उसमें मृतका के पिता ने बताया कि आज रात्रि में राहुल तिवारी ने मेरी पुत्री से मारपीट की और छत से धक्का दे दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए उसे हैलट अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। शिवकुमार शर्मा की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है मृतिका के शव का पंचायत नामा भरके पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। लाइन आर्डर की कोई समस्या नहीं है।

मुख्य आरक्षी के पुत्र ने सिविल सेवा परीक्षा में 296 वीं रैंक प्राप्त की

296 वीं रैंक प्राप्त कर परिवार एवं उत्तर प्रदेश पुलिस को किया गौरवान्वित पुलिस आयुक्त ने दी बधाई

कानपुर। सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर कमिश्नरेट कानपुर नगर कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी संजय दुबे के होनहार बेटे विशाल दुबे द्वारा सिविल सेवा परीक्षा में 296वीं रैंक प्राप्त किये जाने पर आज विशाल दुबे अपने पिता के साथ पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से कार्यालय में मिले। पुलिस आयुक्त द्वारा विशाल दुबे तथा उनके पिता मुख्य आरक्षी संजय दुबे का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि आपकी सफलता ने आपके परिवार के साथ ही कमिश्नरेट कानपुर पुलिस एवं उत्तर प्रदेश पुलिस को गौरवांवित किया है, हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

डी0ए0वी0 कॉलेज में मनाई गई शोक सभा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आज दिनांक 17.05.2024 को डी0ए0वी0 पीजी कॉलेज लखनऊ में लखनऊ नगर की धरोहर प्रसिद्ध व्यवसायी एवं अंबालिका इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के संस्थापक एवं अध्यक्ष तथा कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्र के पूज्जनीय ससुर बी.सी. मिश्र जी के स्वर्गवास की दुःख की घड़ी में शोक सभा का आयोजन पंडित भ्रगुदत्त तिवारी प्रेक्षागृह में किया गया। डी0ए0वी0 महाविद्यालय के प्रबंधक मनमोहन तिवारी ने स्व0 बी0सी0 मिश्र को याद करते हुए बताया कि बी0सी0 मिश्र डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज के विद्यार्थी रहे थे कालांतर में उन्होंने अपनी माता जी के नाम पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एक भवन बनवाया तथा प्रबंध तंत्र की अनुमति पश्चात विद्यार्थियों के लिए एक भवन का कार्य पूर्ण कराया। स्व0 बृजेश चंद्र मिश्र को विद्यालय परिवार ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले व्यक्तियों में महाविद्यालय के अध्यक्ष डा0 सत्यकाम आर्य, पूर्व प्राचार्य डॉ0 के0के0 पाण्डेय, महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य प्रो0 राजीव कुमार त्रिपाठी एवं उपप्राचार्य प्रो0 संजय तिवारी तथा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय मिश्रा एवं नरेंद्र वर्मा जी उपस्थित थे।

सदरपुर क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितयों में लटकता मिला युवक का शव

महमूदाबाद-सीतापुर सदरपुर थाना क्षेत्र में गांव से बाहर यूकेलिप्टस के पेंड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव रस्सी के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही शुरू की। सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर के विनय गौतम (22) पुत्र राजेंद्र गौतम का शव गांव के पश्चिम लगे यूकेलिप्टस के पेंड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों के साथ परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही शुरू की। परिजनों के मुताबिक एक साल पूर्व विनय की शादी हुई थी किंतु पति-पत्नी में अनबन चल रही थी। वाद-विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई थी, जिसे विनय लेने भी गया था, किंतु वह वापस नहीं आई थी। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मौके पर पहुंची पुलिस टीम आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

तेलीबाग व्यापार मण्डल ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान,अनिवार्य मतदान की दिलायी शपथ

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ- दो टूक - अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ईकाइ तेलीबाग बाजार के सैकड़ो पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने अध्यक्ष पतंजलि जी के नेतृत्व मे शुक्रवार को फैज कम्प्यूटर संस्थान मे छात्र छात्राओं को मतदान जागरूकता के तहत अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाकर लोकतंत्र मजबूत करने का कार्य किया गया।

विस्तार - शुक्रवार को फैज कम्प्यूटर संस्थान मे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ईकाइ तेलीबाग बाजार के व्यापारियों ने मतदान जागरूकता अभियान के तहत के छात्र छात्राओं को लोकतंत्र पर्व को बताते हुए मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। तेलीबाग ब्यापार मण्डल के अध्यक्ष पतंजलि ने बताया कि लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना पड़ेगा वातावरण बनाने से लेकर सभी को जागरूक करने का काम व्यापारी समाज लगातार करता आ रहा है और इस लोकतंत्र के पर्व में एक बार फिर व्यापारी को अपनी इस महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं फैज कम्प्यूटर संस्थान के संचालक मुसर्रत नईम ने कहा कि शिक्षा का अधिकार की मताधिकार भी आप सभी का कर्तव्य भी है। आप लोग अपने माता पिता एवं आस पास के लोगों को मतदान करने के प्रेरित करे ।

वहीं छात्रो को संबोधित करते वरिष्ठ पत्रकार डी0एस0 शास्त्री ने कहा कि युवा मतदान देश के भविष्य है आप से हम सब को बड़ी उम्मीदे है इसी उम्मीद के तहत मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत आप सभी अपील है कि मताधिकार के प्रति स्वयं जागरूक हो और औरो को भी जागरूक करते हुए अपने वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक पहुचा कर देशहित मे अपना योगदान करे। अखिल भारती उद्योग ब्यापार मण्डल ईकाइ तेलीबाग बाजार के महामंत्री नितिन गुप्ता ने बताया कि पिछले दो चरणों में मत का प्रतिशत कम हुआ है लेकिन व्यापारी समाज मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष जागरुकता अभियान चलाकर मतदान की अपील कर रहा है। पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन के साथ सभी को धन्यवाद दिया। आज के इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना, बंगला बाजार प्रभारी सनत गुप्ता, तेलीबाग बाजार वरिष्ठ महामंत्री मुसर्रत नईम,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शब्बीर अहमद ,सचिव आदित्य राठौर,राजकिशोर, पंकज चावला,विजय अग्रवाल ,नीरज सिंह ,अजीत गुप्ता, के के मिश्रा,सहित तमाम व्यापारी साथियों के जिला महामंत्री सनत गुप्ता के नेतृत्व मे बंगला बाजार मे वृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

सेंट जेवियर्स ने दिखाया भारत क्यों है योग गुरु

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां सीतापुर सेक्रेट हार्ट इंटर कॉलेज में आयोजित जिला योगासन खेल प्रतियोगिता 2024 में बिसवां स्थित सेंट जेवियर स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। विद्यालय के नवीं कक्षा के छात्र वीर रस्तोगी ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर न सिर्फ विद्यालय का नाम रोशन किया बल्कि बिसवां वासियों को भी गर्व की अनुभूति कराई ।आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय ने एक स्वर्ण तीन रजत तथा तीन कांस्य पदक जीतकर अपनी योग क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन किया तथा अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ मंजू सिंह सिकरवार तथा योग शिक्षक आर्यमन को दिया वीर रस्तोगी गोल्ड मेडल ,आलोक कुमार सिल्वर मेडल, आदर्श वर्मा सिल्वर मेडल, अमन अंसारी सिल्वर मेडल, अंशुल वर्मा ब्रॉन्ज मेडल, सिद्धार्थ मौर्य ब्रॉन्ज मेडल, अंशुल वर्मा ब्रॉन्ज मेडल।

भाजपा विधायक प्रभाष कुमार ने जताया मतदाताओं का आभार

स्वतंत्र प्रभात

सुरसा (हरदोई)। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा सांण्डी के विधायक प्रभाष कुमार ने जनपद में लोकसभा के चौथे चरण के मतदान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सदर लोकसभा क्षेत्र सहित मिश्रिख लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में जिस प्रकार से जनता जनार्दन ने आगे बढ़कर मतदान में भाग लिया है, उसके चलते मतदान लगभग 57.52 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। मतदाताओं के इस उत्साह से यह साबित हो गया है कि देश की जनता श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मतदान किया है। इसके लिए मैं सभी मतदाताओं का हार्दिक अभिनंदन करता हूं, उन्हें बधाई देता हूं। विधायक प्रभाष कुमार ने कहा कि आज इस लोकतंत्र के महापर्व में हरदोई जनपद के नागरिकों, हमारे मतदाता भाई-बहनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारी माता-बहनों, युवाओं और 18-19 वर्ष के नव मतदाताओं ने भी मतदान में बढ़चढ़कर भाग लिया है। जिसमें सांण्डी, सुरसा, अहिरोरी और मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित मतदान के लिए मैं सभी मतदाताओं, जनपद के नागरिकों को बधाई और धन्यवाद देता हूं। इसके साथ ही प्रदेश के प्रशासन और चुनाव आयोग को भी धन्यवाद देता हूं। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी अभिनंदन करता हूं, जिन्हें एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश-प्रदेश की जनता ने बढ़चढ कर मतदान किया है। जनता का एक वोट देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य करता है। एक वोट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अधिकतम मतदान के लिए कार्य किया है, उनको भी मैं धन्यवाद देता हूं।

नन्हे मुन्ने बच्चों की मस्ती के साथ शुरू हुआ समर कैंप

● - एक साल से प्रतिदिन लोग हो रहे हैं घायल, चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि भी निकले हैं इस मार्ग से।

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में शुरू हुई तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण फीता काटकर वह द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर बच्चों ने मस्ती के साथ स्वास्थ्य व ज्ञानवर्धक जानकारियों को भी जाना। समर कैंप की शुरुआत नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने समर कैंप के दौरान खूब मस्ती की। बच्चे सेब आम, बटरफ्लाई, आईसक्रीम, तथा अन्य फल व सब्जियों के रूप में मनमोहक प्रदर्शन किया। बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार आभूषण बनाए गए। विद्यालय के व्यवस्थापक अखिलेश सिंह ने बताया कि साल भर की पढ़ाई के बाद बच्चों को अन्य गतिविधियों से जोड़ने के लिए समर कैंप का आयोजन हर साल विद्यालय में किया जाता है जिससे बच्चों का मानसिक विकास हो सके।

समर कैंप के प्रथम दिन नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा गुब्बारे फुलाओ प्रतियोगिता ,गेंद फेंको प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने बड़े आनंद के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों को खेल जगत से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बच्चों को प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी , भूमिका सिंह ने बच्चों को बताया कि खेल के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका विनीता त्रिवेदी ,कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह , नीलम राठौर ,सोनम शुक्ला ,सोनी शुक्ला, कोमल यादव ,पूजा चंदेल ,पूजा चौहान ,शिवानी यादव, प्रियंका गुप्ता ,शिवांगी गुप्ता, नीलम देवी ,मनसा बाजपेई ,,प्रज्ञा तिवारी तथा शिक्षक संजय गुप्ता ,देवेश प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।

जनपद में मनाया गया हाइपरटेंशन

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई, जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शुक्रवार को विश्व हाइपरटेंशन दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर आए लोगों की रक्तचाप की जांच की गई और इससे बचाव और नियंत्रण के उपाय बताए गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया कि वर्तमान में भागदौड़ की जिंदगी और खराब जीवन शैली के कारण लोग हाइपरटेंशन का शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही शराब और धूम्रपान का सेवन भी सोने पे सुहागा का काम करता है। हार्ट अटैक आने का मुख्य कारण हाइपरटेंशन है। हाइपरटेंशन में रक्त वाहिनियों में रक्त का दबाव बढ़ा हुआ होता है। दबाव जितना अधिक होगा हृदय को उतनी अधिक क्षमता से पंप करना पड़ेगा। इससे बचाव बहुत जरूरी है क्योंकि हाइपरटेंशन अन्य बीमारियों का भी कारण बनता है। हाइपरटेंशन के लक्षणों को बतात हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सिर दर्द, सांस फूलना, थकान, उल्टियाँ, भ्रम, पसीना आना, छाती में दर्द आदि हाईपरटेन्शन के लक्षण हैं। इण लक्षणों को पहचाने और जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। बिना चिकित्सक की सलाह के कोई दवा न लें यह घातक साबित हो सकता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। एल्कोहॉल और शराब से दूरी बनाएं। नियमित व्यायाम करें। पैदल चलें , साइकिल चलाएं, व्यायाम करें और ध्यान लगाएं। संतुलित और पौष्टिक भोजन करें। तला-भुना और कम से कम नमक का सेवन करें। सोने और जागने का समय नियमित करें। इसके साथ ही समय समय पर रक्तचाप की जांच कराएं और चिकित्सक द्वारा दी गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। अनावश्यक तनाव न लें।

गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ गई बिजली की किल्लत

● - दिन में हो रही है अघोषित कटौती

स्वतंत्र प्रभात

शाहाबाद हरदोई । गर्मी का तापमान बढ़ने के साथ-साथ बिजली की किल्लत भी बढ़ने लगी है जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से बिजली की किल्लत बढ़ी है। तीन दिन पूर्व तक बिजली ठीक-ठाक आ रही थी लेकिन तीन दिन से दिन के वक्त बिजली की कटौती अघोषित रूप से की जाने लगी है। एक-एक, दो-दो घंटे की बिजली कटौती उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनती जा रही है। मंगलवार से गर्मी ने अपना भयंकर रूप धारण किया है। भीषण गर्मी और तेज उमस के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल है, ऐसे में बिजली की कटौती लोगों के लिए सिर दर्द बन गई है। दिन के वक्त दो-दो घंटे के लिए बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। कटौती का कोई शेड्यूल निर्धारित नहीं है, न ही कोई सर्कुलर जारी किया गया है। सोशल मीडिया और बिजली विभाग के किसी भी रूप पर कटौती के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। मनमाने तरीके से बिजली की कटौती की जा रही है जिससे लोगों को भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परंतु लाख शिकायतों के बाद भी दिन की कटौती बंद नहीं की जा रही।

सनिगवां रोड पर मौत के गड्ढे, कोई सुनवाई नहीं

● - एक साल से प्रतिदिन लोग हो रहे हैं घायल, चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि भी निकले हैं इस मार्ग से।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। सनिगवां जाने के लिए रामादेवी ओवर ब्रिज के साइड से पूरी सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि विधानसभा चुनाव, मेयर चुनाव व लोक सभा चुनाव में इस मार्ग से निरंतर निकले हैं लेकिन सभी ने इस मार्ग की अनदेखी ही की है। इस रोड से रामादेवी, लाल बंगला, बस अड्डा व रेलवे स्टेशन जाने के लाभ लगभग हजारों की संख्या में लोग निकलते हैं और दो पहिया वाहन तथा तीन पहिया वाहन अक्सर पलट जाते हैं। जिससे लोग घायल हो रहे हैं लेकिन नगर निगम को कोई परवाह नहीं है। जब कि इस मार्ग पर भाभा नगर, हाईवे सिटी, स्वर्ण जयंती विहार, स्वर्ण जयंती विस्तार, चन्द्र नगरी जैसी आबादी वाली कालोनियां बसी हैं। सनिगवां गांव, सजारी, घुरवा खेड़ा, नगवां, पिपरगंवा के लोग भी इसी रास्ते से होकर निकलते हैं। यहां पर करीब 50 हजार की आबादी निवास करती है जिसका हर समय यहां से निकलना रहता है। अभी गर्मियां चल रहीं हैं। वर्षात के समय तो यहां से निकलना खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस मार्ग को अतिशीघ्र बनाने की मांग की है।

यूसी मेमोरियल स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

● - बचपन को खिलने दो एक दिवसीय कार्यशाला

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। दिनांक 15.5.2024 को गणेश नगर स्थित यू सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दिल्ली और प्रतिमान केंद्र की ओर से " व्यक्तित्व का समग्र विकास एवं चरित्र निर्माण" की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता कानपुर प्रांतीय संयोजक डॉ. बिन्दु सिंह, सर्वोसार्थ के संस्थापक सर्वोत्तम तिवारी, विद्यालय के प्रबंधक अनुराग श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका दीपिका श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता बिन्दु सिंह नें तैत्तिरीय उपनिषद आधारित पंचकोणीय विकास की अवधारणा जिसमें अन्नमय कोश, मनोमय कोश, प्राणमय कोश, विज्ञानमय कोश एवं आनन्दमय कोश की विस्तार पूर्व चर्चा की । उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों की समस्याओं का समाधान भी किया।

कार्यशाला में प्रांत सह-संयोजक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया की शिक्षकों के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण मनोमय कोश है, इसका विस्तृत संज्ञान शिक्षकों को होना चाहिए , चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के प्रांतीय सह संयोजक राहुल यदुवंशी एवं डॉ. अंशुमान सिंह जी ने बताया की आज के समय में बच्चों की शिक्षा के साथ साथ उनके उत्तम संस्कार और चरित्र निर्माण पर भी ध्यान आकर्षण की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए यू सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने अपने विद्यालय को प्रतिमान केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है। जिसमें वे बच्चों को शिक्षा देने के साथ साथ उन्हें जीवन के पथ पर अग्रसर होने के लिए उनके संपूर्ण विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस कार्यशाला में न्यास के कार्यकर्ता सुशील कुमार जी ने शिक्षक बच्चों को किस प्रकार संस्कारित करें, इसके विषय में बताया। कार्यशाला का संचालन मुख्य रूप से गोपाल सक्सेना, खुशबू सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ श्रद्धा कुशवाहा, सुचिता विश्वकर्मा, ज्योति यादव, लवीश पांडेय, आलोक, रितु सिंह, सुमित कुमार गुप्ता, जय सिंह,शिवम, दिव्यांशु, आयुषी, वैष्णवी, राधा आदि उपस्थित रहे।

पत्रकारिता की आड़ में ब्लैकमेलिंग करने वालों पर होगी कार्यवाही

● - भ्रामक खबर चलाने और बिना सत्यापन के सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें चलाने वालों पर भी होगी कार्यवाही, कानपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त को पत्र देकर सहयोग करने का किया वायदा।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। आज दिनांक 17.05.2024 को कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपेई व प्रेस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से भेंट वार्ता कर पत्रकारिता की आड़ में गैरकानूनी और गैर सामाजिक कार्यों में लिप्त कतिपय कथित पत्रकारों को चिन्हित करके निष्पक्ष जांच व कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा अवांछित, गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर ऐसे सभी फर्जी पत्रकारों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही में प्रेस क्लब का सहयोग दिए जाने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया। तथा यह भी संज्ञान में लाया गया है कि तथाकथित कतिपय पत्रकार किसी की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से खबरों का सत्यापन किए बिना ही भ्रामक / अपुष्ट खबरें सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित करते है व पत्रकारिता की आड़ में धन उगाही जैसे कृत्य करते है, जिससे आम जनमानस में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने के साथ ही शासन-प्रशासन के प्रति गलत संदेश जाता है एवम स्वस्थ पत्रकारिता को भी संदेह से देखा जाता है।

ज्ञापन का संज्ञान लेकर पुलिस आयुक्त द्वारा सभी जोनों के पुलिस उपायुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वह पत्रकारों के विरूद्ध आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक, संवेदनशीलता के साथ निष्पक्ष जांच कराकर प्रेस क्लब को अवगत कराते हुए वांछित सहयोग प्राप्त कर ऐसे कथित पत्रकारों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। शहर के सम्मानित/ जागरूक नागरिकों से अनुरोध है कि यदि कोई कथित पत्रकार किसी मामले में आपको फंसाने की धमकी देता है/ ब्लैकमेल करता है अथवा अनाधिकृत रूप से परेशान करता है या रूपयों की मांग करता है तो ऐसे सभी प्रकरणों में सम्बन्धित जोन के पुलिस उपायुक्त से मिलकर, निर्भय होकर अपनी शिकायत दर्ज करायें।

जन-जन की है एक पुकार वोट डालना हम सब का अधिकार

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ के सरोजिनी नगर ब्लॉक के विभिन्न गांव में रीना त्रिपाठी ने रश्मि प्रधान, दिनेश प्रकाश प्रधान उषा त्रिपाठी नए गांव में नुक्कड़ सभाएं करके लोगों कोअपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक रहने और 20मई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य है की कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाए। रीना त्रिपाठी कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है हमारा दिया गया एक-एक वोट भारत के भविष्य को आने वाली सरकार को और 5 साल बनने वाले नियम कानून को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रखता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें । उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है 5 साल तक जो भी सरकार अपना कार्य करती है वह इस पर निर्भर करता है कि बहुमत का स्तर क्या है और मतदाताओं ने कितने जागरूक तरीके से अपने प्रतिनिधियों को चुना है। वोट देने से आपका विकास पर अधिकार होता है प्रश्न पूछने का अधिकार होता है। हम सभी को धूप गर्मी मौसम संबंधी विकृतियों की परवाह किए बिना अपना मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए और वोटर पर्ची आधार कार्ड या वोटर आईडी लेकर के बूथ तक पहुंच कर अपने परिवार जनों के साथ पड़ोसियों को ले जाकर वोट जरूर डलवाना चाहिए, वोट के अधिकार का उपयोग करना चाहिए। डॉ मिथिलेश सिंह,साधना गुप्ता, पिंकी सिंह, पूजा सिंह, सरोज मिश्रा ,सपना तिवारी प्रेमलता श्रीवास्तव,कालिंदी दीदी ने गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक किया अलीपुर खुर्द मुलाई खेड़ा, स्कूटर इंडिया, गौरी बाजार,मौलवी खेड़ा,इटुरिया, माती, खुरदई बजार में जागरूकता अभियान की रैलियां निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया।

दो मई से गुमशुदा का शव गंगा जी में तैरता मिला

● - शव मिलने से हड़कंप परिवार जन ने साथ के लोगों पर लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। थाना नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत के एच.बी.टी.यू चौकी क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. लोकनाथ उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम शिवदीन पुरवा थाना बिठूर बताया जाता है। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि दिनांक 2 मई को उपरोक्त व्यक्ति अपने शागिर्दो के साथ अपने खेत पर गया था शागिर्द घर लौट आए लेकिन यह नहीं लौटा। परिवारीजन इसकी तलाश करते रहे।

उन्होंने बताया कि कल शाम को नबावगंज थाने में इनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आज प्रातः गंगा जी में एक शव पानी के ऊपर तैरता मिला। इसकी शिनाख्त कराई गई। जानकारी मिलने पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल राम सेवक गौतम ने मौके पर पहुंच कर कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय पुलिस फोर्स ने शव के बाबत जानकी की और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है व अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही हो रही है।

दो लोगों पर मारपीट का आरोप

शाहाबाद हरदोई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ल खेड़ा बीबीजई में हुई मारपीट में दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई।दूसरे पक्ष के प्रार्थना पत्र पर भी तीन के विरुद्ध रिपोर्ट लिखी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के खेड़ा बीबीजई निवासी विनोद मिश्रा ने बताया खेड़ा तिराहा स्थित सागर ताल पर वह भैंस चरा रहा था।तभी किसी की गाय सागर ताल में पानी पीने चली गई। इसी बात पर मोहल्ले के रविंद्र पुत्र तौले उसे गाली गलौज करने लगा।गाली देने से मना करने पर रवींद्र ने टेनी पुत्र रामकुमार के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। घटना में वह खुद और पुत्र शिवम घायल हुए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया दोनो पक्षों में मारपीट हुई है दोनों तरफ से प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संक्षिप्त ख़बरें

अमेठी में स्मृति इरानी के दोबारा ऐतिहासिक विजय के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे रोड शो

रोड शो में शामिल होंगे भारी संख्या में लोग

गौरीगंज अमेठी। केंद्रीय गृहमंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह आज अमेठी में दोपहर 2ः00 बजे भाजपा प्रत्याशी स्मृति जूबिन इरानी के दोबारा ऐतिहासिक विजय के लिए रोड शो करेंगे।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का रोड शो रामलीला मैदान अमेठी से शुरू होकर राजर्षि रणन्जय तिराहा होते हुए, गांधी चौक होते हुए, सगरा तिराहा होते हुए, राजेश मसाला फैक्ट्री मोड निकट ट्रांसफार्मर पर समापन होगा। उन्होंने बताया कि रोड शो को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, रोड शो में भारी संख्या में अमेठी वासी शामिल होंगे।

विघ्न विनाशक गणेश जी के भण्डारे में उमड़ा आस्था का सैलाब

शिवगढ़,रायबरेली। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित विघ्न विनाशक श्री गणेश के मन्दिर में गत वर्षो की भांति श्री गणेश जी का विशाल भण्डारा सम्पन्न हुआ। शाम 6 बजे से देर रात तक चले भण्डारे में भारी तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेक कर प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। भण्डारे का आयोजन राजाराम रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया गया। भण्डारे से पूर्व मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कर देवी देवताओं को पूर्णाहुति दी गई। मान्यता है कि किसान गणेश जी के इस मन्दिर में माथा टेक कर मनोकामना मानते हैं कि उनकी फसल को चूहे नुकसान ना पहुंचाएं। किसानों का कहना है कि मान्यता मांगने पर उनके खेत में चूहे नहीं लगते हैं। फसल कटने के बाद किसान गेहूं अथवा चावल की गुडधनिया के रूप में प्रसाद बनाकर बांटते हैं। यह भी मान्यता है कि विघ्न विनाशक गणेश जी के स्मरण मात्र से बगैर किसी विघ्न बाधा के श्रद्धालुओं के सारे काज पूरे हो जाते हैं। गत वर्षो की भांति आयोजित भण्डारे में गांव के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरी शिद्दत के साथ प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। इस मौके पर शिवराज रावत, देवशंकर, विनोद कुमार, प्रभा शंकर त्रिवेदी, अरुण त्रिवेदी, रामविलास गौड़, नीरज, अंकित, अंकित, चुन्नी, शुभम,बउवा, राना,अंजुल,परमेश्वर रावत,ललित बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय में किया गया सम्मानित

बाँदा। सीबीएसई द्वारा 13 मई 2024 को घोषित किये गये 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बाँदा के होनहार छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावक, संस्थान के निदेशक, प्रधानाचार्या एवं अध्यापक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के ओर से आप सभी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता के लिए बधाई दी एवं भविष्य में उत्तरोत्तर उन्नित के लिए प्रेरित किया। कक्षा 12 वीं में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में कनक जाटव - 94.6, आयुषी श्रीवास्तव - 93.0,ऋतुराज - 92.6, आशुतोष सिंह - 90.4, निधि - 90.0, कक्षा 10 वीं में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में ऋतिका शिवहरे - 97.2,मो. माज आरिफ - 96.6, अक्षत गुप्ता - 96.0 आदि हैं।

देश के गृहमंत्री अमित शाह का आगमन आज

बांदा। भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले, देश के गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को बांदा में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए मतदाताओं से हर बूथ पर कमल खिला कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह 18 मई शनिवार को दिन में 11 बजे, जीआईसी मैदान बांदा में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

मोदी की गारंटी पर है देश की जनता को भरोसा - पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा

● भाजपा सरकार में हुआ है विकास अपार इसलिए अबकी बार 400 पार

स्वतंत्र प्रभात

गौरीगंज अमेठी। श्रावस्ती के पूर्व सांसद एवं मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री दद्दन मिश्रा इन दिनों अमेठी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंचकर चुनावी जन चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी प्रत्याशी स्मृति इरानी को प्रचंड मतों से विजई बनाने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान एक चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह भगवान राम की नगरी है, यह अवध क्षेत्र है, यहां असंख्य कमल खिलाना है, और दिल्ली में तीसरी बार बनने वाली मोदी सरकार में एक बेहतरीन खिला हुआ कमल अमेठी से चुन कर भेजना है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तब हुआ जब आप सभी लोगों ने कमाल का बटन दबाकर मोदी सरकार चुनी , उन्होंने कहा देश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत 400 पार के साथ बन रही मोदी सरकार को मजबूत करने के लिए अमेठी में दोबारा स्मृति इरानी की ऐतिहासिक विजय हो, इसके लिए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी के लिए मतदान करें। उन्होंने कहा की जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं, उन्होंने कहा जनता ने मन बना लिया है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लेंगे , एक बार फिर अमेठी में कमल खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से प्रेम करने वाले और भगवान राम से द्रोह रखने वाले लोग ही भाजपा का विरोध कर रहे हैं, उन्होंने कहा जिन्हें पाकिस्तान से लगाव है वह लोग नहीं चाहते कि भाजपा की सरकार बने, क्योंकि भाजपा की सरकार में सीमा पार से होने वाला आतंकवाद बंद हो चुका है, पाकिस्तान की हिम्मत नहीं पड़ रही कि भारत की तरफ नजर उठा कर देख ले, आज पाकिस्तान कंगाल हो गया है, भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है, और यह तभी संभव हुआ है जब देश में मोदी सरकार आई है, उन्होंने कहा आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं ऐसे में एक बार फिर 400 के पार।

इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना है आरक्षण बचाना है : डिंपल यादव

● ..मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने मोहनलालगंज लोकसभा चुनाव मे इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आरके चौधरी के समर्थन मे चुनावी सभा मे भाजपा पर किया हमला।

स्वतंत्र प्रभात

मोहनलालगंज लखनऊ। शुक्रवार को सपा सांसद डिम्पल यादव ने मोहनलालगंज कस्बा स्थित काशीश्वर इंटर कालेज फील्ड पर इंडिया गठबंधन की आयोजित जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा वाले जा रहे हैं गठबंधन की सरकार आ रही है, केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर व्यवस्था को सबसे पहले समाप्त किया जायेगा। शुक्रवार को मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पूर्व मंत्री आरके चौधरी के समर्थन में कस्बा मोहनलालगंज स्थित काशीश्वर इंटर कालेज फील्ड पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए सपा सांसद डिम्पल यादव ने कहा कि भाजपा वाले जा रहे हैं गठबंधन की सरकार आ रही है, इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर सबसे पहले अग्निवीर व्यवस्था को समाप्त करने की बात कही जिसका सभा में मौजूद बड़ी संख्या में युवाओं ने तालियों से स्वागत किया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि सरकार हर परीक्षा के पेपर लीक कर कर नौकरियां निरस्त कर रही है जिससे आरक्षण ना देना पड़े। इस तरह सरकार द्वारा आरक्षण समाप्त किया जा रहा है। महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना दिया जायेगा। किसानों को एमएसपी देने की बात कही और और उन्होंने मंच पर से ही उन्होंने सरकार द्वारा दिए जा रहे राशन में चोरी करने की बात करते हुए सामने बैठी बड़ी संख्या में महिलाओं से पूछा कि राशन कम मिल रहा है कि नहीं तो भीड़ से आवाज आई राशन कम मिल रहा है। इसके साथ ही डिंपल यादव ने जनसभा में मौजूद सभी लोगों से तीन बार हाथ उठाकर संकल्प दिलाया कि वह समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को बीस मई को मतदान कर भारी मतों से विजई बनाने की अपील किया। इसके पूर्व जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सपा विधायक अम्बीश सिंह पुष्कर ने मौजूद लोगों से सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री आर चौधरी को एकजुट होकर भारी मतों से साइकिल का बटन दबाकर भारी मोहम्मद से विजई बनाने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, महासचिव शब्बीर खान, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा, पूर्व विधायक गोमती यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, सपा महिला सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, प्रेमलता यादव, शांति यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजयलक्ष्मी, वरिष्ठ सपा नेता केपी सिंह, श्रवण कुमार यादव, राजकुमार यादव, भारत यादव, अमरपाल सिंह, महामंत्री राम लखन यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, सरोजिनी नगर से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रुद्र दमन सिंह बबलू, दिनेश यादव, नवनीत सिंह, केपी यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, पदम सिंह, सोनू यादव, शमसेर सिंह, अरुणेश प्रताप सिंह उर्फ दल्लू, नागेश प्रताप सिंह, विजय यादव, मोहम्मद रईस, भोला लोधी, अशर्फीलाल धीमान, संतराम रावत हरीशंकर रावत, मो0 सूफियान, मो0 वाहिद, उमेश यादव, ज्ञान चंद्र रावत, समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

भाजपा शुकुल बाजार संगठन नें भरी हुंकार, हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

● जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद शुक्ला एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

स्वतंत्र प्रभात

शुकुल बाजार। अमेठी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर शुकुल बाजार भाजपा संगठन ने हुंकार भरी और हजारों की संख्या में बाइक सहित कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली , तथा भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के लिए वोट मांगा। बताते चलें कि वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला एवं उद्योगपति तथा भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह की अगुवाई में हजारों की संख्या में बाइक और कार्यकर्ताओं ने मकदूमपुर होते हुए फुंदनपुर, जैनबगंज , शुकुल बाजार कस्बा में बाइक रैली निकालते हुए जय श्री राम उद्घोष के साथ जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे नारे के साथ 20 मई को होने वाले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के लिए वोट मांगा। भाजपा किसान मोर्चा कार्यक्रम का आयोजन रहा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई, प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, युवा भाजपा नेता मानवेंद्र विजय सिंह, युवा भाजपा नेता अवनेंद्र विजय सिंह युवा भाजपा नेता विश्व प्रकाश शुक्ला, अशोक शुक्ला,अवधेश मिश्रा, रमेश शुक्ला, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप शुक्ला, मंडल महामंत्री दिनेश कौशल, राजेश यादव, भाई लाल प्रधान प्रतिनिधि, मनोज मौर्य, जसवंत सिंह, सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता अभियान! मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए अक्षत देकर किया आमंत्रित

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के दूसरे दिन ग्राम सुड़ारी एवं आसपास के मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु अक्षत देकर आमंत्रित किया गया । ध्यातव्य है कि इस कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह द्वारा 16.05.2024 को ग्राम श्रीनाथपुरवा एवं विजयगांव में ग्रामीणों को अक्षत प्रदान करते हुए किया गया। आज के इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारीद्वय डॉ सीमा यादव एवं डॉ भानु प्रताप राय तथा महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों द्वारा ग्रामीणों विशेषकर नए मतदाताओं से दिनांक 25.05.2024 को जनपद अम्बेडकर नगर में होने वाले लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु आग्रह किया गया । इस कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को बताया गया कि अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट के लिए आगामी 25 मई को मतदान होने वाला है। ऐसे में घरों से बाहर निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही अभियान कार्यक्रम जागरूकता कार्यक्रम चला कर छात्र- छात्राओं को भी जागरूक करते हुए उनसे संकल्प पत्र भरवाए गए। उन्हें यह बताया गया की अपने माता-पिता, अभिभावक एवं आस पड़ोस के सभी अभिभावकों को मतदान के दिन घरों से निकल कर मतदान केंद्रों तक जाने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक मतदान हो, जिससे मत का प्रतिशत बढ़ेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो अरविंद कुमार वर्मा, प्रो सुधा, प्रो अरुण कान्त गौतम,डॉ रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ पूनम, डॉ विजय लक्ष्मी यादव, डॉ सुनीता सिंह, डॉ महेंद्र यादव, डॉ अजीत प्रताप सिंह, डॉ राजेश यादव,सीता पांडेय एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मंडल महामंत्री के नेतृत्व में भाजपायों ने डोर टू डोर किया संपर्क

● मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्ष रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात

शुकुल बाजार अमेठी। इन दिनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उत्साह से लबालब नजर आ रहे हैं, इसी कड़ी में डोर टू डोर संपर्क करते हुए घर घर जाकर केंद्र और राज्य की सरकार की जनहित की योजनाओं को आम जनमानस से बताते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी स्मृति जुबिन इरानी के लिए वोट मांग रहे हैं, इसी कड़ी में मंडल शुकुल बाजार के शक्ति केंद्र इन्दरिया के ग्राम इन्दरिया में जिला सहसंयोजक मीडिया विभाग सुशील कुमार मिश्रा, बूथ अध्यक्ष मनोज मौर्य,मंडल महामंत्री दिनेश कौशल, शक्ति केंद्र संयोजक प्रशांत मिश्रा, ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को विजई बनाने के लिए जनमानस से वोट मांगा, तथा 20 मई को कमल का बटन दबाकर केंद्र में तीसरी बार बन रही मोदी सरकार और अमेठी में दोबारा भारी मतों से जीत रही स्मृति इरानी के लिए मतदान करने की अपील की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनता से कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रही है। गरीबों को निशुल्क राशन मिल रहा है, जो कि अगले 5 साल तक मिलता रहेगा, किसानों को सम्मान निधि मिल रही है, जो कि अगले 5 साल तक मिलती रहेगी, अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हुआ और यह सब काम तभी संभव हुआ जब आप सभी ने कमाल का बटन दबाकर बीजेपी की सरकार बनाई। इसलिए विकास की गति निरंतर बनी रहे इसके लिए 20 मई? को कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को मतदान करें इस दौरान अर्पित मिश्रा, छोटू मिश्रा, हर्षित मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें आगे मोदी योगी उनके भविष्य की चिंता करेंगे-स्वतंत्र देव सिंह

● सभी गुंडे बाबा की डर से घर में छिप गए हैं

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। विधान सभा क्षेत्र कटेहरी और अकबरपुर में कैबिनेट मंत्री पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा लोक सभा प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय के समर्थन में युवा सम्मेलन और सभा कर चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने सया इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन और अकबरपुर चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा के संयोजन और आदर्श चौधरी के संचालन में जिला मुख्यालय के एक मैरेज लॉन में आयोजित जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी के राज में बहन बेटियां सुरक्षित हैं। बिजली 18 से 24 घंटे मिल रही है।गरीब बेटियों की शादी योगी की नेतृत्व में भाजपा सरकार निभा रही है। गरीबों को मुफ्त राशन, प्रधान मंत्री आवास,गैस सहित सैकड़ों योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कहा कि रितेश पाण्डेय सभी की चिंता करने वाले नेता हैं।उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।आगे मोदी योगी उनके भविष्य की चिंता करेंगे।गुंडे बाबा की दर से घर में छिप गए हैं कमल खिलाने का आवाहन करते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर और सरदार पटेल की सम्मान भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है। लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। बिजली की व्यवस्था चाक चौबंद हुई है।रोजगार के लिए अंबेडकर नगर में दो दो औद्योगिक क्षेत्र बनाए गए हैं। गरीब जनता की असाध्य रोगों का फ्री इलाज भाजपा सरकार में ही संभव हो सका है।अंबेडकर नगर की जनता के लिए हर तरह से तैयार रहेंगे। जनता का आशिर्वाद प्राप्त कर दोबारा आपकी सेवा में समर्पित रहूंगा। और समापन की घोषणा लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने किया। उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,कार्यकारी जिला प्रभारी शिव नायक वर्मा,लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,रमा शंकर सिंह,मुशी लाल जयंत,आकाश वर्मा,डाक्टर रजनीश सिंह,विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,अमरेंद्र कांत सिंह,दिलीप पटेल देव मनोज मिश्र,घिसियावन मौर्य,राजेश पाण्डेय,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा,चेयर मैन ओमकार गुप्ता, आनंद वर्मा,बजरंगी पाठक,जावेद मलिक,श्रीराम चौहान,जिला महामंत्री अतुल मिश्र,संजीव सिंह,अखण्ड वर्मा,कुलदीप सिंह,दिलीप तिवारी,अमित सिंह, मोहम्मद अब्बास आदि शामिल रहे।

समर कैंप में मार्शल आर्ट के गुर सीखेंगे खिलाड़ी

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के चिकवाही मंडी स्थित डा0 रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मार्शल आर्ट का छः दिवसीय समर कैम्प शुरू हुआ। जिसमे जिले के लगभग दो सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस कैम्प में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन भी किया जाएगा। जिला मार्शल आर्ट संघ रायबरेली के जिला सचिव अताउर रहमान ने बताया की मार्शल आर्ट का यह समर कैम्प जिला एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया है। इस समर कैम्प में खिलाड़ियों को शेड्यूल के हिसाब से सुबह साढ़े चार बजे फिजकल एक्टिविटी, दोपहर में खेल व शाम को चार बजे से फाइट टेक्निक्स की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने बताया की कैम्प का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। जिससे जिले के खिलाड़ियों को बेहतर बनाया जा सके। इस वर्ष वूशु और ताइक्वांडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं मई से जून तक आयोजित हो रही हैं। इस कैम्प से जिले के खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा और ज्यादा से ज्यादा पदक खिलाड़ी जीत कर लायेंगे। इस कैम्प में लालगंज मार्शल आर्ट क्लब, एमसीएफ मार्शल आर्ट क्लब,आर्यन मार्शल आर्ट क्लब टिकरा, जे एस मार्शल आर्ट क्लब भोजपुर, रायबरेली मार्शल आर्ट क्लब, डलमऊ मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी भाग ले रहे है यह कैम्प 14 मई से 19 मई तक चलेगा 19 मई को ही वूशु की सब जूनियर तथा जूनियर बालक,बालिका जिला टीम का चयन किया जाएगा। वूशु की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के डी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में 23 से 26 मई तक आयोजित होगी।

इस कैम्प में सन्त लाल,डिम्पी तिवारी,पूनम यादव, अखण्ड दीप सोनकर, महताब आलम, सलमान खान, जितेन्द्र प्रजापति, अनुराग यादव आदि लोग उपस्थित रहते है।

शिवाजी नगर-आईटीआई मैदान में एक ही मंच पर पहली बार दिखे सोनिया राहुल प्रियंका अखिलेश यादव मोदी सरकार पर किया जुबानी हमला

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली में पांचवें चरण के लिए 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपने-अपने शब्दों में मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है और तरह-तरह के आरोप लगाए गए हैं। आपको बता दे कि आज दिनांक 17 में 2024 दिन शुक्रवार को समय करीब 4ः00 बजे रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर स्थित आईटीआई के मैदान में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने पहुंचकर अपने-अपने शब्दों में मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए तरह-तरह के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी लोकसभा 36 से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी तथा समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित अन्य दिग्गज नेता एक ही मांज पर नजर आए हैं सब ने अपने-अपने शब्दों में मोदी सरकार पर जुबानी हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा इस बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे यह लिखकर मैं देता हूं। नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के गरीब लोगों का अपमान किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अगर इस बार भाजपा को जीता दिया तो कभी आप वोट नहीं डाल पाएंगे क्योंकि भाजपा नहीं चाहती है कि अब कोई उसके खिलाफ जाए, वहीं मंच से सोनिया गांधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ और नफरत की राजनीति करते हैं इसलिए जनता उनको इस बार सबक सिखा देगी, तो प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सरकार 5 किलो राशन दे रही है हमारी सरकार आएगी तो हम 10 किलो राशन देंगे

जौनपुर के पत्रकार की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

● राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

मृतक के परिजनों को मुआवजा व सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग

बांदा। जनपद में शुक्रवार को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. के बांदा इकाई के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि जौनपुर में दिन दहाड़े कोतवाली स्थित शाहगंज के इमरानगंज बाजार में सोमवार को सुबह एक टीवी चौनल के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव उम्र लगभग 48 वर्ष की गोलियों से मारकर हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 इस घटना की घोर निन्दा करता है और सरकार से मांग करता है कि मृतक पत्रकार के परिवार को 50,00000 की आर्थिक सहायता एवं पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान करें। आगे अवगत कराया गया कि जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हैं वही आज खतरे से खाली नहीं है। पत्रकारों के ऊपर आए दिन आरोप प्रत्यारोप लगाए जाते हैं वजह मात्र यह है कि पत्रकार बंधुओ द्वारा निरंतर समाज की समस्याओं को विभाग व सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखता है उसे जो भी दबाने का प्रयास करेगा हमारा संगठन उसका विरोध करेगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की ओर से प्रदेश के राज्यपाल को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन द्वारा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 सरकार से मांग करता है कि दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की जाए और पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए पत्रकार सुरक्षा बिल लागू किया जाए जिससे देश का चौथा स्तंभ सुरक्षित रहे। इस दौरान ज्ञापन सौंपने में पूरन राय, पंकज शुक्ला, नीरज निगम, मितेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, जीवेश प्रकाश, सत्यनारायण, आमोद कुमार, मदन गुप्ता, रूपा गोयल, संध्या धुरिया, नरेंद्र सिंह थापा सहित तमाम पदाधिकारी लोग उपस्थित रहे।

ईवीएम की सुरक्षा को सपा कार्यकर्ताओं ने डाला डेरा

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। दही थाना स्थित वेयरहाउस में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम पर नजर रखने के लिए सपा कार्यकर्ताओं ने डेरा डाल दिया है। रातों दिन वह ईवीएम पर नजर रखने के लिए नजरे जमा कर डेरा डाले हुए हैं। इसके अलावा जिला निर्वाचन के निर्देश पर कड़े पहरे के बीच ईवीएम की सुरक्षा की जा रही है। सपा कार्यकर्ताओं के डेरा डालने के बाद ईवीएम की सुरक्षा और भी बढ़ा दी गई है।

स्ट्रांग रूम में छह विधानसभाओं की ईवीएम मतदान कार्मिकों द्वारा जमा कराई गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पीएसी, पुलिस, आईटीबीपी के जवानों को तैनात किया गया है। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है तथा वेयरहाउस के चारों तरफ निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं। वहीं सुरक्षा की जिम्मेदारी सीओ सिटी सोनम सिंह को प्रभारी बनाकर दी गई है। ईवीएम की सुरक्षा के लिए सपा कार्यकर्ता भी वेयरहाउस के आसपास डेरा डालकर डटे हुए हैं। स्ट्रांग रूम के आसपास किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी गई है। बिना अनुमति के किसी को भी स्ट्रांग रूम के आसपास भटकने तक नहीं दिया जा रहा है। एडीएम नरेंद्र सिंह व एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने दही थाना अंतर्गत एफसीआई गोदाम में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात फोर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुरक्षा में कोई चूक ना हो जाए इसीलिए शिफ्ट वार लगाई गई सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी। ईवीएम की सुरक्षा में 12-12 घंटे में 38-38 सिपाहियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। इसके साथ ही सभी गेटों पर केंद्रीय पुलिस बल को तैनात किया गया है। जिससे सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक ना हो। वही ड्यूटी चेक करने के लिए कुछ इंस्पेक्टर की ड्यूटी भी लगाई गई है। जो समय-समय पर मौजूद कर्मियों को उपस्थित देख रहे हैं। अफसर भी निगरानी बनाए हुए हैं।

फुंका ट्रांसफार्मर, बत्ती रही गुल

उन्नाव। जनपद के शहरी इलाकों में 24 और ग्रामीण अंचल में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का रोस्टर है। अघोषित कटौती और लोकल फाल्ट के चलते इन दिनों यह रोस्टर धड़ाम हो गया है। कर्मचारियों को रोस्टर के अनुसार बिजली कटौती तो याद रहती है, किंतु आपूर्ति के समय भूल जाते हैं। इससे अधिकांश समय बिजली गायब रहती है। शहरी इलाकों में दिन में 11 से 4 बजे तक बिजली आपूर्ति के समय लोकल फाल्ट दिखाकर 15 मिनट से 40 मिनट तक बिजली काट ली जाती है। शाम को व्यवस्थाएं पटरी पर लौटती तो नगर की नई बस्तियों में लो वोल्टेज की समस्या खड़ी हो जाती है। गांव के हालात बिजली की आंख मिचौली के चलते हर आधे घंटे बाद दस मिनट के लिए बिजली गुल हो रही है। गांवों में तो यह खेल रात 10 बजे तक चलता है। इसके बाद फिर फॉल्ट बताकर कटौती शुरू होती। शहर के बड़े चौराहा पर एक घण्टा आपूर्ति बाधित रही। इसी तरह कुन्दन रोड़ इलाके में समस्या हुई। यहां सीटी पर अचानक लोड बढ़ने के दौरान आपूर्ति रोक दी गई। यह सिलसिला सुबह चार बजे शुरू हुआ जो साढ़े पांच तक चला। इस दौरान ढाई हजार उपभोक्ता परेशान हुए। काम पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल कराई गई। लोकसभा चुनाव के चौलते ही बिजली की कटौती चरम पर पहुंच गई। ब्लाक हिलौली क्षेत्र के अकोहरी भवानीगंज, असरेंचा सहित दर्जनों गांवों में लो वोल्टेज कि समस्या से जूझ रहे हैं। यही हालात सॉनिक क्षेत्र के कई गांवों का है। किसानों का कहना है, कि धान रोपाई के सीजन में इस गंभीर समस्या से जूझना पड़ता चुनाव के समय बिजली ज्यादा रहती थी। वहीं शहर के सिविल लाइन मोहल्ला स्थित त्रिपाठी बिल्डिंग के सामने रखे ट्रांसफार्मर में गुरुवार रात आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के दुकानदारों में भगदड़ मच गई। लोगों ने पुलिस व फायर स्टेशन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार डाल किसी तरह आग पर काबू पाया। उसके बाद लोगों ने राहत के सांस ली। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

खुलेआम हरे पेड़ों पर चल रहे कुल्हाड़े, वन विभाग व पुलिस बने बेखबर

असोहा (उन्नाव)। पुलिस चौकी कालूखेड़ा के खाकी की रिश्वतखोरी के चलते वन संपदा को भारी क्षति हो रही है। असोहा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी के दरोगा सिपाहियों को अपने अफसरों का जरा भी डर नहीं है। चौकी कालूखेड़ा क्षेत्र में हरे पेड़ों की सामत सी आ गयी है। जंगलों में खुलेआम आरा कुल्हाड़ी चल रहे हैं और तो और कस्बे से लगे असोहा रोड से पचास मीटर पर तकरीबन लाखों रुपए के हरे महुआ के पेड़ काट डाले गये। कस्बे के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस ने अपने संरक्षण में इन पेड़ो को कटवाया। हैरत की बात तो यह है कि यह पेड़ उस दिन काटे गए जिस दिन क्षेत्र में वोट पड़ रहे थे और जनपद के बड़े अधिकारी चुनाव में रोड पर से आ जा रहे थे। कस्बे के व्यापारियों ने बताया कि कस्बे में इस समय कच्ची शराब, स्मैक, गांजा जैसे नशीले पदार्थो का अवैध धंधा भी चरम पर है जिससे लोगों में आक्रोश है।

छत से गिरकर युवक की मौत

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के नेवातीखेड़ा सिंधूर निवासी बिदेश्वर (45) आसीवन थाना क्षेत्र के झाऊगढ़ी निवासी परिवारिक भाई महावीर की बेटी शांति की शादी में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गया था। रात भोजन करने के बाद छत पर सोने के लिए चला गया था। देर रात लघुशंका करने के लिए उठने पर बिदेश्वर छत से गिरकर जख्मी हो गया। नीचे गिरने की आवाज सुनकर छत पर सो रहे अन्य लोगों में हड़कंप मच गया और उसे चीखता चिल्लाता देख सभी को जानकारी हुई। इसके बाद घर के लोग उसे उपचार के लिए निजी वाहन से आसीवन सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक बिदेश्वर तीन भाइयों में मंझला था। भाइयों में बड़ा शिवपाल और राम औतार हैं। मौत को लेकर पत्नी भगवान देई और बेटे हरिकेशन, श्रीकेशन व बेटी रजनी और काजल रो-रोकर बेहाल होते रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

कार सवार बदमाशों ने लूटी लाखों की नगदी

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक बीती देर रात पैसे लेकर अपने घर जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान कार सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया और बाइक में रखे साढ़े नौ लाख रुपए की नकदी लूट ली। उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना को लेकर जांच पड़ताल की। प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध लग रहा। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के नीभाखेड़ा गांव के रहने वाले बलवीर बहादुर भूमि की खरीद फोख्त का काम करता है। पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरुवार रात करीब करीब नौ बजे औरास की 9.50 लाख कीमत की करीब दो बीघा भूमि हसनगंज के युवक को बिक्री कर घर लौट रहा था। बाइक की डिग्गी में रुपए रखे हुए थे। लोधाटीकुर गांव के पास पहुंचा ही था कि कार सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर कनपटी में तमंचा लगा दिया। इस दौरान डिग्गी में रखी पूरी नकदी लूट ले गए। पीड़ित ने कुछ लोगों के नाम पुलिस को बताए। थाना प्रभारी रेखा सिंह के मुताबिक पीड़ित ने जिन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। उनके और बलवीर बहादुर के बीच पहले से विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष एक दूसरे के खिलाफ केस भी दर्ज करवा चुके हैं। दोनों पक्षों में मारपीट की जानकारी मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सचिन राय बने भाजपा युवा मोर्चा के सहसंयोजक

युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बनाया जायेगा रणनीति-सचिन राय

संतकबीरनगर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी 'कमल' ने सचिन राय को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का लोकसभा चुनाव का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया है। श्री त्रिपाठी ने सचिन राय पर भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सचिन राय अपने जिम्मेदारी का पूर्णतः निर्वहन करेंगे। भाजपा नेता सचिन राय ने कहा कि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौपी गयी है मै उस जिम्मेदारी का निर्वहन करने का काम करुंगा। श्री राय ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद को जिताने के लिए युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद के सभी बूथो को मजबूत करने का कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद को जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता आज ही लग जाये जिससे आने वाले 25 तारीख को भाजपा के पक्ष में चढ़-बढ़ कर मतदान कराया जा सके।

अनियंत्रित स्कार्पियो बिजली के खम्भे से टक्कराकर पलटी

सरीला (हमीरपुर)-राठ विधानसभा से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रही चंद्रावती वर्मा शुक्रवार सुबह बरगंवा गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गई है हादसे में चंद्रवती सहित पांच लोग घायल हुए हैं। सभी को सीएचसी सरीला में भर्ती कराया गया है। चंद्रवती वर्मा की गाड़ी बरगंवा के पास अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई।जिससे गाड़ी में सवार सभी लोग जख्मी हो गए। जिन्हें सीएचसी सरीला लाया गया। बताया जा रहा है कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। चंद्रावती अपने स्कॉर्पियो से सरीला से ममना की ओर जा रही थी। बरगंवा के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बिजली के खम्भे से टकरा गई।टक्कर इतनी भयानक थी कि बिजली का खम्भा टूट गया। खम्भे के साथ यदि तार टुट जाता तो एक बड़ा हादसा हो जाता।इस हादसे में सभी लोग बाल - बाल बचे।

चार तहसीलों में लगेंगे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

अलीगढ़,। सिविल जज एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशान्त शुक्ला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील परिसर अतरौली, खैर, इगलास एवं गभाना में क्रमशः 21 मई, 27, 28 एवं 29 मई को अपरान्ह 3:30 बजे से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि निर्धारित तिथि को तहसील पदाधिकारियों, तहसील बार पदाधिकारियों एवं पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, तहसील स्तर पर जारी शासकीय योजनाओं, तहसील स्तर पर संचालित योजनाओं एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह इस विधिक जागरूकता शिविर में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों।

मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

अलीगढ़,। जन् प्रिय संस्था व राष्ट्रीय हिंदी दैनिक भास्कर टीम द्वारा द्वारा मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया। केपी इंटर कॉलेज के प्रांगण में सभी गुरुजनों के बीच मेधावी छात्रों को मेडल स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेविका प्रेमलता सिंह ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के बच्चे हमारी कल का भविष्य है । इनका मेधावी होना हमारे देश की प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रखता है । इसी क्रम में फोटो जर्नलिस्ट मनोज अलीगढ़ी ने बताया की बच्चों को तकनीकी शिक्षा का भी ज्ञान होना बहुत जरूरी है। व्यावसायिक शिक्षा का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है, अच्छे अंको से पास होना खुद को आगे बढ़ाने का पहला माध्यम है । कार्यक्रम का सफल संचालन विशाल नारायण शर्मा व गौरव अग्रवाल के द्वारा किया गया । इस अवसर पर जनप्रतिनिधि के रूप में सत्यवीर सिंह यादव ,धर्मेंद्र राघव, अटल कुमार, अभिनव वार्ष्णेय, कॉलेज प्रबंधन, सुभाष चंद्र सक्सेना अध्यक्ष अशोक सक्सेना आदि सहित कई गणमन लोग मौजूद रहे।

जनार्दन मिश्रा ग्रुप आफइंस्टीट्यूशंस पर अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन

● - रामायण पाठ से आत्मबल बढ़ता है-ई. नीलकमल मिश्रा

सैकड़ो लोगो ने ग्रहण किया प्रसाद

सन्तकबीरनगर। जनार्दन मिश्रा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पर गुरुवार अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के संरक्षक पंडित जनार्दन मिश्रा धर्मपत्नी अनीता मिश्रा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया शुक्रवार को अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जनार्दन मिश्रा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक इंजीनियर नीलकमल मिश्रा ने कहा कि प्रतिवर्ष के बाद इस वर्ष भी संस्थान के वर्षगांठ के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। श्री मिश्र ने कहा कि रामायण पाठ से आत्मबल बढ़ता है। धार्मिक आयोजन इसी तरह से करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सनातन धर्म और सनातन संस्कृति की पहचान है। यहां आज से नहीं बल्कि सदियों से धार्मिक आयोजन होते रहे हैं। सतयुग, त्रेता, द्वापर युग हमारे धार्मिकता की पहचान है। इस अवसर पर ई.गौरव मिश्रा, डा.विश्व बंधु मिश्रा ई.राजकमल मिश्रा, अनिल दुबे, विश्व हिंदू महासंघ के मंडल प्रभारी अभिनंदन तिवारी,बृजबिहारी दुबे, कुलदीप पाण्डेय, विश्व मित्र पाण्डेय, उर्मिला त्रिपाठी, राम सागर मिश्रा,मीनाक्षी श्रीवास्तव, गंगा धर पाण्डेय, दीपक सिंह, विनोद मौर्य, प्रेम कुमार मिश्रा,सुनीता मिश्रा, कुसुमलता पाण्डेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

अधिकारी पिला रहे अमृत, सैकड़ों हैण्डपाइप बीमार

● - ऑसर- करोड़ों खर्च होने के बाद भी नहीं मिली अमृत की एक बूंद

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। लगातार तपिश बढ़ती जा रही है, मौसम विभाग के द्वारा सलाह दी जा रही है कि लोग अधिक से अधिक पानी पिएं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। पानी की कमी न होने पाए। बावजूद इसके पानी को लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय निकाय अनसुनी कर रहे हैं। जनपद में सभी 16 विकास खण्डों में सैकड़ों हैंड पंप खराब है। सैकड़ो प्रार्थना पत्र लोकसभा चुनाव के पूर्व तहसील दिवसों में लंबित है। विकासखंड कार्यालय में पेयजल को लेकर शिकायतें पहुंचती रही हैं। मगर सब जगह से अनसुनी जारी है। कहीं बजट का रोना है तो कहीं ग्राम प्रधान गांव वालों से वोट को लेकर नाराज हैं। कहीं जिला पंचायत सदस्यों को दी गई शिकायतें रददी में चली गई। बीडीओ साहब कहते हैं बीसी है। भाग दौड़ में है। कितना काम करें। ग्राम प्रधान से जब क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य गांव में हैंड पंप ठीक करने की मांग करते हैं तो प्रधान कह रहे हैं पिछले साल का ही रुपया बाकी है, ऐसे में पेयजल को लेकर हालत बिगड़ रहे हैं। जनता के सामने संकट है कहां जाएं। किस से बात करें। लोकसभा चुनाव के समय भी सत्ता दल और विपक्षी दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं को लोगों ने मरते हैंड पंप उजड़ते हैंडपंपो को लेकर हाथ पकड़ कर दिखाया। मगर आश्वासन ही हाथ लगे। शिकायतें जो मिली वह सक्षम अधिकारियों तक राजनीतिज्ञ ने पहुंचाई ही नहीं। पुरानी पेयजल योजनाएं 73 हैं अधिकांश बंद है अधिकारी जनपदके जनप्रतिनिधियों को समझाने में कामयाब हो जाते हैं और वह उन्हें प्रतिशत में बंद टंकी और बताते हैं। अब अधिकारियों की लीपा पोती के विरुद्ध सरकार को जनप्रतिनिधि पत्र नहीं लिखते। तब कारवाई क्या होगी। पेयजल को लेकर ग्राम पंचायत में ही कठिनाई नहीं है। नगर पंचायत में भी हालत ठीक नहीं है। पुरानी आबादी के पाइपलाइन पंचर हैं। नई आबादी में पाइपलाइन डाली नहीं गई। जहां डाली गई वह मानक के विपरीत गहराई में नहीं हैं वह वाहनों से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। नगर पालिकाओं की भी स्थिति खराब है। सभी अध्यक्ष राजनीतिक और निजी कामों में व्यस्त हैं। अधिकारी अमृत योजना का नाम लेकर आशा बंधा रहे हैं कि आपको पानी नहीं हम अमृत पिलाएंगे। थोड़ा रुको अमृत है कि मिल ही नहीं रहा। कुल मिलाकर लगभग 60000 से अधिक जनपद में इंडियामार्का हैंडपंप होंगे। उनमें अधिकांश बीमार है। वे स्वयं प्यासे हैं। तब उपाय क्या कौन सुने। जिलाधिकारी से ही लोगों की अपेक्षा है कि वह जनता की इस भीषण समस्या को हल कर सकते हैं।- अरूण दीक्षित (वरिष्ठ पत्रकार)

कांग्रेस व सपा ने देश व प्रदेश में किया जातिवाद की राजनीति-पंकज चौधरी

● - कुर्मी महासभा के लोगो ने ई. प्रवीण निषाद को जिताने के लिए भरी हुंकार-जय चौबे

कुर्मी समाज का हमेशा रहूंगा ऋणि-ई. प्रवीण निषाद

स्वतंत्र प्रभात

संतकबीरनगर। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री व महराजगंज सांसद पंकज चौधरी ने कुर्मी समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस व सपा एक सिक्के के दो पहलू है। दोनो सरकारे ने जातिवाद व धर्मवाद के नाम पर देश व प्रदेश को ठगने का काम किया है। श्री चौधरी ने कुर्मी समाज से आहवान किया कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सर्व समाज को एक साथ लेकर चलने का कार्य किया। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया पिछड़ा की बात करते है उन्हे यह पता नही है कि भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र व प्रदेश में आरक्षण के मुताबिक सांसद व विधायक पिछड़ा बनाया है जो आज अपने हक व जरुरतो को संसद व विधानसभा में रखने का कार्य कर रहे है। उन्होने कहा कि कुर्मी समाज हमेशा देश हित की लड़ाई लड़ा है इसलिए मै समस्त कुर्मी समाज को भारतीय जनता पार्टी के तरफमतदान करने का अपील करता हूं। पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कथनी व करनी में कोई अन्तर नही भारतीय जनता पार्टी आज पूरे देश को एक डोर में बांधने का कार्य कर रही है जिससे भारत की अर्थ व्यवस्था सबसे बेहतर हो। उन्होने कहा कि लोकसभा संतकबीरनगर के कर्मी समाज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए हुंकार भर चुके है। उन्होने कहा कि आने वाली 25 तारीख को भाजपा के उम्मीदवार व क्षेत्रीय सांसद ई. प्रवीण निषाद को भारी से भारी मत दिया जायेगा जिससे वह ऐतिहासिक मतो से चुनाव जितेंगे। भाजपा प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद ने कुर्मी समाज का अभिवादन करते हुए कहा कि कुर्मी समाज जिस उत्साह के साथ मेरे साथ चल रहा है उससे साफजाहिर है कि आने वाले 25 तारीख को भारी बहुमत से जीत होगी। उन्होने कहा कि

पूर्व प्रमुख ने सैकड़ो लोगो के साथ लिया भाजपा की सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी के निर्देशो का करुंगा शत प्रतिशत पालन-मुन्ना राय

संतकबीरनगर। विकास खण्ड बेलहर कला के पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार उर्फ मुन्ना राय ने अपने सैकड़ो समर्थको के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के निर्देशो का शति प्रतिशत पालन करुंगा। श्री राय ने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ मुझे पार्टी ने अपना सदस्य बनाया है उस पर खरा उतरने का कार्य करुंगा। उन्होने कहा कि आने वाले 25 मई को विकास खण्ड बेलहर कला क्षेत्र के तमाम बूथो को मजबूत करने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर चुन्ना राय, विनय दूबे, नन्हे राय, राधेश्याम यादव, राहुल यादव, अरुण राय, भोलू राय, हरिनाथ कन्नौजिया अनिल राय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

कुर्मी समाज के इस कर्ज को मै कभी नही भूल सकता। मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने जनकल्याणकारी योजनाओं के बदौलत सर्व समाज का दिल जितने का काम किया है। उन्होने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के मतदाता ई. प्रवीण निषाद को पुनः अपना नेतृत्व सौपने का विचार बना लिये है। धनघटा विधायक गणेश चौहान ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में पुनः भारतीय जनता पार्टी का ढंका बज रहा है आने वाले चार जून को ई. प्रवीण निषाद ऐतिहासिक मतो से चुनाव जितेंगे। खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बिना किसी भेद-भाव के सर्व समाज को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होने कहा कि जिस उत्साह के साथ आज कुर्मी समाज ई. प्रवीण निषाद को जिताने का हुंकार भरा है इसकी जितनी प्रसंशा की जाय वह कम है। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, राम ललित चौधरी, जगदीश चौधरी, कौशल चौधरी, रमेश चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक चौधरी, भूपेन्द्र चौधरी, राजाराम चौधरी, अवधेश सिंह, खलीलाबाद प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानन्द, बघौली प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप 'बबलू सिंह' सेमरियावां ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, वैभव चतुर्वेदी, चेयरमैन खलीलाबाद जगत जयसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, श्याम बहादुर सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

ग्राम सभा की जमीन पर पूर्व प्रधान कब्जा कर करा रहा निर्माण

● - ग्राम प्रधान ने एसडीएम से की शिकायत

नरैनी/बांदा। न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद गांव का पूर्व प्रधान ग्राम सभा की भूमि में जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य करने में उतारू है।ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को मामले से अवगत करा अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा शान्ति व्यवस्था कायम रखने की फरियाद की। ग्राम पंचायत हड़हा के ग्राम प्रधान अफसर अली ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया की गांव सभा में मौजूद नजूल की जगह जो की कागजात में नवीन परती के रूप में दर्ज भूमि पर पूर्व प्रधान अब्दुल कय्यूम उर्फ कंजू खां अवैध रूप पूर्व में अपनी पत्नी जहरा खातून के नाम फर्जी तरीके से पट्टआ कर चुका था।जो जिलाधिकारी के आदेश पर वर्ष 2013 में खारिज कर दिया गया था।लेकिन दबंगई के बल पर पूर्व प्रधान अब्दुल कय्यूम पुत्र अब्दुल रहमान,द्वारा पुनः कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया।जबकि लगातार भूमि में कब्जे से जुड़ा मामला उच्च न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है।ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन को पत्र देकर उच्च न्यायालय में वाद निस्तारण होने तक जमीन को कब्जा मुक्त रखने और अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की।मामले के संदर्भ में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से पक्ष जानने की कोशिश की गई तो फोन नही रिसीव

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली में समर कैम्प का हुआ भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात

मौदहा,हमीरपुर। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली, मौदहा,हमीरपुर में समर कैंप का समापन हुआ। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस समर कैम्प में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली,मेहंदी, पोस्टर, रोल प्ले तथा आर्ट- क्राफ्ट की प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल तथा विशिष्ट अतिथि गुरु तेज प्रताप सिंह एआरपी रहे।मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के पश्चात मतदाता जागरूकता गीतों से उपस्थित अभिभावकों को प्रेरित किया। इसके उपरांत खंडशिक्षाधिकारी महोदय मौदहा द्वारा समर कैम्प में रंगोली, आर्ट क्राफ्ट तथा पोस्टर प्रतियोगिता के समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, ज्योमेट्री बॉक्स एवं स्कैच पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा शेष बच्चों को भी स्कैच पेन देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों व बच्चों को मतदाता शपथ भी दिलाया गया। अपने संबोधन में बीईओ रामगोपाल ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि हम सभी मतदान में शत-प्रतिशत प्रतिभाग करें। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी एक अभियान चलाकर एक-एक मतदाता से संपर्क करें और उन्हें उनके मत के महत्व के बारे में भी बताएं। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की भरपूर सराहना की व उत्साहवर्धन किया।। कार्यक्रम का संचालन हरिमोहन गुप्ता द्वारा किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरीशंकर, गीता देवी, रचना, रश्मि गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सलमा खातून एवं प्रशिक्षु शिक्षक अंजनी, स्नेहा सोनी, शकुंतला, करण सिंह, अनिल कुमार एवं फत्तेपुरवा से आलोक रंजन एवं मदाइन टोला से पूजा सिंह उपस्थित रहीं।

मनुष्य जीवन सांसारिक भोग में नही कृष्णभक्ति में बिताएं-आचार्य धरणीधर

स्वतंत्र प्रभात

सन्तकबीरनगर। विकास खंड बघौली के अंतर्गत उतरावल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि बिना जाति और बिना मजहब देखे इनसे आप जो मांगे ये आपको वो मनवांछित फल देती है और अगर कोई कुछ न मांगे तो उसे मोक्ष पर्यन्त तक की यात्रा कराती है। इस अवसर पर मुख्य यजमान बेचन प्रजापति, चंद्रिका प्रजापति, सुभाष पाण्डेय, रामनरेश राय, सुरेंद्रनाथ राय, नरेंद्र राय, राधेश्याम राय, प्रवीण पाण्डेय, बैजनाथ राय, श्रवण पाठक, राम बुझारत राय, संदीप

प्रजापति, प्रेम प्रजापति, मणिन्द्र पाण्डेय, फूलचंद राय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

पूरनपुर कोतवाली एस एच ओ संजीव कुमार शुक्ला ने पत्रकार को धमकी देने वाले खिलाफ मुकदमा दर्ज

जिले भर में आए दिन सुनने को मिलता है की पत्रकार को दी गई धमकी

पूरनपुर कोतवाली एस एच ओ संजीव कुमार शुक्ला पत्रकार को फोन पर दी गई धमकी के तहरीर के आधार पर लिखकर मुकदमा पत्रकार को फोन पर धमकी देना एक युवक को पड़ा भारी, धमकियों के साथ पत्रकार से की गई गाली गलौज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार ने थाना कोतवाली पूरनपुर को दिया शिकायती पत्र, जिस पर एस एच ओ संजीव कुमार शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित पत्रकार की तहरीर के आधार पर तत्काल आरोपी पर मुकदमा किया पंजीकृत,पीलीभीत कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र का पूरा मामला।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गोपालपुर अचानक आग लगने से गाय की मौत, भैंस और गये घायल

पूरनपुर सुखविंदर सिंह के बाड़े में अचानक आग लगने से एक गाय की मौत हो गई गाय और एक भैंस और गाय गंभीर रूप से हुई घायल आग लगने से गाय की मौत, भैंस और गये घायल। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी सुखविंदर सिंह पुत्र संतोष सिंह रात अचानक आग लग जाने से घर में बधी एक गाय जलकर मर गई। जबकि एक भैंस और गये बुरी तरह से झुलस गई। जानकारी के अनुसार सुखविंदर सिंह पुत्र संतोष सिंह हवा से आई चिंगारी से अचानक जानवरों के छप्पर आ गिरीं जिसके कारण आग लग गई और देखते ही देखते जानवरों की सार जलकर राख हो गई। झोपड़ी में बधी एक गाय मौके पर ही जलकर मर गई । और एक गये और भैंस बुरी तरह जल कर घालल हों गई परिवार वाले ने बहुत मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

जोगीठेर विद्यालयमें बांटे गए निशुल्क सेनेटरी पैड

बरेली। कम्पोजिट विद्यालय जोगीठेर में बालिका शिक्षा और सुरक्षा अभियान के तहत माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ सौरभ कुमार अग्रवाल ने निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। डॉ सौरभ ने बालिकाओं को अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने की अपील की। प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने बालिकाओं के उत्थान की दिशा में कार्य के लिए। डॉ सौरभ कुमार अग्रवाल का सम्मान किया। डॉ सौरभ ने भी राष्ट्रपति पुरस्कार पाने पर प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने सुंदर नृत्य और गीत प्रस्तुत किये। उनको पुरस्कृत किया गया। डॉ सौरभ ने स्कूल कैंपस में एक पौधा भी रोपा। इस दौरान दीपा गुप्ता, रेनू गंगवार, रमेश सागर, नीलम, मीनू रस्तोगी, कृष्णा स्वाति, गीता यादव, रुचि दिवाकर, रिम्पल सिंह, गौरव गंगवार,चरण सिंह, मोहन सिंह, सुधांशु कुमार, बेबी तबस्सुम, आकांक्षा रावत आदि शिक्षक मौजूद रहे।

पड़ोसी मनचले युवक ने किशोरी के कपड़े फाड़े और की छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

सिंगाही खीरी। नाबालिग किशोरी के साथ उसके ही पडोस के मंचले युवक ने घर मे घूस कर कपडे फाड कर की छेडछाड नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर दे कर आरोप लगाया है सिंगाही पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक पर छेडछाड किये जाने का मुकदमा लिखकर आरोपी की तलाश कर रही है और लडकी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिलामुख्यालय भेज दिया है सोमवार को करीब बारहा बजे नाबालिग किशोरी के पिता लोकसभा के महापर्व पर वोट डालने के लिए गया था नाबालिग किशोरी अपने घर में अकेली थी तभी पडोस के रहनेवाले मंचले युवक अमीत पुत्र मेलाराम निवासी भैडौरा ने उसके घर में घूस कर उसके कपडे फाड कर उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया तभी नाबालिग किशोरी ने शोर मचा दिया किशोरी के शोर करने पर मंचला युवक घर से भाग गया जब पिता घर पर वापस आए तो लडकी ने आपने पिता को आप बीती बताई। नाबालिग लड़की के पिता ने सिंगाही थाने में तहरीर दे कर न्याय की गुहार लगाई थानाध्यक्ष अमीत सिंह भदौरिया ने बताया कि पिता की तहरीर पर छेडछाड का मुकदमा दर्ज कर लडकी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी खुले आम घूम रहा नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला वहसी कामांन्ध शिक्षामित्र

● - इससे पहले भी लगभग दो मांह आगजनी के मुकदमे में जेल काट चुका है उक्त शिक्षा मित्र बालेश्वर मिश्रा

मासूम बालिका से काफी समय पहले पहले से अश्लीलता किए जाने के लग रहे आरोप

शिक्षक जैसे गरिमामयी पद को कलंकित करने वाले शिक्षा मित्र को गिरफ्तार करके मैगलगंज पुलिस ने छोड़ा

उक्त वहसी दरिंदे शिक्षामित्र पर दर्ज किया गया है छेड़छाड़ और पास्को एक्ट के तहत अभियोग

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी एक तरफ जहां योगी सरकार पढ़े बेटियां बढे बेटियां और महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के बड़े-बड़े दाबे भले कर रहे हो लेकिन उनके इन दावो की उन्हीं के मातहतों द्वारा पोल खोली जा रही है। जिसके चलतेसरकार के उपरोक्त दावे और नारे हकीकत के धरातल पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण आप जनपद खीरी के थाना मैगलगंज के अंतर्गत स्थित संविलियन विद्यालय में देखा जा सकता है। जहां पर कक्षा 5 में पढ़ने वाली बालिका के साथ एक वहसी, कामांध, शिक्षामित्र द्वारा अश्लीलता किए जाने का मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। और लोग योगी सरकार के लॉ एंड ऑर्डर की खुली मजाक उड़ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ पीड़ित स्कूली कक्षा 5 की छात्रा के परिवार में भारी जना क्रोस व्याप्त है। नाबालिक छात्रा के परिजनों की तहरीर पर पुलिस द्वारा छेड़छाड़ और पास्को एक्ट के धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके आरोपी शिक्षा मित्र को गिरफ्तार करने के बाद शाम को छोड़ दिए जाने की चर्चा जोरों पर है ।लोगों का कहना है की पास्को जैसी गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी आरोपी शिक्षामित्र को गिरफ्तार करके पुलिस द्वारा छोड़ दिया जाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने को काफी है। जिससे सरकार की साख को भी बट्टा लग रहा है। स्थानीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी को सत्य माने तो पीड़ित छात्रा संविलयन विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा है जो 11 वर्षीय नाबालिक बालिका बताई जाती है। उक्त छात्र के साथ इस विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र द्वारा दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे डाला गया। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त शिक्षा मित्र द्वारा बहुत पहले से अश्लीलता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त शिक्षा मित्र की इस अश्लील हरकत से तंग होकर बालिका ने रोते हुए अपने घर जाकर परिजनों को सारी बात बताई जिसे परिजनों में आक्रोश बढ़ गया और अपनी मासूम बेटी के साथ की गई अश्लीलता से आक्रोशित परिजनों ने मामले के लिखित तहरीर थाना मैगलगंज में दी। मामले की शिकायत मिलते ही थाना पुलिस मैगलगंज द्वारा मामले की स्कूल जाकर जांच की और बच्चों से भी पूछताछ किए जाने की बात सामने आई है। इसके बाद छेड़छाड़ और पास्को एक्ट के धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी शिक्षामित्र को गिरफ्तार कर थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा लाया गया और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी ।सूत्र बताते हैं उक्त शिक्षा मित्र को रात में पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया है जिससे उक्त शिक्षा मित्र के हौसले बुलंद हैं। हर कोई ग्रामीण का एक ही सवाल है कि आखिर पास्को जैसी गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद आखिर किस दवाव में उक्त दरिंदगी के आरोपी शिक्षामित्र को खुली हवा में घूमने के लिए छोड़ दिया गया।

इससे पहले भी उक्त शिक्षामित्र बालेश्वर मिश्रा जा चुका है जेल

छेड़छाड़ और पास्को एक्ट के आरोपी शिक्षामित्र बालेश्वर इससे पहले भी आगजनी के मुकदमे में जेल जा चुका है और लगभग दो माह तक जिला कारागार लखीमपुर खीरी में निरूद्ध रहा है ऐसा सूत्र बताते हैं।

इस संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज से

जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया उक्त मुकदमे में 7 साल की सजा वाली धाराएं होने के चलते गिरफ्तारी नहीं की गई है।

क्या कहते हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी प्रवीण कुमार तिवारी

उपरोक्त प्रकरण में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी प्रवीण कुमार तिवारी से उनके सीयूजी नंबर पर कॉल करके उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ना लगने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी।

पीलीभीत रेलवे समस्याओं को लेकर मंडलउद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल रेल प्रबंधक को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा

● - पीलीभीत रेलवे से संबंधित समस्याओं समाधान की उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मांग।

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत रेलवे से जुडी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष के निर्देश पर नगर इकाई ने मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। दिल्ली तथा लखनऊ के प्रतिदिन रेल संचालन सहित विभिन्न समस्याओं को ज्ञापन में रखा गया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई न उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एम ए जिलानी के निर्देशानुसार नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्टेशन अधीक्षक से मिला और मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल को संबोधित ज्ञापन दिया।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल को संबोधित ज्ञापन में मांग की है कि टनकपुर से नई दिल्ली और लखनऊ के प्रतिदिन ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए जिससे व्यापारी वर्ग एवं आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके। नई दिल्ली के लिए संचालित ट्रेनों का समय में भी बदलाव किया जाए क्योंकि संचालित करने का समय ऐसा नहीं है जिससे व्यापारी वर्ग या आम जनमानस को लाभ हो।

ज्ञापन मे कहा गया है कि जहां आज हिंदुस्तान में ट्रेनों का जाल फैला हुआ है भारत सरकार आम जनमानस एवं व्यापारियों की सहूलियत के अनुसार ट्रेनों को बढ़ा रही है लेकिन रेलवे अधिकारियों की उदासीनता के चलते पीलीभीत के व्यापारी राजधानी लखनऊ एवं देश की राजधानी दिल्ली से कोसो दूर है। ज्ञापन में चेतावनी दी गयी है कि अगर शीघ्र दिल्ली और लखनऊ के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ तो उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल एक दिवसीय धरना देगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, महामंत्री शलभ गंगवार, नगर उपाध्यक्ष ऋषि कनौजिया, नगर मंत्री गौतम गुहा, नगर कोषाध्यक्ष मोहम्मद ममनून, नगर उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, मीडिया प्रभारी रशीद अंसारी, शिव महेश्वरी, शेर सिंह, सुधीर पाल सिंह, प्रवीन मोहन अग्रवाल, निखिल राजपूत, राजीव राय, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, गौरव राणा, निखिल राजपूत, संतोष गुप्ता, पवित्र अग्रवाल, प्रमोद पंत, लीलाधर, पंकज सक्सेना, बबलू, शान आदि व्यापारी शामिल थे।

पीलीभीत पूरनपुर ईश्वर अकैडमी की छात्रा ने इंटरमीडिएट में प्राप्त किया तहसील में प्रथम और जिले में सातवां स्थान

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत पूरनपुर ईश्वर अकैडमी विद्यालय के प्रधानाचार्य स्टाफ की कड़ी मेहनत रंग लाई हर साल की तरह हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा पर लाने के उपरांत स्कूल स्टाफ एवं बच्चों में दौड़ी खुशी की लहर पूरनपुर तहसील क्षेत्र के सक्रिय भोपतपुर निवासी सरदार अमरजीत सिंह की बेटी ऐशदीप कौर इंटरमीडिएट की परीक्षा में 97त्न अंक पाकर तहसील में प्रथम और जिले में सातवां प्राप्त स्थान किया है इसी को लेकर ईश्वर अकैडमी प्रधानाचार्य एवं पूरे स्टाफ में खुशी की लहर है ऐशदीप कौर इंटरमीडिएट की परीक्षा बिना कोचिंग के 97त्न प्राप्त किये है ईश्वर अकैडमी के लिए प्रिंसिपल जानकारी देते हुए कहा यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होने की वजह से हमें और अधिक मेहनत करनी पड़ती है ताकि बच्चों का उज्जवल भविष्य दिया जा सके ईश्वर अकैडमी के प्रिंसिपल एवं पूरे स्टाफ की मेहनत रंग लाई जिसके कारण अकेडमी के बच्चे तहसील एवं जिला स्तरीय टॉप लिस्ट में शामिल हैं और ऐशदीप कौर ने तहसील में प्रथम स्थान और जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया अपने विद्यालय और अपने माता-पिता सम्मान बढ़ाया है पूरनपुर तहसील क्षेत्र के विद्यालय विद्या मंदिर ,सेंट जोसेफ, स्वामी पब्लिक एजुकेशन, अकल अकैडमी गोमती, ईश्वर अकैडमी सभी विद्यालयों का रिजल्ट हाई स्कूल इंटरमीडिएट

का बहुत ही अच्छा रहा है बच्चों में खुशी की लहर है अभिभावक भी क्षेत्रीय विद्यालयों की प्रशंसा कर रहे हैं पूरनपुर तहसील क्षेत्र के यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट का परीक्षा फल शत प्रतिशत बहुत ही अच्छा रहा है।

मतदान के दिन पूर्व प्रधान पर हुआ था जानलेवा हमला, चार लोगों पर एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र में मतदान के दिन वोट डालकर मतदान केंद्र से बाहर निकले पूर्व प्रधान पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने गांव के ही पूर्व प्रधान और उनके चार बेटों के खिलाफ जानलेवा हमला, बलवा समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

बता दें की थाना नीमगांव के गांव नगरा निवासी पूर्व प्रधान राजकुमार उर्फ राजू जायसवाल और गांव के ही पूर्व प्रधान त्रिभुवन उर्फ बंटी के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। 13 मई की दोपहर राजकुमार वोट डालने गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरा गए थे। जैसे वह पोलिंग बूथ से वोट डालकर घर जाने के लिए निकले।

पहले से स्कूल के बगल में ही घात लगाए बैठे पूर्व पूर्व प्रधान त्रिभुवन उर्फ बंटू, उनके बेटे रोहित, मोहित, सौरव, गौरव ने उन पर लाठी-डंडों और धारधार हथियार से हमला बोल दिया। इससे राजकुमार उर्फ राजू जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने किसी तरह से पोलिंग बूथ में जाकर अपनी जान बचाई थी। घायल पूर्व प्रधान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका उपचार चल रहा है।घायल पूर्व प्रधान के भाई विजय कुमार जायसवाल की तहरीर पर थाना नीमगांव पुलिस ने पांचवे दिन पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष श्रद्धा सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द ही चालान भेजा जाएगा।

आवारा पशुओं से निजात दिलाने को बड़ी गौशाला स्वीकृत रवि शंकर गंगवार

● - राजस्व टीम के साथ ब्लॉक प्रमुख ने किया निरीक्षण।

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/विकासखंड भदपुरा मैं आवारा पशुओं से किसानों की फसल बचाने के लिए शासन ने बड़ी गौशाला बनाने को दी मंजूरी आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए शासन स्तर पर इसकी शिकायत भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार ने किसने की थी फसल आवारा पशुओं से बचने के लिए शासन को पत्र भी लिखा था। जिसके तहत प्रदेश सरकार ने विकासखंड भदपुरा में एक बड़ी गौशाला खोलने की मंजूरी दे दी है इसके निर्माण कार्य हेतु विकासखंड की ग्राम पंचायत मधु नगला में एक हेक्टेयर भूमि पर बड़ी गौशाला का निर्माण किया जाएगा इसमें करीब 500 आवारा पशुओं को पकड़ कर रखा जाएगा इसके लिए आज भूमि चिन्हित करने के लिए राजस्व टीम में नायब तहसीलदार कानून को के साथ ही लेखपाल योगेश कुमार लेखपाल धर्मेंद्र कुमार खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान पशु चिकित्सा अधिकारी नीरज यादव निर्माण संस्था के असिस्टेंट इंजीनियर ठेकेदार शुक्ला ग्राम प्रधान सुमित कुमार वर्मा रामवीर सिंह यादव हरपाल फौजी दिनेश गंगवार मुकेश कुमार आदि के समक्ष गांव में भूमि का नाप करने के बाद गौशाला बनने के लिए भूमि को चिन्हित किया गया। इस भूमि पर तीन-चार दिन के अंदर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा इस गौशाला का निर्माण कार्य के लिए शासन से धनराशि स्वीकृत कर दी गई है ब्लॉक प्रमुख पति की अध्यक्षता में इस भूमि की पैमाइश कर सीमाएं सुनिश्चित कर दी गई ताकि निर्माण कार्य में किसी भी तरह का कोई भी विवधान उत्पन्न ना हो सके बताया गया इस गांव में करीब तीन हेक्टर ग्राम समाज है जिसे शीघ्र कब्जा मुक्त कर गौशाला के सुपुर्द किया जाएगा रवि शंकर गंगवार ने बताया इसी तरह की विकास खंड में और भी जगह पर भूमि तलाश करने के बाद बड़ी गौशालाओं का निर्माण शासन द्वारा कराया जाएगा ताकि किसानों को आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाया जा सके और किसानों को फसलों का होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा।

शॉर्ट सर्किट से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। रमियाबेहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे बिजली आपूर्ति पैनल के पास शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। आग लगने सीएचसी में अफरातफरी मच गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने फायर सिलिंडर की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।दोपहर के समय सीएचसी में मरीज और तीमारदारों की भीड़ थी। आशा कार्यकर्ताओं और पियर एजुकेटर की बैठक चल रही थी। इसी समय अस्पताल के इलेक्ट्रिक रूम में बिजली आपूर्ति पैनल के पास शार्ट-सर्किट की वजह से आग लग गई। आग देख अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मरीज व कर्मचारी अपने-अपने केबिन से निकलकर बाहर की ओर दौड़े। आग देख सीएचसी अधीक्षक ने सूझबूझ से काम लिया। बचाव को रखे फायर उपकरणों का प्रयोग किया गया। वार्ड ब्वाय अखिलेश कुमार वार्ड और अरुण कुमार ने फायर सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। रमियाबेहड़ सीएचसी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज-तीमारदारों का आना-जाना होता है। बताया जा रहा है कि सीएचसी का बिजली मीटर खराब है। सुधार को दिए गए पत्र पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा। आग से मुख्य केबिल भी जल गई है।सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व बिजली विभाग निघासन एसडीओ को दो बार पत्र दिए और वार्ता भी की। मगर विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। सीएचसी का मीटर खराब है। सप्लाई की मेन लाइन खराब है जो आज जल गई। अन्य कोई नुकसान नहीं हुआ।

सड़क हादसे में गई ग्राम पंचायत सचिव की जान ब्लॉक मुख्यालय पर हुई शोक सभा

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/विकासखंड भदपुरा में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव अमित दंगल आज अपने क्षेत्र से कार्य करने के बाद वापस बरेली जा रहे थे नवाबगंज बरेली मार्ग पर लाभेड़ा के पास में रोडवेज बस ने सचिव अमित दंगल की स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे वह लहू लुहान होकर सड़क पर गिर गए। एंबुलेंस द्वारा अमित को अस्पताल पहुंचाया गया वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया इस घटना की सूचना मिलते ही विकास खंड मुख्यालय पर भी शोक लहर दौड़ गई खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान के नेतृत्व में विकासखंड मुख्यालय पर 2 मिनट का मौन रखकर

अधिकारियों कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति को कामना की। इसमें ब्लाक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान तकनीकी सहायक जितेंद्र पाल सिंह एपीओ सुमित सक्सेना एवं विकासखंड के अन्य कर्मचारी गढ़ के साथ ग्राम प्रधान सत्येंद्र मोहन वेदपाल सिंह कनौजिया आदि लोगों ने भी इसमें भाग लिया ग्राम पंचायत सचिव की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत पर ब्लॉक प्रमुख पति ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया और कहा इस ब्लॉक ने एक संघर्षशील एवं कर्मठ सचिव को दिया है उनके कार्य को ब्लॉक सदैव याद रखेगा।

जगनपूरवा में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के गांव जगनपुरवा में गुरुवार की देर शाम एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी शादी 11 महीने पहले हुई थी। बताया गया है कि जेवर गिरवी रखने को लेकर उसका पति से विवाद हुआ था। इसके बाद विवाहिता ने आत्मघाती कदम उठा लिया। जगनपुरवा निवासी विकास की शादी 11 महीने पहले भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तौली निवासी संगीता 22 पुत्री राकेश के साथ हुई थी। दोनों का जीवन अच्छा चल रहा था। परिजनों का कहना है कि विवाहिता बुधवार को अपनी बीमार मां को देखने बस्तौली गई थी। उसी दिन विकास के साथ वापस आ गई।

बताते हैं कि संगीता के जेवर मायके में रखे थे। पति कर्ज चुकाने को लेकर जेवर गिरवी रखने की बात कह रहा था। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद संगीता ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। मामले की जानकारी होने के बाद संगीता की मां ने बताया कि उसकी पुत्री का जेवर मायके में रखे होने की बात को लेकर विवाद हो गया था। भीरा एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि देर शाम घटना की सूचना मिली थी। मायके पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है अगर कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

किसान की दो बीघा जमीन प्लाटिंग में मिलाई पुलिस को दी गई तहरीर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। नगर की अलीगंज रोड पर नगर से सटे किसान के खेत को प्लाटिंग में मिला लिए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। नगर के मुहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी एडवोकेट प्रवीण कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है किपुनर्भूग्रंट में उनके खेत के निकट सिकंदरपुर शाहनगर निवासी ओमकार सिंह की प्लाटिंग है। 15 मई की रात ओमकार सिंह ने दो बीघा गन्ने की फसल जोतकर खेत अपनी प्लाटिंग में मिला लिया। जानकारी होने पर जब वह 16 मई को मौके पर पहुंचे तो ओमकार सिंह ने अभद्रता करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव के लिए गैर जनपद ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के पंचम, षष्टम, सप्तम चरण में क्रमशः जनपद गोंडा, सिद्धार्थनगर एवं कुशीनगर में होने वाले मतदान हेतु चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन खीरी में पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद खीरी से पंचम चरण में निर्वाचन ड्यूटी हेतु 01 निरीक्षक, 63 उ0नि, 956 हे0का0/का0 (सशस्त्र) व 94 हे0का0/का0 (निःशस्त्र) व षष्टम चरण में 01 निरीक्षक, 51 उ0नि, 948 हे0का0/का0 (सशस्त्र) एवं सप्तम चरण में 01 निरीक्षक, 43 उ0नि, 646 हे0का0/का0 (सशस्त्र) को लगाया गया है। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पार्टियों को रवाना करने से पहले पुलिस लाइन ग्राउंड में समस्त पुलिसकर्मियों को एकत्र करके चुनाव आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। साथ ही अत्यधिक गर्मी के मौसम के कारण अधिक से अधिक तरल व पौष्टिक आहार लेकर अपने आप को स्वस्थ रखने के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए, साथ ही ड्यूटी हेतु रवाना होने वाले समस्त पुलिसकर्मियों को फल व पानी की बॉटल वितरित कराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) नैपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी धौरहरा, प्रतिसार निरीक्षक खीरी व चुनाव सेल प्रभारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

अदलहाट, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के बड़भुइली ग्राम स्थित एक मकान के गैलरी में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु चुनार भेज दिया। अदलहाट थाना क्षेत्र के हांसापुर (नैठी पचवा) ग्राम निवासी 24वर्षीय राहुल गुप्ता उर्फ बल्लू पुत्र कल्लू प्रसाद गुप्ता का शव बड़भुइली ग्राम निवासी लक्ष्मण पटेल पुत्र शिव करन पटेल के मकान के गैलरी में संदिग्ध परिस्थिति में मिलने पर स्वजनों ने पुलिस को सूचना दिया। मृतक के पिता कल्लू प्रसाद गुप्ता के तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

ट्रेन की बोगी में मिला महिला का सिर कटा शव

चुनार। चुनार रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह पटना से मुंबई जाने वाली पटना जनता एक्सप्रेस की जनरल बोगी में एक लाल सूटकेस में महिला का सिर कटा शव अर्द्धनग्न अवस्था में मिला। प्रथम दृष्टया महिला विवाहित लग रही है। लावारिस बैग की सूचना पर आरपीएफ चुनार इंस्पेक्टर मो. सालिक व जीआरपी चौकी प्रभारी रमाशंकर यादव मौके पर पहुंचे और सुबह सात बजे प्लेटफार्म नंबर 3 से पटना जनता एक्सप्रेस की पीछे जनरल बोगी से एक लाल रंग का बड़ा सा सूटकेस मिला जिसके नीचे खून भी रिसा हुआ पाया गया। सूटकेस खोल कर देखने पर उसमें महिला का सिर कटा शव मिला। तत्काल जीआरपी ने घटना की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। करीब दस बजे मीरजापुर से फोरेंसिक टीम और बनारस से सीओ जीआरपी कुंवर प्रभात सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अनिल कुमार त्रिपाठी व विंध्याचल प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। सीओ ने बताया कि अभी घटना के संबध में जांच की जी रही है।

सीवर की समस्या जस की तस

सीखड़ संवाद। शुक्रवार को हमारा एक अख़बार तले आयोजित ग्राम चौपाल में मौजूद ग्रामीणों ने चुनाव पर चर्चा करते हुए बताया कि सरकार बदली पर गाँव कि समस्या जस का तस रह गया । गांवों में सीवर की समस्या से निजात नहीं मिला हमेशा बरसात जैसा अहसास होता रहता है। गांव से गाँव में ही जाना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या विकास खण्ड सीखड़ के लरछुट ग्राम सभा बटौवा का है। जहा पर गांवों के नाले के पानी का निकास नही हो पाता। सड़क पर पर नाले का पानी इतना भर जाता है जैसे छोटी-मोटी नदी बह रही हो। गाँव का विकास सुन्य है यहाँ पर महिलाओ के लिए स्वास्थ परिक्षण आदि जाँच कराने के लिए एएनएम सेंटर कि सुविधा नहीं है।गाँव से मेंन सड़क कि दूरी एक किलो मीटर से ज्यादा है रोड पर जाने के लिए ईट का खड़ंजा है सड़क पर जाने के लिए टुटी फुटी सड़क है किसी प्रकार से लोग निजी वाहन आदि माध्यम से आवागमन करते हैं।

जलकल कार्यालय निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने जनता की सुनी समस्याएं

मीरजापुर। नगर पालिका परिषद के जलकल विभाग में औचक निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगर के विभिन्न वार्डो से आए लोगो की समस्याओं को सुना।विभिन्न वार्डो से आई जनता ने गंदे पानी आने,कई जगह पानी न मिलने की शिकायत की।नपाध्यक्ष ने सभी की समस्याओं को सुनकर जलकल विभाग के अधिकारियो को उनका त्वरित निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

85 प्लस वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के घर 18 से 20 मई तक जाकर मतदान सुनिश्चित कराने वाली पोलिंग पार्टियों को आज जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टेऊट से करेंगे रवाना

● पोस्टल बैलेट के द्वितीय चरण में 791 वृद्धजन व दिव्यांगजन मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को करेंगे मजबूत

फार्म 12-डी भरने वाले 791 मतदाता, 85 प्लस वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के घर 18 से 20 मई के बीच में 30 पोलिंग पार्टिया जाकर कराएगी मतदान-डीईओ

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 17 मई, 2024:-भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से उनके घर पर ही मतदान कराने हेतु कलेक्टेऊट परिसर से जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह व प्रभारी पोस्टल बैलेट/अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा सुबह 7 बजे पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जायेगा। पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय पर तीनो विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसर व तहसीलदार उपस्थित रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि 85 प्लस बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक ग्रस्त दिव्यांग मतदाताओं सहित कुल 791 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने फार्म 12-डी भरकर घर से ही डाक मतपत के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आवेदन किया था। 18 से 20 मई के बीच निर्धारित तिथि व समय पर पोलिंग पार्टी उनके घर पर जाकर उनका मतदान सुनिश्चित करायेगी। जनपद में पोस्टल बैलेट का प्रथम चरण 14 से 17 मई के बीच फार्म 12 के माध्यम से मतकार्मिको का मतदान सफलता पूर्वक सुनिश्चित हुआ। अब पोस्टल बैलेट के द्वितीय चरण के अन्तर्गत 18 से 20 मई तीन दिनों में 85 प्लस सीनियर सीटिजन व दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकारों का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर जनपदवासियों को 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट/अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 791 मतदाताओं ने जो फार्म 12 घ/डी भरकर घर से ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु आवेदन किया था, को मतदान कराए जाने

हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 18 से 20 मई तक प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कार्मिकों की 30 टीमें प्रतिदिन उनके घर जाकर मतदान सुनिश्चित कराएंगी। एक पोलिंग पार्टी में कुल 6 कार्मिक रहेंगे, जिसमें 01 माईक्रोआब्जर्वर, 02 पोलिंग पर्सन, 01 वीडियोंग्राफर, 02 पुलिस जवान रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, व पारदर्शी बनाये जाने हेतु पोस्टल बैलेट के माध्यम से 85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से ही मतदान करने की सूचना पूर्व में ही प्रत्याशियों को दे दी गयी है। जिससे वे स्वयं या उनके अधिकृत अभिकर्ता मतदान के समय उपस्थित रहकर मतदान प्रक्रिया की शुचिता का अवलोकन कर सकते है साथ ही इसकी सूचना मतदान से पूर्व ही बी0एल0ओ0 व एसएमएस के द्वारा मतदाताओं को इसकी जानकारी दी गयी है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का द्वितीय चरण के अन्तिम दिन कुशलता के साथ सम्पन्न हुआ मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

● मतदान कार्मिको को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण के चौथे व अन्तिम दिन कार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण कर दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 17 मई, 2024:-कार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी/जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश द्वारा प्रशिक्षण स्थल सेण्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के चौथे व अन्तिम दिन चार सदस्यीय मतकार्मिकों की टीम बनाकर दिये जाने वाले प्रशिक्षण के मॉक रिहल्सल का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मतकार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी ने निर्वाचन सम्बन्धित अधिकारियों एवं टीमों के समक्ष मतदान कार्मिकों-पीठासीन अधिकारी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान अधिकारियों को उनके कार्य उत्तरदायित्व एवं जबाबदेही से सम्बन्धित विभिन्न चरणों के कर्तव्यों का बोध कराया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को अक्षरसः पालन सुनिश्चित कराते हुए मतदान कार्मिकों की अपने बूथ पर निर्विघ्न, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढ़ग से मतदान सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी होती

है। समय से मॉक पोल, मतदान प्रारम्भ कराना, चौलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट, आसक्त, दिव्यांगजन, के द्वारा साथी की मॉग की स्थिति आने पर माननीय आयोग के निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करने सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण प्रभारी/जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश ने मतदान कार्मिकों से सम्बन्धित निर्वाचन कर्तव्य मतदाता की पहचान-एपिक या फोटोयुक्त 11 विकल्पों में किसी एक विकल्प, पोलिंग पार्टियों के रवानगी, ईवीएम एवं मतदान सामग्री, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट, वीवीपैट, एकीकृत मूल मतदाता सूची, ग्रीन पेपरसील, मतदाता रजिस्टर, मतदाता पर्ची, चेकलिस्ट, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ती, इन्ट्री पास, सहित विभिन्न मतदान कार्मिकों की जानकारी एवं सुविधा हेतु विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन टीम ने मास्टर टेऊनरों द्वारा प्रशिक्षण को संतोषजनक बताते हुए कुछ कमियों एवं प्रारूपों में सुधार करते हुए कुशलता के साथ प्रशिक्षण देने पर बल दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि मतदान जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता/अनुपस्थिति बर्दाश्त नही की जाएगी तथा मतदान कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए कठोरतम, दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी में प्रथम पाली में 06 व द्वितीय पाली में 07 दोनों पालियों में कुल 13 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समय पीडी डीआरडीए आदित्य कुमार, उप निदेशक डॉ0 अश्वनी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक विकायल भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह, डीपीआरओ संजय मिश्रा ,डीएलएमटी राकेश सिंह एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का द्वितीय चरण के अन्तिम दिन कुशलता के साथ सम्पन्न हुआ मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

● मतदान कार्मिको को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण के चौथे व अन्तिम दिन कार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण कर दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 17 मई, 2024:-कार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी/जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश द्वारा प्रशिक्षण स्थल सेण्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के चौथे व अन्तिम दिन चार सदस्यीय मतकार्मिकों की टीम बनाकर दिये जाने वाले प्रशिक्षण के मॉक रिहल्सल का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मतकार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी ने निर्वाचन सम्बन्धित अधिकारियों एवं टीमों के समक्ष मतदान कार्मिकों-पीठासीन अधिकारी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान अधिकारियों को उनके कार्य उत्तरदायित्व एवं जबाबदेही से सम्बन्धित विभिन्न चरणों के कर्तव्यों का बोध कराया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को अक्षरसः पालन सुनिश्चित कराते हुए मतदान कार्मिकों की अपने बूथ पर निर्विघ्न, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढ़ग से मतदान सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी होती

है। समय से मॉक पोल, मतदान प्रारम्भ कराना, चौलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट, आसक्त, दिव्यांगजन, के द्वारा साथी की मॉग की स्थिति आने पर माननीय आयोग के निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करने सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण प्रभारी/जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश ने मतदान कार्मिकों से सम्बन्धित निर्वाचन कर्तव्य मतदाता की पहचान-एपिक या फोटोयुक्त 11 विकल्पों में किसी एक विकल्प, पोलिंग पार्टियों के रवानगी, ईवीएम एवं मतदान सामग्री, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट, वीवीपैट, एकीकृत मूल मतदाता सूची, ग्रीन पेपरसील, मतदाता रजिस्टर, मतदाता पर्ची, चेकलिस्ट, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ती, इन्ट्री पास, सहित विभिन्न मतदान कार्मिकों की जानकारी एवं सुविधा हेतु विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन टीम ने मास्टर टेऊनरों द्वारा प्रशिक्षण को संतोषजनक बताते हुए कुछ कमियों एवं प्रारूपों में सुधार करते हुए कुशलता के साथ प्रशिक्षण देने पर बल दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि मतदान जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता/अनुपस्थिति बर्दाश्त नही की जाएगी तथा मतदान कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए कठोरतम, दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी में प्रथम पाली में 06 व द्वितीय पाली में 07 दोनों पालियों में कुल 13 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समय पीडी डीआरडीए आदित्य कुमार, उप निदेशक डॉ0 अश्वनी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक विकायल भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह, डीपीआरओ संजय मिश्रा ,डीएलएमटी राकेश सिंह एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हाइवे निर्माण कार्य ने पकड़ा रफ्तार , दुकानों के टूटने से बाजार में सन्नाटा

स्वतंत्र प्रभात

दुर्गागंज। स्थानीय थानाक्षेत्र के छनौरा बाजार में हाइवे निर्माण की जद में आए दुकानों के टूटने से बाजार प्रभावित हो गया है। छनौरा चौराहे पर स्थित समोसा , चाट-पकौड़ी व पान-सुपारी की दुकानों के टूटने से बाजार की रौनक गायब हो गई है। हाइवे निर्माण के दायरे में आए मकानों व दुकानों को तोड़कर निर्माण कार्य में तेजी लाया गया है। भीषण गर्मी व कड़कड़ाती धूप में भी निर्माण कार्य में मजदूर लगे हुए हैं मछलीशहर से दुर्गागंज वाया भदोही तक हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा है। हाइवे निर्माण कार्य में इन दिनों तेजी आ गई है , हाइवे निर्माण के दायरे में जहां-जहां दुकान व मकान आ रहे थे ऐसे मकानों को हाइवे प्राधिकरण की तरफ से अल्टिमेटम दिया गया था और अब निर्माण कार्य की जद में आ रहे आशियाने टूटने लगे हैं। दुर्गागंज थानाक्षेत्र के छनौरा बाजार व सदलुबीर के आसपास हाइवे निर्माण के दायरे में आए

दुकानों के टूटने से बाजार प्रभावित हो गया है।

राजगढ़ पत्थरों पर पुराने जमाने के मिले चित्र और गुफाएं पुरातत्व विभाग करे संरक्षण

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। नक्सल प्रभावित गांव निकरिका ग्राम सभा के लिखनिया गांव के पहाड़ों के जंगल के बीच में बसा है चारों तरफ जंगल है अब वहां पर दिए गए बस्ती बनने से जंगलों का अस्तित्व खत्म हो रहा है। लेकिन गांव से कुछ ही दूरी पर वहां पर पत्थरों के बीच में सीता कोहबर के नाम से विख्यात है। पहले यहां पर स्थानीय लोग बताते हैं कि यह सैकड़ों वर्ष पुराना सीता कोहबर है। लेकिन इसका अस्तित्व खत्म हो जा रहा है पत्थर तोड़ने वाले इसका अस्तित्व खत्म कर दिए हैं। क्योंकि चारों तरफ पत्थरों पर लिखा हुआ पुराने जमाने का चित्र है। जिसकी गुफा बहुत छोटी हो चुकी है। जिस को नष्ट किया गया है और यह धीरे-धीरे खत्म होने के कगार पर पहुंच चुका है। अब इसका संरक्षण नहीं किया गया तो कभी भी खत्म हो सकता है। जिसे पत्थर तोड़ने वाले इस को क्षतिग्रस्त कर दिए हैं। जंगल विभाग की मिलीभगत से अवैध ठेकेदारों को पत्थर खनन करने को लेकर आए दिन विवाद होता है। अब पहले जैसा नहीं रह गया है लेकिन आज भी सीता कोहबर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है । यहां पर स्थानीय लोगों के अलावा बाहरी व्यक्ति कोई नहीं पहुंच सकता है और क्योंकि यह बड़े-बड़े पत्थरों के बीच झाड़ियों में बना है। अब तो यहां पर सीता का पद चिन्ह उर्दू में लिखा हुआ है,और अन्य चीजें यहां से पत्थर पर लिखी हुई या तो नष्ट हो चुके हैं या तो कोई उठा ले गया ।बस यहां पर सीता का कोहबर के अलावा यहां पर कुछ भी नहीं है। यहीं से कुछ दूरी पर पत्थरों पर अनेकों प्रकार के चित्र बने हुए हैं जो समझ से पड़े हैं। यहां पर जाने के लिए रास्ता नहीं है जिला मुख्यालय से यहां पर पहुंचने के लिए लगभग 70 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी क्योंकि चारों तरफ झाड़ियां बड़े-बड़े पत्थर यहां पर आज भी मौजूद हैं ।लेकिन जंगल होने के कारण पत्थर तोड़ने वाले इस को नष्ट कर दिए ।नहीं तो आज यह देखने लायक होता और पर्यटन के लिए विख्यात होता है। पुरातत्व विभाग भी चाहे तो यहां पर आकर देख सकता है। यहां पर इन पत्थरों पर सैनिकों के बीच चित्र बने हुए हैं जो आकर्षण केंद्र बने हुए हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि अगर यहां पर पुरातत्व विभाग आकर इसका संरक्षण करें तो कई राज खुलेंगे। पत्थरों पर लिखी गई आकृतियों को संजोया जा सकता है और बचाया जा सकता है ।लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है जिससे यह अपना अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। इसी के कुछ ही दूरी पर एक सुरंग जैसा दिखाई देता है जो बड़े से पत्थर से ढक गया है। स्थानीय निवासी जगदीश कैलाश विनोद रवि ने बताया कि यह सुरंग और सीता कोहबर हजारों वर्ष पुराना है । स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां पर राम लक्ष्मण और सीता यहां पर रुके हुए हैं। इसी के नाम से इसका नाम सीता कोहबर हुआ है। यहां पर जितनी भी लिखावट थी उसको पत्थर तोड़ने वाले नष्ट कर दिए या कहीं उठा ले गए अब बस पत्थरों के बीच में कोहबर ही बचा हुआ है।

यहां पर कुछ दूरी पर एक सुरंग है यह भी हजारों वर्ष पुराना है यहां पर पत्थरों पर पुराने जमाने के चित्र आज भी बने हुए हैं जिसमें मनुष्य हाथी घोड़ा कुत्ता सूर्य अनेक तरह के चित्र बने हुए हैं। जो आज भी साफ साफ दिखाई दे रहे हैं और पत्थरों पर कुछ लिखा हुआ है जो कुछ समझ में नहीं आ रहा है। और इन्हीं पत्थरों के नीचे एक सुरंग बनी हुई है। जिसको स्थानीय लोग इसको पत्थरों से ढक दिए हैं। और इन पत्थरों पर कुछ लिखा हुआ है। अगर पुरातत्व विभाग चाहे तो इसका संरक्षण कर सकता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यह सुरंग चुनार किला मीरजापुर और विजयगढ़ किला सोनभद्र तक जाता है जिसमें स्थानीय ग्रामीण पत्थरों से ढक दिए हैं। और ग्रामीणों के अनुसार इसी सुरंग में चार-से पांच टन का अजगर सांप भी है। जब ग्रामीणों द्वारा पत्थर हटाया जा रहा था सुरंग दिखाई दे रही थी, लेकिन अंधेरा होने की वजह से फिर ढकना शुरू कर दिया गया। यह सुरंग भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। सुरंग के बाहर पुराने जमाने के चित्र आज भी बने हुए हैं जिसमें घोड़ा हाथी कुत्ता मनुष्य और अन्य तरह के कई चित्र आज भी मौजूद हैं। यहां तक पहुंचने के लिए मिर्जापुर जिला से इसकी दूरी लगभग 70 किलोमीटर है। और यह जंगलों के बीच में बसा लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर बड़े-बड़े पत्थरों के बीच में स्थित है यहां पर लोकल यानी स्थानी ग्रामीणों के अलावा कोई भी इस जगह के बारे में नहीं जानता है नहीं कहीं आज तक देखा है। पंचशील की दरी पर उसके नीचे पत्थरों पर लिखा हुआ है लेकिन भालूओं के डर से कोई नीचे जाना ही नहीं चाहता है कई बार ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर दिया है इसलिए लोग नीचे नहीं जाते हैं पंचशील की जड़ी से कुछ आगे जाने पर वहां पर भी एक दरी है यह भी जंगलों के बीच में बसा हुआ है और देखने बहुत ही खूबसूरत है। अगर इसे संरक्षण नहीं दिया गया तो आने वाले कुछ वर्षों में यह पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा जिसे पत्थर तोड़ने वाले धीरे-धीरे थे खत्म करते जा रहे हैं। और जंगल विभाग कुछ नहीं कर पा रहा है।

स्थानीय लोगों के प्रयास से पत्थर तोड़ने वाले साल भर से शांत हैं और इस जगह पर नहीं जा रहे हैं जिससे यह साल भर से बचा हुआ है कई बार ग्रामीण पत्थर तोड़ने वाले का विरोध कर चुके हैं लेकिन वन विभाग की मिलीभगत से यह सब हो रहा है।

जंगली सुअर की हमले से अधेड़ की मौत

जमालपुर। क्षेत्र के जमालपुर स्थित सिवान में शुक्रवार की सुबह जंगली सुअर के हमलें से एक अधेड़ मजदूर की मौत हो गई वहीं दुसरी तरफ ओड़ी चट्टी निवासी दुकानदार सुअर के अक्रामक हमले से गंभीर रूप से चोटिल हो गया जिसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रधान की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल की जांच पड़ताल किया वहीं अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया । राम विलास उर्फ कैदू बाबा उम्र 50 वर्ष पुत्र बसंतू बियार निवासी जमालपुर शुक्रवार की सुबह घर के पास खेत में शौच करने के लिए गए हुए थे कि अचानक जंगली सूअर ने शुक्रवार की अलसुबह अधेड़ पर हमला बोल दिया। मौके पर जुटे परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर लें गए जिसे चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही मृतक के पुत्र अजीत व सुजीत का रो रोकर हाल बेहाल हो गया वही गांव में मातमी माहौल छा गया।मृतक मजदूर के पास मकान के अलावा एक धूर जमीन नहीं है हर रोज मजदूरी करके अपने दोनों बच्चों का भरण-पोषण करता था । मृतक की पत्नी तारा का दस वर्ष पहले मौत हो चुकी है। ग्राम प्रधान सुशील सिंह की सूचना पर पहुंचे उप क्षेत्रीय वन अधिकारी विनित तिवारी के साथ वन दरोगा चुनार सीता राम की टीम ने जंगली सूअर को खोजने के लिए झाड़ी,बगीचा, खेत,नहर किनारे देखनें के बाद भी सफलता नहीं मिली। वहीं दुसरी ओर श्रवण केशरी 40 वर्ष पुत्र राम लखन केशरी

निवासी ओड़ी चट्टी शुक्रवार की सुबह अपने दुकान के बाहर साफ सफाई कर रहे थे कि नहर के किनारे छिपा जंगली सूअर ने अचानक हमला हमला बोल दिया जिससे केशरी गंभीर रूप से चोटिल हो गया।मौके पर जुटे परिजनों ने इलाज स्थानीय चिकित्सक के यहां कराया गया मौके पर जुटे ग्रामीणों ने जंगली सूअर को किसी तरह भगाया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशी/अभिकर्ता के साथ ईवीएम/वीवीपैट कमिशनिंग का किया अवलोकन

● कलेक्ट्रेट में हो रहे ईवीएम/वीवीपैट कमिशनिंग का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

कमिशनिंग के दौरान प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं के ईवीएम से जुड़े सभी प्रश्नों का किया गया समाधान-जिला निर्वाचन अधिकारी

कमिशनिंग के दौरान खराब पाये गये ईवीएम को वहॉ से दूर सैनिक कल्याण कार्यालय में रखा गया

भदोही 17 मई 2024:-लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के लिये कलेक्ट्रेट परिसर में हो रही ईवीएम/वीवीपैट कमिशनिंग का जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के नेतृत्व में एवं प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने तीनों विधानसभा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देशित किया कि ईवीएम मशीन की टेस्ट कराएं की मैच हुआ कि नहीं। यह सुनिश्चित कराएं कमिशनिग में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभाओं में लाक बुक मेंटेन कर उसमें संबंधित का सिग्नेचर कराएं। कमिशनिंग कार्य के दौरान जो सीयू, बीयू, वीवीपैट, सही से फंशनल नही पाये गये उन्हे वहॉ से दूर सैनिक कल्याण आफिस में रखवाया गया। उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभाओं को अलग-अलग पार्ट में डिवाइड करें कोई भी सामान इधर से उधर न जाने पाए, उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी लोग अपना अपना आई कार्ड लगाए रहे। प्रत्याशियों/कभीकर्ताओं की उपस्थिति में ईवीएम से सम्बन्धित उनके सभी

जिज्ञासाओं, संकायों, प्रश्नों को शुचिता व विश्वास के साथ समाधान कराया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा रूम का निरीक्षण किया तथा निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरा सतत् संचालित रहना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कमिशनिंग प्रभारी व चुनाव ड्यूटी में लगे प्रभारी को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए जो प्रशिक्षण व कमिशनिंग हो रही है वह तत्परता के साथ मनोयोग से करें। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भान सिंह, शिव प्रकाश यादव, आकाश कुमार व संबंधित अधिकारी गण व प्रत्याशी व अभिकर्तागण उपस्थित रहे।

सामान्य प्रेक्षक ने विधानसभा हण्डिया व प्रतापपुर के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर तैयारियों का किया अवलोकन

● व्यय प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने भयमुक्त व प्रलोभनमुक्त, सुरक्षित वातावरण में निर्वाचन संपन्न कराने हेतु जनमानस को किया अस्वासत

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 17 मई 2024:-लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त मा0 प्रेक्षक-सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम द्वारा विधानसभा हण्डिया व प्रतापुर के विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का स्थलीय अवलोकन किया गया। सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम ने विधानसभा हण्डिया व प्रतापपुर में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व तहसीलदार के साथ प्राथमिक विद्यालय पूरेघीसा बजहां सहित विभिन्न मतदान केद्रों व बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मा0 प्रेक्षक ने मतदान तिथि 25 मई को मतदाताओं के लिए मतदान केदों पर किए गए आधारभूत सुविधाएं जैसे शीतल पेयजल, छायादार विश्राम स्थल ,शौचालय, रैंप, वॉलिंटियर्स, कक्ष में पर्याप्त रोशनी, आदि की जानकारी ली। साथ ही साथ क्रिटिकल बूथ पर किए गए व्यवस्था माइक्रोआब्जर्वर,

वेवकास्टिंग, सीसीटीवी, सीपीएमएफ सुरक्षा बल आदि बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान तिथि के 5 दिन पहले ही मतदाता पर्ची सूची व वोटर गाइडलाईन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाये। जिससे मतदाताओं को यह स्पष्ट रहें कि उनका मतदान किस मतदान केन्द्र के किस बूथ पर पड़ना है।

संक्षिप्त ख़बरें

सूटकेस में मिली महिला की सिर कटी लाश, एक्सप्रेस ट्रेन में मचा हड़कंप

मिर्जापुर के शहर चुनार रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह बांबे जनता एक्सप्रेस में मिला लावारिस हालत में पड़े लाल रंग के सूटकेस को खोला गया तो उसमें एक महिला का सिर कटा शव मिला। अर्द्धनग्न अवस्था में महिला का शव सूटकेस में पड़ा था। जीआरपी और चुनार पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मामले की जांच में जुटी है। दिल्ली की ओर जाने वाली बांबे जनता एक्सप्रेस चुनार जंक्शन पर पहुंचने का निर्धारित समय सुबह पांच बजकर पांच मिनट है। ट्रेन दो घंटे विलंब से सात बजकर पांच मिनट पर प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची। ट्रेन के पीछे जनरल बोगी में शौचालय के पास संदिग्ध अवस्था में पड़े लाल सूटकेस को देखकर किसी यात्री ने रेल हेल्प लाइन पर सूचना दिया। चुनार रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन रुकी तो जीआरपी और आरपीएफ ट्रेन में जाकर लावारिस बैग को बाहर लेकर आए। बैग को खोला गया तो उसके अंदर महिला का सिर कटा शव मिला। शव अर्द्धनग्न अवस्था में था। महिला के पैर में बिछिया और हाथों में गोल्डेन रंग की चूड़ी है। छानबीन में पुलिस ने महिला की उम्र 25 वर्ष के लगभग बताया है। मौके पर फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी है।

नहर में पानी न छोड़ें जाने से मवेशी बेहाल

दिनभर पानी की तलाश में भटकने को मजबूर।

यमुनापार प्रयागराज। नहर विभाग की उदासीनता के चलते नहरों में पानी न छोड़ें जाने से मवेशी बेहाल हैं और पानी की तलाश में भटकने को मजबूर हैं। पालतू पशुओं को तो किसान किसी तरह पीने के पानी का इंतजाम तो कर लेते हैं लेकिन आवारा मवेशी पानी को दर-दर भटक रहे हैं। दोपहर होते-होते तेज धूप से परेशान मवेशी नाले-नालियां व नहरों माइनरों की तरफ पानी के लिए भटकते देखे जाते हैं लेकिन उनकी प्यास बुझाना मुश्किल है। पिछले साल पशुओं को पानी के नहरों में पानी छोड़ा गया था और गांवों के किसान गड्ढों एवं तालाबों में पानी भर लिए थे जो मवेशियों के लिए पीने के काम आता था। लेकिन इस साल मार्च-अप्रैल बीत जाने के बाद भी आधा मई का महीना खत्म हो गया लेकिन अभी तक नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। जिससे मवेशी इधर-उधर पानी के लिए भटक रहे हैं और जगह-जगह तो बिन पानी के मवेशियों की मौत भी हो रही है। लेकिन नहर विभाग की उदासीनता के चलते मवेशियों की प्यास नहीं बुझ रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

फूलपुर। हंडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत कस्बा के भीटी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो भीड़ जमा हो गई। सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए युवक का पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को दिया। जहां मृतक के परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। वहीं जीआरपी पुलिस मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर लिखा पड़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी बरौत सौरव पांडेय मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए मृतक युवक की पहचान रजनीश यादव पुत्र समरजीत यादव 18 निवासी भेलसी के रूप में किया। वहीं सूचना मृतक के परिजनों को दिया। जहां परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच कर युवक की पहचान किया। परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिक विक्षिप्त था। फिलहाल रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक युवक रेलवे ट्रैक को पार कर रहा था।

हिस्ट्री सीटर रेवती रमन शुक्ल का दूसरा हत्या रोपी हत्या का आरोपी गिरफ्तार

कोराव, प्रयागराज। हिस्ट्री सीटर रेवती रमन शुक्ल की गाढा में लाठी डंडों से पीट पीट कर मार डाला था मुखबिर की सूचना के द्वारा दिनांक 17 5.2024 को प्रातः 10–35 बजे बड़ोखर तिराहे से हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त योगेश्वर सिंह पटेल उर्फ मंटू पुत्र ज्ञानेश्वर सिंह पटेल निवासी ग्राम गाढ़ा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राकेश भारती द्वारा हम राही कर्मचारियों की मदद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभिश्र द्वारा होली के दिन अपने पिता के साथ मिलकर गाढ़ा चौराहे पर थाना क्षेत्र के हिस्ट्री सीटर रेवती रमन शुक्ला निवासी ग्राम शुकुलपुर थाना कोराव जनपद प्रयागराज की गाढ़ा चौराहे पर शराब पीने के दौरान हुए विवाद के कारण देवतानी पत्थर बाटियां से सर पर प्रहार कर हत्या कर दी गई थी तभी से अभी तक लगातार फरार चल रहा था आज गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया।

केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित, गिरफ्तारी और रिमांड को दी थी चुनौती

स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में उनकी रिमांड को चुनौती दी गई थी। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें धन शोधन रोधी एजेंसी की दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने तक मुख्यमंत्री तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में थे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (17 मई) को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली शराब नीति मामले के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने पिछले सप्ताह केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम रिहाई की अनुमति देते हुए ईडी से फाइलें जमा करने को कहा।

जस्टिस खन्ना ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा,

"हम मनीष सिसोदिया के बाद (सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करने वाले फैसले के सुनाए जाने के बाद) और केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले (गवाहों के दर्ज किए गए) बयान देखना चाहते हैं।" पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि केजरीवाल इस तथ्य के बावजूद कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है, पक्षकारों की दलीलों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जमानत के लिए निचली अदालत में जाने के हकदार होंगे। आज सुनवाई में, जब एएसजी ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) को हवाला चैनलों के माध्यम से पैसे भेजे जाने के सबूत हैं, तो पीठ ने पूछा कि क्या गिरफ्तारी के लिए लिखित रूप में दर्ज "विश्वास करने के कारणों" में इनका उल्लेख किया गया था।

एएसजी ने कहा,"हमने विश्वास करने के कारण नहीं बताए हैं।"जब पीठ ने आश्चर्य व्यक्त किया, तो एएसजी ने कहा कि इन पहलुओं को "विश्वास करने के कारणों" में बताने की आवश्यकता नहीं है।

जस्टिस खन्ना ने पूछा,"आप विश्वास करने के लिए कारण कैसे नहीं देंगे? वह उन कारणों को कैसे चुनौती देंगे?"एएसजी ने कहा कि जांच अधिकारी को ये सामग्री देने की जरूरत नहीं है। जस्टिस खन्ना ने प्रबीर पुरकायस्थ मामले में हाल के फैसले का जिक्र करते हुए कहा,"नहीं, नहीं, नहीं, नहीं।"

एएसजी ने कहा कि अगर गिरफ्तारी से पहले आरोपी को सामग्री मुहैया कराई गई तो इससे जांच में बाधा आ सकती है। इस बिंदु पर जस्टिस खन्ना ने बताया कि पीएमएलए की धारा 19 (गिरफ्तारी की शक्ति से संबंधित), "दोषी" शब्द का उपयोग करती है। इसका मतलब है कि जांच अधिकारी के पास मौजूद सामग्रियों के आधार पर यह विश्वास करने का कारण होना चाहिए कि आरोपी दोषी है। दूसरी ओर, धारा 45 पीएमएलए में जमानत का प्रावधान कहता है कि अदालत को प्रथम दृष्टया संतुष्ट होना चाहिए कि व्यक्ति दोषी नहीं है।

उन्होंने कहा,"मान लीजिए कि उन्होंने धारा 19 में 'दोषी नहीं' का इस्तेमाल नहीं किया होता, तो सभी को गिरफ्तार कर लिया जाता। इसलिए, धारा 19 में "दोषी" का इस्तेमाल करना पड़ा। और धारा 45 में 'दोषी नहीं' का इस्तेमाल करना पड़ा।" उन्होंने कहा, "आम तौर पर आईओ को तब तक गिरफ्तार नहीं करना चाहिए जब तक उसके पास 'दोषी' साबित करने के लिए पर्याप्त सामग्री न हो। यही मानक होना चाहिए।"

जब एएसजी ने कहा कि आईओ के लिए गिरफ्तारी का मानक 'संदेह' है, तो पीठ असहमत नजर आई। जस्टिस दत्ता ने कहा, "क्या हम क़ानून के आदेश को बदल सकते हैं? आप कह रहे हैं कि "विश्वास करने के कारणों" को "उचित रूप से संदिग्ध" के रूप में पढ़ें।" एएसजी ने कल से अपना तर्क दोहराया कि गिरफ्तारी में न्यायालय का हस्तक्षेप केवल "कोई सामग्री नहीं" के मामले में किया जा सकता है और जांच के चरण में सामग्री की पर्याप्तता की न्यायिक जांच नहीं की जा सकती है। एएसजी ने यह भी स्पष्ट किया कि ईडी आज इस मामले में आप को आरोपी बनाते हुए अभियोजन शिकायत दर्ज कर रही है।

प्रत्युत्तर में, सीनियर एडवोकेट डॉ अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी अधिकारियों ने गवाहों के 9 दोषसिद्धि बयानों को नजरअंदाज करते हुए एक दोषसिद्धि वाले बयान को महत्व दिया। जब पीठ ने आप को हवाला लेनदेन के संबंध में ईडी के सबूत के दावे के बारे में सिंघवी से पूछताछ की, तो सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी के आधार पर कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया था। "गिरफ्तारी के आधार पर रत्ती भर भी सामग्री नहीं है।"

उन्होंने इस आरोप पर सवाल उठाया कि केजरीवाल ने यह कहकर रिश्वत मांगी थी कि उस स्थिति में, उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक अपराध में आरोपी के रूप में नामित किया जाना चाहिए। सिंघवी ने कहा, "डेढ़ साल से अधिक समय तक उन्होंने जांच की। केजरीवाल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। जुलाई-अगस्त 2023 में ईडी के पास जो सामग्री थी, उसके आधार पर गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं थी।" जब सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि ईडी ने केजरीवाल और हवाला ऑपरेटरों के बीच चैट का खुलासा किया है, तो सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी की वैधता गिरफ्तारी से पहले की सामग्री के आधार पर तय की जानी चाहिए।उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ बयान देने वाले गवाहों की विश्वसनीयता पर भी हमला बोला। गवाह पी शरत रेड्डी ने भाजपा को चुनावी बांड से चंदा दिया और उन्हें जमानत मिल गई। सह-आरोपी विजय नायर के साथ कथित संबंध के बारे में सिंघवी ने कहा, "वह एक आईटी सलाहकार हैं। वह अक्सर गेस्टरूम का इस्तेमाल करते थे। उत्पाद शुल्क नीति के बारे में कोई बयान दर्ज नहीं किया गया है। ईडी मान रहा है कि विजय नायर ने मुझे रिपोर्ट की थी। गिरफ्तारी का आधार 'करीबी सहयोगी' है।" हालांकि, पीठ ने कहा कि वह तथ्यात्मक पहलुओं पर गौर नहीं करेगी। गौरतलब है कि कल पीठ ने ईडी की ओर से बड़े पैमाने पर दलीलें सुनी थीं। कार्यवाही के दौरान, कुछ प्रासंगिक टिप्पणियां की गई और ईडी के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू के साथ-साथ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सवाल पूछे गए।

चूकि दलीलें पूरी नहीं हुई, इसलिए मामले को आज सूचीबद्ध किया गया ताकि एएसजी अपनी दलीलें पूरी कर सकें और सीनियर एडवोकेट डॉ एएम सिंघवी जवाब में अपनी बात रख सकें। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उन्हें अंतरिम सुरक्षा देने से इनकार करने के बाद 21 मार्च को केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद वह हिरासत में रहे, जब तक कि उन्हें 10 मई को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम रिहाई का लाभ नहीं दिया गया। यह अवधि 2 जून को समाप्त हो जाएगी और यह अन्य शर्तों के अधीन है, जिसमें यह भी शामिल है कि वह सीएम कार्यालय में उपस्थित नहीं होंगे और/या आधिकारिक फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। (जब तक एलजी द्वारा आवश्यक न हो)।लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने में सक्षम बनाने के लिए केजरीवाल को हिरासत से रिहा करने का निर्देश देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के मामले से निपट रहा है, न कि किसी आदतन अपराधी के मामले से और आम चुनाव 5 साल में केवल एक बार होते हैं। इसने ईडी की गिरफ्तारी के समय पर भी सवाल उठाया, यह देखते हुए कि ईसीआईआर अगस्त, 2022 में दर्ज किया गया था, लेकिन केजरीवाल को लगभग 1.5 साल बाद (चुनाव से पहले) गिरफ्तार किया गया। पीठ ने अंतरिम जमानत (चुनाव के कारण) के संबंध में राजनेताओं के लिए विशेष उपचार के संबंध में ईडी के तर्क को खारिज कर दिया। इसमें जोर देकर कहा गया कि हर मामले में, अजीब तथ्यों और परिस्थितियों को देखना होगा और ध्यान देना होगा कि केजरीवाल को न तो दोषी ठहराया गया है, न ही वह समाज के लिए खतरा है।

पूर्वोत्तर रेलवे पेशनर्श एसोसिएशनने सभी पेंशनर्स को मतदान अवश्य करने को कहा

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज! बृहस्पतिवार को सिविल लाइन्स स्थित लोको कालोनी बंगला नं 10 में ए. आई. आर. आर. एफ. के बैनर तले केन्द्र एवं राज्य के पेंशनरों से मतदाता जागरूकता पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई ! बैठक की अध्यक्षता ए. आई. आर. आर. एफ. के ज़ोनल अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं संचालन योगेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया ! बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन प्रयागराज के अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि सभी पेंशनर्स इस चुनाव मे मुद्दों के आधार पर निष्पछ मतदान अवश्य करें और लोगों को भी प्रेरित करने की नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें, मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है ! संचालन कर रहे योगेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि अगर हम अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो हमें चुनी गई सरकार पर ऊँगली उठाने का औचित्य नहीं रह जाता है ! इसी से मिलती जुलती बातें अन्य वक्ताओं ने कहीं ! बैठक मे ए. के. भारद्वाज, डी. एन. पाण्डेय, लियाकत अली, राजेश कुमार, आर. एन. तिवारी, द्वारका प्रसाद, रमेश कुमार , त्रिवेणी प्रसाद , अजय शंकर त्रिपाठी, शशि भूषण पाण्डेय, मुन्ना जी, अतुल श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, रामलाल पटेल, रमेश, हरिशचंद्र पी. के. मेनन, अजीत कुमार सिन्हा , संजय मजूमदार सहित तमाम पेंशनरों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का सुझाव साझा किया !

पत्नी से चल रहा था विवाद, ससुराल में एयरफोर्स कर्मी ने खुद को गोली से उड़ाया!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। बमरौली में एयरफोर्स कर्मचारी ने ससुराल में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार को दोपहर बाद हुई। गोली की आवाज सुनकर परिजन सन्न रह गए। मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तब तक एयरफोर्स कर्मी की मौत हो चुकी थी। घटना का कारण पति- पत्नी के बीच चल रहा विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से कौशाम्बी के रहने वाले आशीष कुमार (30) एयरफोर्स में कार्यरत थे। उनकी ससुराल बमरौली में थी। उनकी तैनाती वर्तमान में पश्चिम बंगाल में थी। कुछ दिन पहले ही वह अवकाश लेकर आए थे। शुक्रवार को ससुराल आए थे। कमरे में जाकर उन्होंने खुद की कनपटी पर गोली मार ली। गोली चलने की आवाज पर परिजन मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो उनकी मौत हो चुकी थी।

शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि पत्नी से उनका विवाद चल रहा था।

डीएम गोण्डा के आदेश पर दूसरे शहरों में रहने वाले मतदाताओं को किया जा रहा है फोन

● - 20 मई को अपने घर लौटने और मतदान अवश्य करने की अपील

15,667 मतदाताओं की सूची की गई है तैयार, गौरा विधानसभा के सर्वाधिक मतदाता हैं बाहर

डीएम आवास और विशेष कार्यधिकारी के नम्बर से की जा रही है फोन कॉल

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा। हैलो.. मैं जिलाधिकारी गोण्डा के आवास से बोल रहा हूं। आपके यहां 20 मई को मतदान है। आपसे अनुरोध की आप निर्धारित तिथि पर अपने पोलिंथ बूथ पर पहुंचें और अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें। अगर आपके पास ऐसी कोई कॉल आती है तो चौंकिएगा नहीं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर जनपद से बाहर रहने वाले यहां के मतदाताओं से सम्पर्क किया जा रहा है। जिलाधिकारी के कैम्प कार्यालय की टीम इन्हें फोन करके सम्पर्क कर रही है। यह फोन कॉल जिलाधिकारी के आवास के नम्बर और विशेष कार्याधिकारी के सीयूजी नम्बर से की जा रही है। सम्मानित मतदाताओं को आगामी 20 मई को जनपद लौटने और मतदान अवश्य करने का अनुरोध किया जा रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर बीते दिनों जनपद में जिला निर्वाचन कार्यालय के स्तर पर मतदाताओं के संबंध में कुछ आकंड़े इकट्ठा किए गए। इनमें, जनपद के बाहर रहने वाले यहां के मतदाताओं की संख्या और उनसे जुड़े फोन नम्बर भी इकट्ठा किए गए।

प्राप्त सूची के मुताबिक, 15,667 मतदाता दूसरे राज्य, जनपद या शहरों में रह रहे हैं। इनमें सर्वाधिक गौरा विधानसभा क्षेत्र के 10,607 मतदाता हैं। इसके अतिरिक्त कटरा बाजार से 358, करनैलगंज से 95, तरबगंज से 93, मनकापुर से 3082, सदर से 169 और मेहनौन से 1263 मतदाताओं की सूची तैयार की गई है। इन सभी को फोन करके मतदान करने के लिए आने को कहा जा रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि हमारी कोशिश है कि कोई भी मतदाता न छूटे। स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद के हर मतदाता को जोड़ने का प्रयास किया गया है। उसकी कड़ी में यह भी एक कोशिश की जा रही है। सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि वह 20 मई को अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें।

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार उज्जवल रमण सिंह और भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के बीच सीधा मुकाबला

● - दोनों प्रत्याशियों के पिता प्रदेश के दिग्गज नेताओं में शुमार थे।

कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह सपा सरकार में मंत्री थे तो भाजपा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

दिग्गजों का क्षेत्र रहा है इलाहाबाद लोकसभा

स्वतंत्र प्रभात

दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

ब्यूरो प्रयागराज। इलाहाबाद लोकसभा सीट ऐतिहासिक निर्वाचन क्षेत्र माना जाता है इस क्षेत्र से जहां भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य और दिग्गज नेता पंडित मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीतकर भारत सरकार में मानव संसाधन मंत्री रहे हैं वही समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और दिग्गज नेता कुंवर रेवती रमण सिंह ने डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी को चुनाव हराकर उन्हें इलाहाबाद छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। यही नहीं इसी सीट से लाल बहादुर शास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री भी चुनाव लड़ चुके हैं फिल्म के मेगास्टार अमिताभ बच्चन हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे प्रतिष्ठित नेता भी यहां का प्रतिनिधित्व अपने-अपने समय में कर चुके हैं ।राजनीतिक रूप से इलाहाबाद क्षेत्र बुद्धिजीवियों और जागरूक लोगों का क्षेत्र माना जाता है। लेकिन 2024 के इस चुनाव में एक तरफ कुंवर रेवती रमन सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार हैं तो उनके सामने भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और विधानसभा अध्यक्ष रहे विद्वान अधिवक्ता स्वर्गीय पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी से उम्मीदवार हैं।

इस सीट से 2019 में रीता बहुगुणा जोशी भारतीय जनता पार्टी से निर्वाचित हुई थी ।लेकिन उनका टिकट इस बार भारतीय जनता पार्टी ने अधिक उम्र होने का फॉर्मूला बताकर काट दिया। हालांकि उनका इलाहाबाद सीट पर काफी अच्छी पकड़ मानी जाती थी और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की सुपुत्री होने के नाते उनकी क्षेत्र में काफी लोकप्रियता थी। लेकिन इस बार उनके टिकट कटने से भारतीय जनता पार्टी के लोग जहां पर उदास दिखाई दे रहे हैं वही भारतीय जनता पार्टी की उम्मीद वार नीरज त्रिपाठी अपने पिता के स्वर्गीय हो जाने से कोई सहानुभूति नहीं बटोर पा रहे हैं ।उसका एक कारण और है कि पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी लोकसभा की एक विधानसभा शहर दक्षिणी से प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा मे पहुंचते थे। कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ें।

पिता के सहारे लड़ रहे हैं दोनों पत्याशी।

दूसरी ओर कुंवर रेवती रमण सिंह 8 बार करछना विधानसभा क्षेत्र से लगातार विधायक चुन्नी जाते थे ।और एक बार डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गज नेता को चुनाव हराकर अपनी जमीन पकड़ का लोहा मनवाने में सफल हुए थे।। जिसका कांग्रेस उम्मीदवार उज्जवल रमण सिंह लाभ मिल रहा है। जान कार लोगों का कहना है कि कुंवर रेवती रमन सिंह जब लोकसभा के सदस्य 2009 में हो गए थे तभी से उज्जवल रमण सिंह उनके विधानसभा क्षेत्र करछना में सक्रिय हो गए थे। और उसके बाद वहां से चुनाव लड़ के विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री भी बने।

नीरज का पहला चुनाव है। नीरज त्रिपाठी वकालत करने के अलावा कोई चुनाव नहीं लड़ें और पहला चुनाव लोकसभा का सीधे लड़ रहे हैं। जिससे पूरे क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के बल पर ही उनका चुनाव आधारित है। जबकि उज्जवल रमण अपने पिता की जमीनी पकड़ का लाभ करछना मेंजा कोराव तथा वारा क्षेत्र में मिल रहा हैं। जानकार लोगों का कहना है कि पांचों विधानसभा क्षेत्र में कोई ऐसा गांव नहीं है जहां पर रेवती रमण के कुछ लोग न हो। मैजा विधानसभा में समाजवादी पार्टी का विधायक है। जबकि वारा करछना कोरांव तथा शहर दक्षिणी मैं भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं। उसका लाभ विधायक वर्तमान समय में जरूर है देख अप उसका लाभ वीर सिपाही को कितना मिल पाएग। लोगों का कहना है कि टिकट के दावेदार जहां नंद कुमार नदी की पत्नी और इलाहाबाद की मेयर अभिलाषा गुफा की टिकट कटने से उनकी भी वी अभिरुचि नई दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि फूलपुर की सांसद केसरी देवी पटेल और रीता बहूगुना जोशी का टिकट कट जाने से इन दोनों के समर्थकों में असंतोष दिखाई दे रहा है। कार्यकर्ताओं की फौज के सहारे नीरज त्रिपाठी कितना सफल हो पाएंगे यह तो समय ही बताएगा।

पीएम मोदी ने झूठ बोलने का बनाया रिकॉर्ड, चुनाव में एक समुदाय को बना रहे निशानाः दिग्विजय सिंह!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोलने का रिकॉर्ड कायम कर दिया है। वह कई जनसभाओं में सीधे एक समुदाय का नाम लेकर उसको निशाना बना रहे हैं और नफरत की राजनीति कर रहे हैं। इसके बावजूद वह अपने बयान पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि मोदी धर्म के आधार पर जो राजनीति कर रहे हैं उसके परिणाम बहुत भयानक होने वाले हैं। वह समाज और देश को बांटने का कार्य कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दूसरे चुनाव से काफी अलग है। इस चुनाव में ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का भरपूर दुरुपयोग किया जा रहा है। देश का संविधान बदलने की तैयारी की जा रही है। घोटाले में डूबे अजीत पंवार को भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल करके उपमुख्यमंत्री पद दे दिया। दूसरी पार्टी के नेता भाजपा को भ्रष्टाचारी दिखते हैं। वही नेता जब भाजपा में जाता है तो साफ सुथरा हो जाता,है।

उन्होंने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है। यूपी और बिहार ने हमेशा पासा पलटा है। इस बार भी यही दो राज्य भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मोदी ने नफरत की राजनीति का जो जिन्न सत्ता हासिल करने के लिए बोतल से बाहर किया था अब वह जिन्न मोदी के चाहने पर भी बोतल में नहीं जा रहा है। आज नफरत की आग में पूरे देश को झोंका जा रहा है। मोदी के अगले साल रिटायर होने के केजरवीवाल के

बयान पर उन्होंने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में कांग्रेस कई सीटें जीत रही है। भाजपा का क्लीन स्वीप करने का सपना पूरा नहीं होगा। कहा कि यदि गठबंधन चुनाव हारता है तो यह ईवीएम की ही देन होगी। भाजपा के लोग पिछली बार 300 पार कह रहे थे और सही हुआ। इस बार यह लोग 400 पार कह रहे हैं, इसका मतलब कि ईवीएम में गड़बड़ी कर चुके हैं।

राज्य उचित प्रक्रिया के बिना संपत्ति का अधिग्रहण नहीं कर सकता ।संपत्ति का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट।

स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निजी संपत्ति को "सार्वजनिक उद्देश्य " के लिए राज्य के मनमाने अधिग्रहण से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था दिया है , जिसमें कहा गया कि मालिकों को मुआवजे के अनुदान के बाद अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन किए बिना अनिवार्य अधिग्रहण संवैधानिक नहीं होगा।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने एक फैसले में कहा कि संपत्ति का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार के रूप में संरक्षित है और यहां तक कि इसकी व्याख्या एक मानव अधिकार के रूप में की गई है। एक निर्णायक फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने 16 म ईको कोलकाता नगर निगम अधिनियम, 1980 द्वारा अधिग्रहित भूमि के अधिग्रहण को रद्द करते हुए, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300 ए के सात उप अधिकारों पर प्रकाश डाला। अनुच्छेद 300ए में प्रावधान है कि " कानून के अधिकार के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा "।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा द्वारा लिखे गए फैसले में इस बात पर जोर दिया गया कि ये उप-अधिकार अनुच्छेद 300ए के तहत संपत्ति के अधिकार की वास्तविक सामग्री को चिह्नित करते हैं। इनका अनुपालन न करना कानून के अधिकार के बिना होने के कारण अधिकार का उल्लंघन होगा। पीठ, में जस्टिस अरविंद कुमार भी शामिल थे।

नोटिस का अधिकार

राज्य का कर्तव्य है कि वह व्यक्ति को सूचित करे कि वह उसकी संपत्ति अर्जित करना चाहता है

सुनवाई का अधिकार-अधिग्रहण पर आपत्तियों को सुनना राज्य का कर्तव्य।

तर्कसंगत निर्णय का अधिकार

अधिग्रहण के अपने निर्णय के बारे में व्यक्ति को सूचित करना राज्य का कर्तव्य है

केवल सार्वजनिक प्रयोजन के लिए अधिग्रहण करने का कर्तव्य - यह प्रदर्शित करना राज्य का कर्तव्य है कि अधिग्रहण सार्वजनिक उद्देश्य के लिए है। पुनर्स्थापन या उचित मुआवज़े का अधिकार - पुनर्स्थापन और पुनर्वास करना राज्य का कर्तव्यएक कुशल और शीघ्र प्रक्रिया का अधिकार-

अधिग्रहण की प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक और कार्यवाही की निर्धारित समयसीमा के भीतर संचालित करना राज्य का कर्तव्य है

निष्कर्ष का अधिकार –निहितार्थ की ओर ले जाने वाली कार्यवाही का अंतिम निष्कर्ष

फैसले ने यह भी प्रदर्शित किया कि कैसे समय के साथ इन उप-अधिकारों को 1894 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम और 2013 के भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम में उचित मुआवजे और पारदर्शिता का अधिकार जैसे कानूनों में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, बल्कि न्यायालय ने भी अनिवार्य अधिग्रहण के लिए प्रशासनिक कार्रवाई में इसे मान्यता दी है। पीठ ने कहा, " वैधानिक नुस्खे से स्वतंत्र इन सिद्धांतों के महत्व को हमारी संवैधानिक अदालतों द्वारा मान्यता दी गई है और वे हमारे प्रशासनिक कानून न्यायशास्त्र का हिस्सा बन गए हैं। "

संबंधित भूमि निगम (वर्तमान अपीलकर्ता) द्वारा कोलकाता नगर निगम अधिनियम, 1980 की धारा 352 के तहत अधिग्रहित की गई थी। त्वरित संदर्भ के लिए, अधिनियम का प्रासंगिक भाग इस प्रकार है- धारा 352- सार्वजनिक सड़कों और सार्वजनिक पार्किंग स्थानों के लिए भूमि और भवनों का अधिग्रहण करने की शक्ति- नगर निगम आयुक्त , इस अधिनियम के अन्य प्रावधानों के अधीन हो सकता है - (ए) उद्घाटन, चौड़ीकरण के उद्देश्य से आवश्यक किसी भी भूमि का अधिग्रहण कर सकता है। किसी भी सार्वजनिक सड़क, चौराहे, पार्क या बगीचे का विस्तार करना या अन्यथा सुधार करना या ऐसी भूमि पर खड़ी किसी भी इमारत के साथ एक नया निर्माण करना " पीठ ने बताया कि यह प्रावधान नगर निगम आयुक्त के निर्णय के बाद अधिग्रहण की प्रक्रिया निर्धारित नहीं करता है कि किसी भी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। अधिनियम की धारा 535 (संपत्ति का अधिग्रहण) में भी यही प्रावधान किया गया है।

इसके आधार पर, न्यायालय ने निगम के इस रुख को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया कि वह अधिनियम की धारा 352 के आधार पर भूमि का अधिग्रहण कर सकता है। इसके अलावा, इसी पृष्ठभूमि में न्यायालय ने संपत्ति के अधिकार पर गहराई से विचार किया और उपरोक्त उप-अधिकारों की रूपरेखा तैयार की। इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि भले ही संपत्ति का अधिकार एक मौलिक अधिकार नहीं रह गया है, लेकिन यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300-ए के तहत एक संवैधानिक अधिकार बना हुआ है।

इसे देखते हुए, न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि केवल संपत्ति अर्जित करने का अधिकार और उचित मुआवजे की गारंटी पर्याप्त नहीं है। संपत्ति छीनने से पहले उपर्युक्त उप-अधिकारों/प्रक्रियाओं का पालन करना भी महत्वपूर्ण है, जैसा कि कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 300ए में उल्लिखित है। "उचित मुआवजे के प्रावधान के साथ अधिग्रहण की वैध शक्ति अधिग्रहण की शक्ति और प्रक्रिया को पूरा और समाप्त नहीं करेगी। किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित करने से पहले आवश्यक प्रक्रियाओं का निर्धारण अनुच्छेद 300ए के तहत "कानून के अधिकार" का एक अभिन्न अंग है और अधिनियम की धारा 352 किसी भी प्रक्रिया पर विचार नहीं करती है । कोलकाता नगर निगम एवं एएनआर। वी. बिमल कुमार शाह एवं अन्य(सिविल अपील सं. 2024 का 6466)मामले में न्यायालय ने रिकॉर्ड पर बताया कि शक्ति का पूरा प्रयोग अवैध, नाजायज था और इससे विपरीत पक्ष को बहुत कठिनाई हुई। इस प्रकार, अदालत ने निगम की याचिका खारिज करते हुए5,00,000/-रुपये का जुर्माना लगाया।

संक्षिप्त ख़बरें

झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, अंतरिम जमानत अर्जी पर अब मंगलवार को होगी सुनवाई

रांची, झारखंड- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अंतरिम जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को राहत नहीं मिली । अब मंगलवार को अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी । वहीं हेमंत सोरेन ने चुनाव प्रचार के लिए जमानत मांगी है कोर्ट ने कहा कि मंगलवार को मामले की सुनवाई करेगें। जबकि ग्रीष्म कालीन अवकाश पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी , संभवत- जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के सामने यह मामला सुनवाई के लिए आएगा क्योंकि जस्टिस संजीव खन्ना ने स्पष्ट कर दिया कि हम दोनों में से एक जज उस पीठ में रहेंगे।

ड्राइंग के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

बरही- बरही प्रखंड अंतर्गत बिरहोर टोला केवाल में स्वीप के तहत बिरहोर दीदी लोगो के द्वारा ड्राइंग बनाकर मतदाता को जागरूक किया गया। इस दौरान फूलमती देवी, सुनीता देवी, प्रिया देवी, टेकली देवी, गवांती देवी आदि द्वारा ड्राइंग बनाया गया। मतदाता जागरूकता पर आधारित ड्राइंग में निष्पक्ष, निर्भीक मतदान को प्रेरित करने का संदेश देने वाले सुंदर चित्र पोस्टर पर उकेरे। साथ ही साथ 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम मे सक्रिय दीदी भी उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी जेपीएस सावना मांझा ने दी।

परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के छोटे भाई का जारी में हुआ निधन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

चैनपुर- परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के छोटे भाई सेबेस्टर एक्का का गुरुवार को निधन हो गया। बताया गया कि वे करीब 80 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें कैंसर की बीमारी थी। इसके लिए देहाती दवा से उनका इलाज चल रहा था। श्री एक्का के निधन पर जारी एवम आस पास के लोगों ने घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गांव में ही आदिवासी रीति रिवाज से उनका दाह संस्कार किया गया।

बेला की मुखिया ने छोड़ा कांग्रेस, थामा भाजपा का दामन

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- चौपारण प्रखंड अंतर्गत बेला पंचायत की मुखिया ममता कुमारी ने अपने दर्जनों समर्थकों संग कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। बरही में सीएम मोहन यादव के जनसभा में हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने भाजपा का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। श्री जायसवाल ने मुखिया को भरोसा दिया कि आपके मान सम्मान की रक्षा करूँगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह बेला निवासी मुरली दाँगी के पुत्रवधु है। बेला पंचायत से कांग्रेस के लिए बड़ी छति है, जिसका नुकसान आने वाले लोकसभा चुनाव में मिल सकता है। मालूम हो कि बीते दिनों भगहर व दैहर में दर्जनों कांग्रेसियो भाजपा का दामन थामा था। इस दौरान बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। ममता कुमारी ने कहा कि भाजपा के नीति व सिद्धांतों से प्रभावित होकर हमने भाजपा के साथ जुड़ने का संकल्प लिया हूँ। कहा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीत रहे है। आप भी अपने मतों को बर्बाद नहीं करें।

प्रचार के अंतिम दौर में बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने झोंकी ताकत, पदयात्रा और टोटो से मतदाताओं से किया अपील

● कहा 20 मई को वोट जरूर दीजिए, अपना बहुमूल्य वोट उसे ही दें जो दल और प्रत्याशी राष्ट्र के विकास और आपके

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- हजारीबाग 14 लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने आम मतदाताओं से 20 मई को वोट अवश्य देने की अपील की है। साथ ही कहा है आप किसको वोट दें वोट दें ये मैं नहीं कहूंगा। लेकिन उस दल और उम्मीदवार को वोट अवश्य दीजिए जो आपके दुःख-सुख का साथी रहा हो। जिस प्रत्याशी के पास जीत के बाद आप सरलता से जा सकें, जो सहज और सुलभ हो और जनता के बीच अक्सर वक्त देता रहा हो। 19 मई की रात तक आप ठंडे मन से सोचिए और फिर 20 मई को जलपान के पहले उस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कीजिए, जो खुद का नहीं क्षेत्र की विकास की बात सोचता और करता रहा है। जनसेवा में सिद्धत से कार्य करता है। उसके मन में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए भविष्य में विकास का खाका हो। देश का सम्मान और सुरक्षा की बागडोर को देखते हुए उस दल के प्रत्याशी को संसद भेजिए, जो अपने क्षेत्र की प्रगति के लिए वहां मुखरता से आपकी आवाज बुलंद करने का माद्दा रखता हो। पढ़ा-लिखा, व्यवहार कुशल हो और आपके आत्मसम्मान का कद्र करता हो। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र दौरे से लेकर अब तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में उन्हें हर वर्ग, हर जाति, हर समाज का भरपूर साथ और आशीर्वाद मिलता रहा है। कहीं माता- बहनों ने आशीर्वाद दिया, तो कहीं घरों से निकलकर लोगों ने मिठाइयां खिलाई और पानी पिलाया। पिछले 76 दिनों से प्रतिदिन बिना थके, बिना रूके करीब 300 किमी से अधिक गाड़ी से सफर किया, तो रोज करीब 10- 15 किमी पैदल चल जनता से रू-ब-रू हुए। प्रतिदिन करीब 25- 35 गांव घूमे। अबतक करीब 1700 गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को करीब से जाना और समझा। मौका मिला तो उन मुद्दों को संसदीय सत्र में प्रमुखता से उठाएंगे और समस्याओं के समाधान का पुख्ता प्रयास करेंगे। चूंकि उनका मानना है कि इक रास्ता है जिंदगी, जो थम गए तो कुछ नहींः। यही वजह है कि न 44 डिग्री सेल्सियस तापमान देखा और न आंधी-तूफान और बारिश की परवाह की। लगातार आमजनमानस के बीच पांव बढ़ते रहे और पूरे लोकसभा क्षेत्र का भ्रमण पूरा किया। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के नूरा, ओकनी, न्यू एरिया, मालवीय मार्ग, बड़ा अखाड़ा, मुनका बगीचा, कानी बाजार, कुम्हारटोली चौक, पीपल चौक, कुम्हारटोली, पीपल चौक, परनाला, विष्णुपुरी चौक, रामनगर चौक, जीटीसी चौक, पंच मंदिर चौक, मेन रोड, महावीर स्थान चौक, गोला रोड, बजरंगी चौक सहित अन्य कई इलाके में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से 20 मई को इवीएम की क्रम संख्या 02 पर बटन दबाकर कमल खिलाने की अपील की ताकि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बन सके और उन्हें 400 पार का समर्थन भी हासिल हो। इससे देश मजबूत होगा और लोकतंत्र सुदृढ़ होगा। आमजन के हित में कई अहम फैसले लेने में फिर कोई परेशानी नहीं होगी।

जनसंपर्क के दौरान पूर्व सांसद सहित कईयों का प्राप्त किया आशीर्वाद, जनता का मिला साथ

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग शहर ने अपने तूफानी जनसंपर्क अभियान के दौरान नूरा में पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा और ओकनी में वरिष्ठ भाजपा नेता स्व.काली साव की पत्नी का भी आशीर्वाद लिया और दोनों का कुशलक्षेम जाना। इसके अलावे इस क्षेत्र के कई पुराने भाजपा नेताओं से भी मिलें। जनसंपर्क अभियान के दौरान नूरा मंदिर, ओकनी काली मंदिर, ओकनी साई मंदिर, कुम्हारटोली मंदिर में माथा टेका और ईश्वर का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। मनीष जायसवाल के जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में प्रचंड गर्मी होने के बाबजूद अपने घरों के निकले और उनसे गले मिलकर और फूल माला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत और सम्मान किया। कई घरों के छतों से उनके ऊपर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन और समर्थन किया गया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया और अपने पक्ष में आशीर्वाद मांगा।

मौके पर ये गणमान्य रहे मौजूद

मौके पर विशेषरूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, नेता प्रदीप प्रसाद, आनंद देव, उदयभान नारायण सिंह, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, विजय प्रसाद, बॉबी कुमार, मनोज गुप्ता, भूलन राम, मोना वर्मा, सोनी कृष्णा क्षेत्री, राजेश कुमार सिन्हा, मुनींद्र शर्मा, सुमन कुमार पप्पू, कुलदीप कृष्णा, बीरू वर्मा, नारायण गुप्ता, सुनील चौरसिया, विश्वनाथ विश्वकर्मा, सोनी छेत्री कृष्णा, सुमन सिन्हा, राजेश कुमार टिंकू, नरेश ठाकुर, आदित्य शरद, ऋषि शर्मा, संजय कुमार टिंकू, अविनाश दुबे, सुरेश सिन्हा, रंजन रजक, राजेश चंद्रवंशी, पूनम कसेरा, सुमन भंडारी, संगीता अग्रवाल, दिवित चौरसिया, अंशु श्रीवास्तव, श्वेता सिन्हा, सृष्टि कसेरा, अनीता देवी, लक्ष्मी देवी, मोना देवी, तनवीर अहमद, बालो राम, शंकर वर्मा, सुनील गुप्ता, रिकी, बालो राम, बिरजू विश्वकर्मा, मनीष सिंह, मनोज सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, भैया नितेश कुमार, साहिल कुमार, चंदन सिंह, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने का लिया संकल्प

● समाज के लोगों ने बैठक कर लिया निर्णय, साथ एवं समर्थन का दिया भरोसा

मोदी ने राजनीति की संस्कृति और परिभाषा बदली है : रामचन्द्र चंद्रवंशी

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है : रंजीत चंद्रवंशी

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही, चौपारण और पदमा चंद्रवंशी समाज के प्रमुख लोगों ने श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचन्दा मोड़ बरही के प्रांगण में बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी व संचालन प्रदीप चंद्रवंशी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी, लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के भाई प्रशांत जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी मौजूद थे। इस दौरान चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को कमल फूल छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया। इसके साथ ही पूरे लोकसभा में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है और विकसित भारत बनने के रास्ते पर है। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है। समाज के लोगों से उन्होंने आह्वान किया कि समाज के लोग एकजुट होकर अपना वोट भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को दे और नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि पिछड़े समाज के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी सम्मान देने का काम किया है। कहा कि पिछले लगभग 10 साल में मोदी सरकार देश सेवा में लगी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश का सम्मान और ताकत बढ़ा है। आम व्यक्ति के जीवन में शासकीय योजनाओं के माध्यम से कैसे परिवर्तन किया जा सकता है, इसे मोदी सरकार ने कर दिखाया है। स्वच्छता को एक विजन बनाते हुए पूरे देश में स्वच्छता के लिए एक अलख जगाई है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू चन्द्रवंशी ने कहा कि चन्द्रवंशी समाज का एक एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पड़ेगा, किंतु समाज के मान सम्मान का ख़याल भी पार्टी और प्रत्याशी मनीष जायसवाल रखेंगे इसकी पूरी उम्मीद है। मौके पर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा, मजदूर संघ के नेता राजेंद्र चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, पत्रकार सह समाजसेवी शशि शेखर, अरुण, महेश, अनूप, शशि, संतोष, चेतनारायण, अरविंद, विक्की, प्रभु, आनंद, राहुल, रामवतार, सुभाष, संदीप, रामविलास, विनय, भीम, कविता, उर्मिला, संगीता, सागर चंदवंशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

गौ तस्करी पर चौपारण पुलिस कि बड़ी कार्रवाई

● समाज के लोगों ने बैठक कर लिया निर्णय, साथ एवं समर्थन का दिया भरोसा

मोदी ने राजनीति की संस्कृति और परिभाषा बदली है : रामचन्द्र चंद्रवंशी

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है : रंजीत चंद्रवंशी

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- थाना प्रभारी दीपक सिंह के नेतृत्व में निरंतर लगभग प्रत्येक दिन अवैध कार्यों पर कार्रवाई जारी है गुरुवार रात्री में भी गौ तस्करी पर बड़ी कामयाबी चौपारण पुलिस को हाथ लगी।इस संदर्भ में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना दी गयी कि बाराचट्टी (बिहार) की ओर से एक ट्रक वाहन सं0- UP47T-7868 में गोवंशीय पशुओं को लोड़कर तिरपाल से ढंकर तस्करी करने हेतु बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर मेरे द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरीत कार्रवाई हेतु छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुँचकर बाराचट्टी (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का सघन जाँच किया जाने लगा। इसी दरम्यान समय करीब 04.00 बजे एक ट्रक तिरपाल ढका हुआ आता दिखाई दिया, जिसके नजदीक आने पर सूचनानुसार वाहन सं0-UP47T-7868 देखकर वाहन चालक को वाहन रोकने का ईशारा किया तो वाहन चालक वाहन को करीब चोरदाहा चेक पोस्ट से 50 गज पीछे ही रोक दिया और वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने लगे। जिन्हे सशस्त्र बल के द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकडाये व्यक्तियों के द्वारा अपना-अपना नाम क्रमशः 1. मो0 हासिम अंसारी उम्र 23 वर्ष पिता मो0 फैयाज अंसारी सा0- चाँदपुर थाना- रौशनगंज जिला गया (बिहार) एवं 2. मो0 हासिम उम्र 35 वर्ष पिता मो0 कमालउद्दीन सा0+थाना+जिला- बाराबंकी (उत्तरप्रदेश) बताया गया। कांड में जप्त वाहन से कुल 16 मवेशी (बैल) जिसमें से एक मवेशी (बैल) मृत अवस्था में बरामद किया गया है। बरामदगी के संदर्भ में चौपारण थान कांड सं0- 168/24 धारा- 414/429/34 भा0द0वि0, 11 (1) (ए) (डी) (ई) (एफ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं 12(i) (ii) (iii) झारखण्ड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा, राजभवन को भेजा इस्तीफा

स्वतंत्र प्रभात

रांची, झारखंड- मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने अपने पद से इस्तीफ दे दिया है आलमगीर ने अपना इस्तीफा राजभवन भेज दिया है । बता दें कि टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी आलमगीर आलम को ईडी ने 15 मई की देर शाम गिरफ्तार किया था । आपकों बता दें कि आलमगीर के पीएम के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35 करोड़ बरामद किए थे इसे लेकर ईडी ने दो दिनों तक इनसे पूछताछ की थी , वहीं 35 करोड़ रूपया की बरामदगी के मामले में ईडी को आलमगीर आलम सही जवाब नहीं दे पाए था जिसके बाद उन्हें 15 मई को की देर शाम ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था आलम की गिरफ्तारी के बाद से ही विपक्ष की ओर से उनके इस्तीफ की मांग हो रही थी ।वहीं बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने मंगलवार को साढ़े नौ घंटे और बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था ईडी ने उनके पीएस संजीव कुमार लाल, घरेलू सहायक जहांगीर आलम और अन्य करीबियों के ठिकानों पर 6-7 मई को की गई छापेमारी में 37.37 करोड़ रुपए बरामद किए थे। पूछताछ और जांच में ईडी ने पाया है कि इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम की सीधी संलिप्तता है इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया । जबकि आलमगीर आलम झारखंड सरकार के कैबिनेट में नंबर दो की हैसियत वाले मंत्री हैं वह झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता भी हैं ईडी ने उनके पीएस संजीव कुमार लाल एवं घरेलू सहायक जहांगीर लाल को 8 मई से रिमांड पर लिया है और उनसे लगातार पूछताछ जारी है इस दौरान खुलासा हुआ है कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में टेंडर मैनेज करने से लेकर भुगतान में कमीशन की वसूली होती थी और इसका निश्चित हिस्सा बड़े अफसरों और मंत्री आलमगीर आलम तक पहुंचता था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमशेदपुर में 19 को प्रस्तावित जनसभा के लिए पुलिस मुख्यालय से 1651 अतिरिक्त जवानों की तैनाती

स्वतंत्र प्रभात

रांची/जमशेदपुर- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 19 मई को जमशेदपुर में प्रस्तावित चुनावी जनसभा के मद्देनजर सुरक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय से 1651 अतिरिक्त जवानों की प्रतिनियुक्ति शुक्रवार से की गई है। इसमें 27 इंस्पेक्टर, 246 एसआई और एएसआई, 1246 लाठी बल, 82 सशस्त्र बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीमें, तीन हिट टीमें, तीन डॉग स्कवायड और रैप की दो कंपनियों सहित इको की चार टीमें शामिल हैं। वहीं प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियाबंद जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल बुलाया गया है। जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने मउभंडार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार पहुंचेंगे। बताया गया है कि मउभंडार ग्राउंड प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अनुरूप छोटा है। इस हिसाब से कार्यक्रम स्थल और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर कंट्रोल बनाए रखना चैलेंज भरा काम होगा। क्योंकि, शहर में एक ही मुख्य मार्ग है, जो सभास्थल मैदान के समीप से होकर गुजरती है। जनसभा में दूर-दराज से वाहनों से पहुंचने वाले लोगों को कार्यक्रम स्थल से ही कुछ दूरी पर बड़े वाहनों को तय पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करना होगा। इसके लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बेनाशोल फुटबाल ग्राउंड, मउभंडार बाबूलाइन, टुमांगडुंगरी ग्राउंड, सर्कस मैदान ग्राउंड और कीताड़ीह काजू जंगल के समीप ग्राउंड को देखकर उसे चिह्नित किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज, झारखंड- 01- राजमहल लोकसभा निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप में संपन्न कराने के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहेबगंज में बन रहे स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना स्थल आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। मौके पर सभी संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना स्थल में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र में अधिष्ठापित सीसीटीवी रूम का भी अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार , मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की आदि उपस्थित थे।

आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के वार्डो में सफाई व्यवस्था चौपट लगता कचरे का ढेर

● सफाई कर्मियों की मनामनी से मोहल्ले बने अजॉब हर

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर एक तरफ जंहा सरकार नगर पंचायत,नगर पालिकाओं को तमाम तरह की सुविधा देने की बात करती है और नगरीय विकास को लेकर कई मद से बजट पास करती है ताकि नगर की व्यवस्थाएं चौकस रहे और नगर का ठीक से विकास हो जिसका लाभ नगर वासियो को मिले लेकिन तस्वीर सच बोलती है जंहा विकास के नाम पर खुलकर भ्र्ष्टाचार होता है । स्वक्षता पेयजल जल निकासी के साथ और अन्य सुविधा मिलने के बात होती हैं लेकिन देखा यह जा रहा है कितना नगरीय सुविधाओं का लाभ नगरीय जनता को मिलता है एक बड़ा सवाल है। बात करें विकास की तो अधिकांश नगर पंचायत और नगर पालिकाओं का विकास सिर्फ कागजो में सीमित है फिर भी मौसम गुलाबी है की बात जिम्मेदारों के द्वारा की जाती है।जबकिं उसका खमियाजा नगर वासियो को भुगतना पड़ता है । नगर पंचायत में सुविधाओ के अकाल की बात भी देखने को मिलती है जंहा नालियां चोक ,नगर में गन्दगी से मच्छरों के महा प्रकोप,बरसात में नालियां स्वक्ष न होने से नगर में जलभराव के साथ नगर के वार्डो की सड़कें भी अपनी दयनीय स्थिति पर मातम करती है के साथ अन्य समस्याओं का महीनों समाधान नही होना आम बात हैं।

हम बात करते हैं आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर की जहां दावा तो यही किया जाता है कि आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के नगरीय क्षेत्रों में तमाम सुविधा जनता को मिल रहा है और जिम्मेदार लोगो के द्वारा यह भी कहा जाता है कि हम तुलसीपुर को मिनी लखनऊ बनाने के सपने जो कि स्व फिरोज खान का था उसे साकार करेंगे। और हमने नगर को स्वक्ष सुंदर बनाने को लेकर कोई कमी नही छोड़ेंगे।जिसके कारण नगर में तमाम विकास के काम करवाया जा रहा है लेकिन धरातल पर जो तस्वीर सामने आ रही है उसे तो सारे दावे धराशायी दिख रहा है। जबकि नगरीय क्षेत्र में स्वक्षता पखवारा मना स्वक्षता की सौगंध तो खाते है और फोटू शूट करवा कर प्रचार करने की कवायद होती है। देखा जा रहा कि नगर के कचरे मोहल्ले और वार्डो में अक्सर देखने को मिलती है हैं जहां पर सफाई करके कचरा उसी मोहल्ले में डाल दिया जाता है। जिससे स्थानीय लोग दुर्गंध से परेशान रहते हैं वही एनजीटी के नियमों की खुलेआम धज्जिया उड़ाई जा रही है जबकिं कचरा घर वर्षो पहले बनाया गया लेकिन अक्सर कचरा वार्डो में पड़ा होता दिखावा के लिये मुख्य मार्गो से कचरा उठाने की बात देखी जा रही।जबकिं उसे रीसायकल किया जाने को लेकर लाखो खर्च कर कचरा घर बनवाने के बाद भी उसका उपयोग न होने जैसा ही दिखता है। तुलसीपुर के अक्सर वार्डो में कहानी तो यही है की सफाई कर्मी और नगरी जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जहा कचरा मोहल्ले में ही छोड़ दिया जाता है। इसके साथ नगर के कई वार्डो में नालियों के चौक होने से नालियों का पानी सड़को पर भर जाता है है वार्डो में जलभराव से संक्रमित बीमारियां के फैलने की आशंका हमेशा बनी रहती है और दुर्गंध से लोगों का जीना हराम होता है जिसके कारण नगर में मच्छरों के परकोप काफी बढ़ गया जिससे संक्रमित बीमारिया डेंगू,बुखार, टाइफाइड जैसी बीमारियों से वार्ड वासियो का घरों में रहना काफी मुश्किल होता लेकिन जाए तो आखिर जाए कहा जब वहर ही आना है ।जिसको लेकर जब तुलसीपुर ईओ से सम्पर्क किया गया तो सम्पर्क नही हो पाया जिससे उनका पक्ष नही मिल सका।

भामाशाह बरही के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा चयन खोज परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

● स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक के साथ नकद राशि एवं प्रमाण पत्र किए प्राप्त

स्वतंत्र प्रभात

बरही- भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा चयन खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में कुल 200 प्रतिभागियों में में 25 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 25 विद्यार्थियों ने रजत एवं 25 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक जीत कर विद्यालय का मान बढ़ाया।वहीं 10 विद्यार्थियों अनन्या भारती अष्टम ब, आद्या प्रियदर्शी सप्तम ब, पवन कुमार अष्टम अ, सोनू कुमार नवम अ, दीपिका चौधरी सप्तम ब, अंशिका गुप्ता नवम ब, पियूष पंडित दशम ब, आरुषि झा षष्ठ ब, आकृति कुमारी पंचम, ऋषिका कुमारी पांडेय दशम ब ने स्वर्ण पदक के साथ 1100 रुपये की राशि एवं प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उधम के द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने सभी उतीर्ण भैया बहनों की उत्कृष्ट सफलता पर शुभकामनाएँ प्रदान की साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य जी एवं दीदी जी उपस्थित रहे।

नए शैक्षिक परिदृश्य में कौशल-आधारित शिक्षा को औपचारिक शिक्षा प्रणालियों में एकीकृत करना होगा



नए शैक्षिक परिदृश्य में कौशल-आधारित शिक्षा को औपचारिक शिक्षा प्रणालियों में एकीकृत करना होगा, जिससे सीखने और आजीविका के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा प्रत्येक पीढ़ी अपने द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा की शब्दावली में अपना योगदान देती है। शब्दावली वर्तमान भावनाओं और भावनाओं की काल्पनिक अभिव्यक्तियों की समझ का प्रतिनिधित्व करती है, जो कभी-कभी मानव जाति जितनी ही पुरानी होती है। यह खुशी, उल्लास या सरासर %निष्क्रियता% हो सकता है। कभी-कभी गंभीर भावनाएँ शामिल होती हैं और उनका नेतृत्व उस समय का कोई प्रमुख व्यक्ति करता है; वे काल्पनिक महत्व प्राप्त कर लेते हैं। कई लोगों को वह समय याद होगा जब राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत सरकार में शिक्षा विभाग को %मानव संसाधन विकास विभाग% घोषित किया गया था और रातोंरात कॉर्पोरेट उद्यमों के कर्मियों के कई विभागों ने खुद को मानव संसाधन विभाग घोषित कर दिया था। संसाधन विकास. सामग्री में कुछ भी नहीं बदला था और दृष्टिकोण भी नहीं था, लेकिन फिर भी फैशन को अपना नया आवरण मिल गया था। जब भी वर्तमान परिदृश्य में कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति किसी अवधारणा को प्रस्तुत करता है, तो बहुत सारे लोग होते हैं जो उसका अनुसरण करते हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है, महत्वपूर्ण बात यह समझना है कि मानव स्वभाव कैसे चलता है और उस विशेष समय के बड़े संदर्भ में शब्दों का क्या महत्व है। मूल्य निर्धारण किए बिना विश्लेषण करना सबसे अच्छा है। ऐसा कहने के बाद, कोई भी वर्तमान समय में आ सकता है और देख सकता है कि कैसे राष्ट्रीय क्षेत्र में %कौशल% पर वर्तमान व्यवस्था के जोर ने कौशल शब्द को सीखने में फोकस के केंद्र में ला दिया है। कुछ विशेष प्रकार के कौशल निर्माण के लिए डिग्री प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ दशक पहले, कौशल इतना सुखद शब्द नहीं था। किसी भी विश्वविद्यालय के वाइस कैंसिलर ने %कौशल% में डिग्री की बात नहीं की होगी। शिक्षा को एक %भव्य अवधारणा% माना जाता था, जो वास्तव में है। हालाँकि, कौशल के साथ भ्रम शिक्षा की प्रक्रिया की भव्यता के महत्व को कम कर रहा था। उस बहस में शामिल होना इस स्तर पर मददगार नहीं हो सकता है।

सच तो यह है कि अब समय बदल गया है और कौशल ने एक ऊंचे लक्ष्य का स्तर हासिल कर लिया है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कौशल निर्माण में डिग्री प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। शायद यह संभव सीखने पर जोर देने की मान्यता है। जो कुछ भी क्रियान्वित किया जा सकता है, उसे अब अधिक महत्व दिया जा रहा है। अपने आप में, यह एक अच्छी बात हो भी सकती है और नहीं भी, लेकिन यह बड़े पैमाने पर कार्रवाई को परिचालन के मोर्चे तक सीमित करने की प्रवृत्ति दिखाती है। इसलिए, अवधारणाओं और विचारों की उपेक्षा आनुपातिक है। अपने आप में, विषय वस्तु पर बहस हो सकती है, लेकिन वह, जैसा कि अभिव्यक्ति में कहा गया है, %एक और मामला% ही रहता है। यह अपरिहार्य है और कुछ प्रतिबिंबों की ओर ले जाता है। कौशल अपने आप में महत्वपूर्ण है और शायद रोजमर्रा की बातचीत में इससे जुड़े मूल्य से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कौशल सभी रिश्तों की नींव है. अगर कोई किसी दूसरे की ओर आकर्षित होता है तो वह केवल उस व्यक्ति की कुशलता के आधार पर होता है। वह कौशल गायन, खाना पकाने, बोलने या नृत्य में हो सकता है और सूची अंतहीन हो सकती है। सच तो यह है कि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य की ओर आकर्षित नहीं होता, यदि उस व्यक्ति के पास कोई कौशल न हो। यहां तक ??कि माता-पिता भी बच्चे की ओर आकर्षित होते हैं, केवल बच्चे की किसी हरकत से, भले ही वह सिर्फ मुस्कुराहट ही क्यों न हो। एक कौशल कितना महत्वपूर्ण है. मुस्कान के बिना, बच्चा किसी का ध्यान आकर्षित नहीं करेगा। कोई भी वयस्क किसी बच्चे को देखता है और उस बच्चे के साथ कुछ संचार स्थापित करना चाहता है और बच्चे की प्रतिक्रिया होती हैयह अपने आस-पास के किसी भी व्यक्ति से प्राप्त होने वाले ध्यान का मुख्य भाग है। बाद में, उस तरह की बातचीत संचार सीखने और बहुत कुछ का मूल बन जाती है। मानवीय रिश्तों में कौशल की इस मौलिक स्थिति पर अक्सर विश्लेषणात्मक उत्साह या काव्यात्मक उत्साह के साथ ध्यान नहीं दिया गया है। यदि ऐसा किया गया होता, तो इस बात को अधिक मान्यता मिलती कि कुछ भी नहीं, यहां तक ??कि भावनात्मक जुड़ाव भी, किसी कौशल की नींव के बिना नहीं होता है। जो भी हो, यह चंचलता, दोस्ती और रिश्तों का एक अतिरिक्त आयाम है और वहां से यह कमाई और आजीविका तक जाता है। आज जो हो रहा है वह इस कौशल निर्माण को डिग्री की ओर ले जाने वाली शिक्षा की तरह एक मानकीकृत प्रारूप में शामिल करना है। आज निर्माण कार्य में ईंटें लगाने की कुशलता को भी डिग्री का दर्जा मिल सकता है। एक डिग्री वास्तव में मानकों की बेंचमार्किंग के अलावा और कुछ नहीं है। इसी तरह, अभिनय में डिग्री और भी बहुत कुछ पर एक प्रस्ताव है। दूसरे शब्दों में, किसी भी अन्य डिग्री की तरह, कौशल की डिग्री से कमाई और आजीविका मिल सकती है। यह परिदृश्य पर नया है. इसमें कमाने के लिए और भी बहुत कुछ है और पहले की तुलना में कमाने के और भी तरीके हैं। इसने सीखने की प्रकृति को व्यापक और गहरा कर दिया है, जिसे लोकप्रिय बोलचाल में %शिक्षा% के रूप में संबोधित किया गया है। यदि कोई ऐसा कह सकता है, तो शिक्षा उद्योग के अपने घटक हैं, जिन्हें व्यापक रूप से समझा जाता है लेकिन हमारे परिचालन के संदर्भ में समान रूप से वर्गीकृत नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में, विभिन्न प्रकार की शिक्षाओं और विभिन्न प्रकार के कौशलों को वर्गीकृत करने का समय आ गया है। यह शिक्षा का वह घटक है जिस पर डिग्री तक ले जाने वाली %शिक्षा% के लिए अब तक किए गए विचार और विश्लेषण की तुलना में अधिक विचार और विश्लेषण की आवश्यकता है। इसलिए, यह प्रस्तुत करना एक उपयुक्त प्रस्ताव हो सकता है कि सीखने के एक भाग के रूप में %कौशल% को समझने के लिए, किसी को %शिक्षा% में डिग्री की सीखने की प्रक्रिया के ओवरहाल के साथ सीखने की प्रक्रिया का ओवरहाल शुरू करने की आवश्यकता है। परिचालनात्मक रूप से इसका अर्थ, आरंभ में, बी.एड. के पाठ्यक्रम की समीक्षा हो सकता है। और एम.एड डिग्री. यह आम तौर पर सहमत है कि वैचारिक प्रतिबिंब को परिचालन वास्तविकता में परिवर्तित करने के लिए हस्तक्षेप के एक आधार बिंदु की आवश्यकता होती है। उपरोक्त पाठ में, कौशल पर दार्शनिक प्रतिबिंब को कार्रवाई और अनुसंधान की दुनिया के साथ जोड़ने की मांग की गई है। यह आगे की चर्चा और कार्रवाई के लिए बोर्ड में गंभीरता से लिया जाने वाला मुद्दा हो सकता है।

संपादकीय

छोटे और मझोले अखबार पर संकट

समाचार पत्र सरकार और जनता के बीच की कड़ी है और शायद इसीलिए इसको लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। समाचार पत्र जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाते हैं और सरकार की योजनाओं को जनता को बताते हैं। हम बात आज उन अखबारों की कर रहे हैं जिनके पास ज्यादा संसाधन नहीं हैं लेकिन वह किसी तरह से अपने समाचार पत्रों का प्रकाशन करते हैं। न ही उनको इतने सरकारी विज्ञापन मिल पाते हैं और न ही प्राइवेट विज्ञापन क्यों कि इन सभी पर देश के बड़े मीडिया समूह ने कब्जा कर रखा है। उस पर भी सरकार ने अब समाचार पत्रों पर ऐसे नियम थोप दिए हैं जिनको पूरा कर पाना शायद इन छोटे और मझोले अखबार स्वामित्व के बस की बात नहीं है। क्यों कि उनके पास वह संसाधन नहीं हैं जिससे वह बड़े-बड़े, चार्टर्ड एकाउंटेंट को भारी फीस देकर उसका वित्तीय लेखाकार बना सकें। पत्रकारिता एक जुनून है, एक लेखक का मन है जिसको लिखकर वह अपनी बात को शायद सरकार और जनता के पास पहुंचा पाता है।

भारत के समाचार पंजीकृत कार्यालय आरएनआई ने अब एक सेवा पोर्टल इसके लिए लागू कर दिया है। जिसमें इस तरह की शर्तें सामने आ गई हैं जिनको छोटे और मझोले अखबारों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। और यदि वह उन शर्तों को पूरा नहीं करता है तो उस अखबार का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। देश भर में हजारों की संख्या में दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक और त्रिमासिक समाचार पत्र और पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं। और ये मुनाफा नहीं कमाती हैं। यह केवल समाजिक कार्यों में लगी हैं। लेकिन सरकार की तमाम शर्तों ने उनके ऊपर संकट पैदा कर दिया है। ऐसा ही एक वाकया हमारे पास भी आया है जिसमें इन शर्तों से तंग आकर एक अखबार के स्वामी ने रजिस्ट्रार न्यूज पेपर्स आफ़ इंडिया से उसका रजिस्ट्रेशन बंद करने की बात कही गई है। क्या यह उचित है, यदि हालात ऐसे ही रहे तो देश के तमाम शहरों और कस्बों से निकलने वाले छोटे मंझोले अखबार बंद होने की नौबत आ सकती है।

देश में शायद ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार ने इस तरह के नियम अखबारों पर लाद दिए हैं। सर्वविदित है कि देश भर में लाखों की संख्या में ऐसे एनजीओ चल रहें हैं जो सरकारी सुविधाएं लेकर भी समाज के लिए एक पैसे का काम नहीं करते हैं और केवल दिखावा के लिए फोटो खिंचवाकर भेज देते हैं। इन एनजीओ पर सरकार का बिल्कुल अंकुश नहीं है। सरकार इनको पड़ी मात्रा में समाज सेवा के लिए धन भी मुहैया कराती है। लेकिन ये कितना समाज का हित करते हैं यह सर्वविदित है। मुख्य बात यह है कि फिर इन छोटे अखबारों के लिए इस तरह के प्रतिबंध क्यों जो केवल सरकार और जनता के बीच की कड़ी हैं। यह सब क्या बड़े-बड़े मीडिया समूह के इशारों पर हो रहा है। यह सर्वविदित है कि देशभर के सभी छोटे समाचारपत्र व्यवसाय नहीं, जनून और सामाजिक प्रतिबद्धता तथा भारतीय भाषाओं के साहित्य, कला, संस्कृति के उन्नयन एवं समाज सेवा के लिए लगातार प्रयासरत है।

दिल्ली के एक समाचार पत्र के स्वामी ने इन बातों का उल्लेख करते हुए रजिस्ट्रार न्यूज पेपर्स आफ़ इंडिया को पत्र लिखते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के बाद से सभी छोटे समाचारपत्र अपने अस्तित्व के लिए लगातार संघर्षरत है। इधर सरकार का कोई सहयोग मिलना तो दूर लगातार जटिलताएं बढ़ाई जा रही है। इन सब कारणों से मैं अपना पाक्षिक समाचार पत्र यथासंभव का टाइटल आपको सुपुर्द करता हूं क्योंकि ये पेचिदगियां मुझे इसका प्रकाशन जारी रखने की अनुमति नहीं देती। इसलिए हमारे टाइटल को निरस्त कर दिया जाए। यह अन्य समाचार पत्रों के लिए भी अब एक समस्या बन गया है। समाचार पत्र कभी भी सरकार का अहित नहीं करता बल्कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करता है। जहां जनता को समस्याएं आ रहीं हैं उनकी सूचना सरकार तक पहुंचाने का कार्य करता है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय देश में तमाम छोटे और मझोले अखबारों ने बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। जिसमें एक अखबार कानपुर से प्रकाशित होता था। जिसको पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने 'प्रताप' के नाम से शुरू किया था। सरकार और न्यूजपेपर्स आफ इंडिया को छोटे और मझोले अखबारों के हित में अवश्य ही सोचने की आवश्यकता है ताकि उनका प्रकाशन बंद होने से बच सके।

(सामाजिक चिंतन) भीड़-तंत्र का न्याय एक बड़ी सामाजिक विफलता।

सामूहिक भीड़ का फैसला राज्य तंत्र के लिए बड़ी चुनौती।

सामूहिक भीड़ का कोई मस्तिष्क नहीं होता। उसके द्वारा उन्माद में लिए गए सड़क पर त्वरित फैसले सामाजिक संरचना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं और राजकीय संपत्ति के लिए कई बार भारी नुकसान दायक भी होते हैं। भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है। यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र

द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।

17वें लोकसभा चुनाव - भाजपा की प्रचण्ड जीत

16 वें लोकसभा चुनाव जीत 2014 में नरेंद्र मोदी अच्छे दिन आने वाले हैं के वायदे के साथ सत्ता पर काबिज हुए। पूरा देश मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व एवंम मिडिया में उनके प्रचार से इतना प्रभावित था कि उनके सत्ता संभालने के बाद किसी करिश्मे की आस में बैठा था। जो-जो लोक लुभावने वायदे मोदी ने कुर्सी संभालने से पहले किए थे सब उन्हें पूरा होते देखना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले वैश्विक रिश्ते सुधारने और विदेशी निवेश भारत लाने की आस में ताबडतोड विदेश यात्राएं आरंभ की। उन्होने अपने कार्यकाल के आरंभिक डेढ सालों में लगभग 37 देशों की यात्राएं की और अपने 5 साल के कार्यकाल में लगभग 96 देशो की यात्रा की। इनसे पिछ्ले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने 10 साल के 2 कार्यकाल के दौरान 93 देशों की यात्राएं की थी और इंदिरा गांधी ने अपने 15 साल के कार्यकाल के दौरान 113 देशों की यात्राएं की थी। मोदी ने अपने कार्यकाल की शुरुआत स्वच्छ भारत अभियान से की। मोदी सरकार ने 28 अगस्त 2014 को देश की जनता को बैंकिंग से जोड़ने के लिए जन-धन योजना की घोषणा की, इस योजना के तहत 31.31 करोड़ लोगों के खाते खोले गए। उसके बाद उज्ज्वला योजना का आरंभ किया गया। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों को मुफ्त में रसोई गैस दी गयी। इनके अलावा और भी बहुत सी नई योजनाओं का आरंभ इस सरकार के कार्यकाल में हुआ। 2 जनवरी 2016 को पठानकोट एयरफोर्स एयरबेस पर पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के हथियारों से लैस आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। लगभग चार दिनों तक चली गोलीबारी में सात सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई थी। इस मुठभेड़ में चार हमलावर भी मारे गये थे। 18 सितंबर 2016 को उरी में आर्तकियों ने सेना कैंप पर हमला कर दि?या। इसमें भारतीय सेना के 19 जवान शहीद हो गए। इस हमले को लेकर पूरे देश में जबर्दस?त आक्रोश देखने को मिला। उरी आंतकी हमले के बाद 28 सितंबर 2016 को भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबों का मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान में घुस कर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आर्तकियों के लॉन्च पैड्स पर हमला कर उन्हें पूरी तरह तबाह कर दिया था। इस हमले में 7 आतंकी शिवर नष्ट किए गए। मोदी सरकार के बड़े बदलावों की कोशिश की शुरुआत हुई नोटबंदी से। 8 नवम्बर 2016 को नोटबंदी की घोषणा खुद प्रधानमंत्री ने की, चलन में चल रहे 1000 के नोट को बंद कर दिया गया, 500 का पुराना नोट बंद कर 500 का नया नोट लाया गया। 2000 और 200 के नोट अवतरित हुए। बाकि नोट चलन में रहे पर 10, 20, 50, 100 के नए नोटों का रूप-रंग भी बदल दिया गया। 1 जुलाई 2017 से देश भर में जीएसटी लागू किया गया। जीएसटी लागू करने का पीछे मकसद एक देश- एक कर (वन नेशन, वन टैक्स) प्रणाली था। जनवरी 2019 में सवर्ण समुदाय को आर्थिक आधार पर 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया गया। इसके जरिए सवर्ण समुदाय के लोगों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए आर्थिक आधार पर आरक्षण का लाभ दिया गया। इस बीच देश में महंगाई और बेरोजगारी बहुत बढ़ी। सरकार पर देश के कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के आरोप लगे। लोगों में सरकार के प्रति रोष साफ दिखाई देने लगा।

14 फरवरी 2019 को दोपहर करीब 3:00 बजे पाकिस्तान समर्थित आंतकी गुट जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी ने श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले में विस्फोटक भरी कार से टक्कर मार दी। आत्मघाती हमलावर द्वारा सीआरपीएफ के काफिले को निशाना बनाकर किए गए हमले में सीआरपीएफ के करीब 40 जवान शहीद हो गए। इस हमले का सीधा सीधा दोषी पाकिस्तान था। पूरा देश इस घटना के बाद आहत था। हर कोई बदला चाहता था। मोदी सरकार ने पाकिस्तान से बदला लेने और उसे सबक सीखाने की ठान ली। पुलवामा हमले के ठीक 12 दिन बाद 26 फरवरी 2019 को भारतीय एयरफोर्स ने बालाकोट एयरस्ट्राइक करते हुए पाकिस्तान के करीब 300 आतंकी मार गिराए। 27 फरवरी 2019 को भारतीय हवाई सीमा में घुसपैठ करते पाकिस्तान के विमानों में से एक एफ-16 को भारतीय वीर अभिनंदन वर्धमान ने अपने विमान से पीछा करते हुए मार गिराया पर अभिनंदन का खुद का विमान भी क्षतिग्रस्त हो गया और पाकिस्तान की सीमा में जा गिरा। पाकिस्तानी सेना ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया पर भारतीय दबाब के आगे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और कैप्टन अभिनंदन को सकुशल भारत को लौटा दिया। पूरे देश में देशभक्ति की लहर हिलोरे मारने लगी। इस सरकार का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद 17वें लोकसभा चुनाव 545 लोकसभा सीटों में से 543 सीटों के लिए 11 अप्रैल 2019 से 19 मई 2019 के बीच 7 चरणों में संपन्न हुए। चुनाव के परिणाम 23 मई को घोषित हुए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटे जीत प्रचंड बहुमत हासिल किया। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं। भाजपा ने 37.36त्न वोट हासिल किए। जबकि एनडीए का संयुक्त वोट शेयर 60.37 करोड़ वोटों का 45त्न था। कांग्रेस पार्टी ने 52 सीटें जीतीं और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए गठबंधन ने 92 सीटें जीतीं। अन्य दलों और उनके गठबंधन ने भारतीय संसद में 97 सीटें जीतीं। 2019 के चुनावों में मतदाता 911950734 थे और मतदान प्रतिशत लगभग 67.40 रहा। इन चुनावों में विपक्ष के बडे बडे महारथी चुनाव हार गए पर विपक्ष को सबसे बड़ा झटका अमेठी से लगा जहां यूपीए के प्रधानमंत्री पद के अघोषित चेहरा राहुल गांधी स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस का गढ़ माने जा रहे अमेठी सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने राहुल को 55 हजार 120 मतों के अंतर से पराजित किया। इस चुनाव में स्मृति को चार लाख 67 हजार 598 मत मिले जबकि कांग्रेस अध्यक्ष को चार लाख 12 हजार 867 मत प्राप्त हुए थे। 2019 में राहुल गांधी ने दो जगह से चुनाव लड़ा था वो वायनाड की सीट जीत संसद पहुंचे। 30 मई 2019 के दिन लगभग 8,000 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण की।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
स्वतंत्र प्रभात
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त ख़बरें

मेधावी छात्र - छात्राओं को मेडल और प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

गोलाबाज़ार गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के जनता इण्टर कालेज दुबौली - गोरखपुर में हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट में अच्छा अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं को मेडल और प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया गया। जनता इण्टर कालेज दुबौली पर मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांसगांव चेयरमैन विजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि राम बचन राय, अध्यक्षता संरक्षक अंतरराष्ट्रीय पहलवान सुबाष राय, और मंच संचालन इण्टर कालेज ककरही के एनसीसी अधिकारी अजय कुमार शुक्ल ने किया। छात्र - छात्राओं को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन श्री सिंह ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन से छात्र - छात्राओं का मनोबल बढ़ता है। अगले सत्र में और छात्र कठिन परिश्रम कर अच्छा अंक लाकर विद्याल का नाम रोशन करेंगे। संरक्षक अंतरराष्ट्रीय पहलवान सुबाष राय के हाथ मेड और प्रशस्तिपत्र पा कर छात्र - छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर राजेश्वरी राय, अरुण राय, रविन्द्र राय, सुरेश राम त्रिपाठी, ओमप्रकाश राय सहित समस्त शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

न्याय के लिए एसपी कार्यालय पहुंची महिला

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ हफ्ते दिन पूर्व उसके जेठ ने छेड़छाड़ करने का प्रयास किया था। मामले में पीड़ित महिला ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। हफ्ते दिनों तक पुलिस का परिक्रमा करने से थकी-हारी महिला को जब न्याय नहीं मिला तो पीड़ित महिला न्याय की उम्मीद लिए महराजगंज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची जहां पीड़ित महिला ने लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा छेड़छाड़ के मामले में थानाध्यक्ष परसामलिक को जांच-पड़ताल कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

तीन लाख बीस हजार नेपाली रूपए के साथ एक गिरफ्तार

महराजगंज। सोनौली पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के बाइक सवार एक युवक के कब्जे से 03 लाख 20 हजार नेपाली रूपए बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने रूपए के साथ अभियुक्त को कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात विधिक कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को खनुआ चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता एवं एसएसबी निरीक्षक प्रदीप कुमार अपने हमराहियों के साथ चेकिंग में थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के सुकरौली निवासी कौशल गिरी पुत्र चकबहादुर (32) अपने एफजेड बाइक यूपी 56 एवी 0590 से नेपाल के तरफ से आ रहा था। संयुक्त टीम ने रोककर जांच-पड़ताल किया तो उक्त युवक के पास से 03 लाख 20 हजार नेपाली रूपए बरामद हुए। टीम ने रूपए के साथ अभियुक्त को कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई। इस संबंध में चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि नेपाली रूपए के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

ग्रीष्मकालिन इंटर्नशिप हेतु जनपद के विधि छात्र करें आवेदन- न्यायाधीश

देवरिया 17 मई। 1जून 30 जून तक जनपद के विधि छात्र-छात्राओं हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय गोरखपुर में ग्रीष्मकालिन इंटर्नशिप कार्यक्रम कराया जाना प्रस्तावित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि जनपद के विधि विद्यालयों में ऐसे सभी छात्र-छात्राएं जो उक्त इंटर्नशिप में प्रतिभाग हेतु इच्छुक है, वह अपने आवेदन पत्र कॉलेज के विभागाध्यक्ष से संस्तुति कराकर निर्धारित प्रारुप पर आवश्यक प्रपत्र सलंग्न करते हुए 25 मई तक रजिस्टर्ड डाक तथा व्यक्तिगत रुप से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोरखपुर के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया से प्राप्त किया जा सकता है।

गोरखपुर लोकसभा से 13 प्रत्याशी मैदान में वितरीत किए गए सिंबल

● बांसगांव लोकसभा से प्रत्याशी मैदान में वितरित किए गए सिंबल

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। 64 गोरखपुर लोकसभा से 13 प्रत्याशी मैदान में बांसगांव लोकसभा से आठ प्रत्याशी मैदान में सभी को आज सिंबल वितरित किए गए। काजल निषाद साइकिल जावेद अशरफ हाथी रवि किशन कमल का फूल शिव शंकर प्रजापति फुटबॉल खिलाड़ी संजय सिंह राणा ऑटो रिक्शा सुधांशु टेलीविजन आनंद यादव उपहार गिफ्ट अमिता भारती चारपाई अंकित शाह हीरा सोनू राय आदमी व पाल युक्त नौका नफीस अख्तर सिटी राम प्रसाद हरी मिर्च पिंटू सहानी केतली वितरित किए गए। 67 बांसगांव लोकसभा से आठ प्रत्याशी मैदान में कमलेश पासवान कमल का फूल सदल प्रसाद हाथ का पंजा राम समुझ हाथी हीरालाल एयरकंडीशनर श्रवण निराला सिलेंडर गया प्रसाद गुब्बारा मुरलीधर आलमारी राजेंद्र चौहान को चारपाई वितरित किया गया।

गोरखपुर लोकसभा के प्रेक्षक आईएएस नथमल डिडेल जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मृणाली अविनाश जोशी सहायक रिटर्निंग अफसर उप जिला अधिकारी सिद्धार्थ पाठक सहायक एसडीम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह उप जिलाधिकारी राजू कुमार आरओ सहायक विद्या चरण पांडे। बांसगांव लोक सभा प्रेक्षक आईएएस आर मेनका रिटर्निंग अफसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह एसडीएम चौरी चौरा प्रशांत वर्मा मौजूदा कर वेद प्रत्याशियों को सेंबल वितरित किए इससे पूर्व सभी अधिकारी गण अपने-अपने कक्षा में बैठकर प्रत्याशियों का इंतजार कर रहे थे कि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापसी ले लेकिन 16 व 17 मई को नाम वापसी का दिन था आज 3ः00 बजे नाम वापस लेने का समय समाप्त होने के बाद वैध प्रत्याशीयो को सिंबल वितरित किए अब प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर अपना प्रचार प्रसार करेंगे 1 जून को मतदान गोरखपुर बांसगांव लोकसभा का होगा। नामांकन नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी खजनी ओंकार तिवारी की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहा एलआईयू सिविल पुलिस अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए मौजूद रही।

सत्तासीन जन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के साथ किया सौतेलापन व्यवहार- अखिलेश

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के रजवारिया, बगही, पगरा पकड़ी, राजापाकड़, सीताराम चौराहा, मठिया भौकरिया, पृथ्वीपुर, बिशुनपुर बरियापत्ती, दुदही ब्लाक चौराहा, बड़हरा वृत, बैकुंठपुर कोठी, नरहवा , कीरत पट्टी, महावीर चौक, नौगावा, जंगल लूअठहा, जंगल सिसवा गोड रिया चौराहा ,गोड रिया बाजार, दुबौली चाफ, शाहपुर उचकी पट्टी, शंकरपुर घोरठ,मछरिया,खिरिया सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण,जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान सिंह ने कहा कि सत्तासीन जनप्रतिनिधियो ने फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से अछूता है। इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है ना कृषि के संसाधन ना अच्छी सड़के हैं। इस क्षेत्र के छात्रों के समुचित उच्च शिक्षा की व्यस्था नही है,महिलाओं के स्वरोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण समाज का हर वर्ग परेशान,हताश और निराश है

अगर आपका आशीर्वाद मिला तो ये सभी कार्य मेरी प्राथमिकता में होगी और यहां का विकास अपने आप में एक उदाहरण होगा। इस दौरान पूर्व सांसद बालेश्वर यादव ने कहा कि अखिलेश प्रताप सिंह ने रुद्रपुर के विधायक रहते हुए विकास का इतिहास रचा है अगर इनको मौका मिलता है तो देवरिया लोकसभा में इतिहास रचा जाएगा। इस दौरान नागेन्द्र सिंह , सपा जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऋषिकेश मिश्र, विपिन सिंह, रविन्द्र प्रसाद वर्मा, विजय यादव, तारकेश्वर सिंह, अशोक सिंह , महेन्द्र गुप्ता, शिवशंकर सिंह सैंथवार, रविन्द्र मल्ल आदि उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार बनने पर समान नागरिक संहिता लागू करेगी मोदी सरकार- राजनाथ

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। जनपद के गौरी बाजार के देवगाँव व बलिया जिले के सिकन्दरपुर में गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी जन सभा कर जनता से समर्थन की अपील की। देवरिया लोक सभा प्रत्याशी शशांक मणि व सलेमपुर लोक सभा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के पक्ष में राजनाथ सिंह ने चुनावी जनसभा में ऐलान किया कि केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। क्योंकि यह भारत के संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में शामिल है।

सिंह ने सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि संविधान निर्माताओं ने भी समान नागरिक संहिता के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि हम राजनीति देश बनाने के लिए करते हैं। आज देश की चौड़ी सड़कों का श्रेय अटल जी को जाता है। वर्ष 2014 में आये मोदी जी ने अब तक क्या नहीं किया है। अभी आगे बहुत कुछ करेंगे। सिंह ने कहा कि पिछले दस सालों में भारत के प्रति दुनिया में धारणा बदली है। पहले भारत को कमजोर समझा जाता था। आज भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। वर्ष 2004 में अर्थव्यवस्था में भारत को अटल जी ने 11वें स्थान पर लाकर खड़ा किया था। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में देश की हालत खस्ता हो गई। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि वे किसी प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं करते। आज मोदी सरकार में भारत की अर्थ व्यवस्था दुनिया में पांचवें स्थान पर है।

दुनिया में सबसे तेज अर्थव्यवस्था भारत की

सिंह ने मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि दुनिया में सबसे तेज अर्थव्यवस्था भारत की है। उसने यह भी कहा कि यदि भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार इसी तरह रही तो 2027 तक यह दुनिया में तीसरे स्थान पर होगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, जिला प्रभारी विजय बहादुर दूबे, कुंजबिहारी सिंह, सकलदीप राजभर, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, जयनाथ कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

खजनी क्षेत्र सतुआभार में एक बार फिर रोड़ हादसे का हुआ शिकार बाइक सवार

● अनियन्त्रित बोलोरो अधेड़ को रौंदा,इलाज के दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर जनपद के खजनी क्षेत्र कटघर सतुआभार मार्ग आये दिनों ब्यक्ति रोड़ हादसे का शिकार हो रहा है ,तेज गति से आ रहे वाहन लोगो को अपने आगोश ले रहे है ,चौराहों पर भी रफ्तार में कोई अंकुश नही है, जिससे रोड़ हादसे आये दिनों हो रहे है, इसी क्रम में आज शुक्रवार को 11 बजे के लगभग रोड़ हादसा हुआ, जिसमे मोपेट सवार को अनियन्त्रित बोलोरो ने रौंद दिया। आनन फानन में लोग उसी बिलोरो को पकड़ कर जिलाअस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई, हलाकि घटना की सूचना खबर लिखे जाने तक खजनी पुलिस को नही थी, जिलाअस्पताल से मोर्चरी में शव भेज दिया गया।

मामला खजनी क्षेत्र सतुआभार चौराहे के समीप का है जहां शुक्रवार को दिन के 11 बजे के लगभग अनियन्त्रित बलोरो मोपेट सवार प्रकाश हरिजन को रौंद दिया ,मौके पर गम्भीर रूप घायल हो गया , बताया गया जिस बोलोरो ने रौंदा उसी गाड़ी से घायल को जिलाअस्पताल भेजा गया ,जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई,फिरहाल खजनी पुलिस उक्त घटना में कोई सूचना न प्राप्त होना बताया है ,मौत के बाद शव को मोर्चरी घर मे रख दिया गया,वही परिजन को रो रो कर बुरा हाल है , मृतक प्रकाश पुत्र जिआऊ उम्र 55 वर्ष हरपुर बुदहट थानां क्षेत्र ग्राम सभा बिगही का निवासी है, मृतक के दो पुत्र एक पुत्री है , और बालिग है पुत्री विवाहित है। घटना के बाद मौत के सूचना पर मृतक के घर मे कोहराम मच गया। बिगही ग्राम के पूर्व प्रधान प्रतिनधि संजय यादव ने बताया मृतक बहुत गरीब है दो बालिग पुत्र एक विवाहिता पुत्री है, एसओ खजनी गौरव राय कन्नौजिया ने बताया घटना की सूचना नही है ,फिरहाल तहरीर मिलने और कोई कार्यवाही होगी।

अधिशाषी अधिकारी को दी श्रृद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

मक्खनपुर। नगर पंचायत परिसर में शुक्रवार को एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पालिका के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत के व्यापारियों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने पहुंच कर दिवंगत अधिशाषी अधिकारी को श्रृद्धांजलि दी। इस दौरान लोगो ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा दिवंगत अधिशासी अधिकारी स्वर्गीय अमर बहादुर सिंह को उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी के द्वारा कराए गए प्रशंसनीय कार्यों एवं उनके द्वारा विकास कार्यों को कराए जाने के संबंध में विस्तार से लोगों ने प्रकाश डाला। उनके 2 साल के कार्यकाल को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक कर्मठ, इमानदार एवं दूरदृष्टि वाले अच्छे अधिकारी हमारे बीच नहीं रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद आदेश सिंह सागर, तहसीलदार राखी शर्मा, अधिशाषी अधिकारी सुरेंद्र प्रताप सिंह, सुरभि शर्मा, त्रिपाठी एवं शिकोहाबाद के अधिशाषी अधिकारी सुरेंद्र प्रताप सिंह के अलावा मक्खनपुर एवं जिला पंचायत के कर्मचारी अधिकारी तथा मक्खनपुर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, नगर पंचायत की अध्यक्ष गीता दिवाकर,प्रतिनिधि दिलीप लोधी, सत्यपाल सिंह चौहान, उमाकांत गुप्ता, रतन प्रकाश गुप्ता, सोहेलकांत शर्मा, पारुल मोहन,कमलेश यादव, अर्जुन सिंह,वैभव कुमार जैन, जसवंत यादव, हाकीम सिंह, प्रेम सिंह, रानू ठाकुर, रुचि चतुर्वेदी एवं सैकड़ो नगर पंचायत के कर्मचारियों तथा व्यापारियों ने श्रृद्धांजलि देते हुए उनके परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

अहंकार से नही प्राप्त हो सकता है भक्ति- गायत्री माँ

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर। कथा वाचक ने कहा कि जबतक व्यक्ति का अहंकार नहीं टूटता (नष्ट) है। तब तक भक्ति नहीं मिलती है। उक्त बातें कथावाचक गायत्री देवी मां ने गोला उपनगर के राम जानकी मंदिर पर चल रही सात दिवसीय नारायण महायज्ञ के अवसर पर आयोजित श्री राम कथा में सातवें दिन सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि माता सीता भक्ति हैं तो धनुष अहंकार है। गुरु विश्वामित्र ऋषि के कहने पर जब श्री राम ने धनुष को मध्य से तोड़ा तब प्रभु श्री राम को सीता मिली। धनुष टूट जाने के बाद । माता सीता श्री राम के गले में वर माला पहनाती हैं। तो श्री राम सीता माता के गले में माला पहनाते हैं ।जय माल कार्यक्रम सम्पन्न होने के सीता जी के पिता राजा जनक जी राजा दशरथ को बुलाने दूत भेजते हैं। दूत अयोध्या राजा दशरथ के पास पहुंचकर उनसे जनक पुर में घटी सारी घटना क्रम को बताता है। उसके बाद राजा दशरथ बारात सजाकर जनकपुर पहुंच जाते हैं। वहां जनक जी राजा दशरथ की खूब आव भगत करते हैं। प्रभु श्री के साथ सीता का विवाह होता है। उसके बाद लक्ष्मण,भरत , शत्रुघ्न तीनों भाइयों को शादी जनकपुर में ही हो जाती है। राजा जनक चारों पुत्र बधू को लेकर अयोध्या आते हैं। अयोध्या में उत्सव मनाया जाने लगा।

महंत राजेन्द्र दास ने कथा पीठ व्यास की आरती उतारी।इस अवसर पर मंटू बाबा, ब्रम्हानंद शास्त्री, गिरधारीलाल स्वर्णकार, अशोक वर्मा, श्रवण वर्मा,संपूर्णानंद शुक्ल, अमित दास, मुनील सिंह, अरूण तिवारी, अरविंद राय, पंकज सोनकर, डा सीके निगम, गणेश वर्मा, प्रदीप वर्मा, सुदर्शन कसौधन, सुमित सिंह, राज सोनकर सहित अन्य श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापको की बीआरसी खजनी में हुआ मासिक बैठक, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वय पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र खजनी ब्लॉक के संसाधन केंद्र सभागार खजनी में महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु परिषदीय विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक की मासिक समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी सावन कुमार दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ द्य सावन कुमार दुबे ने स्कूल चलो अभियान एवं मतदाता जागरूकता रैली निकालना, शिक्षण संकुल बैठक, मध्यान भोजन योजना पर चर्चा किया बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडेए, जिला संगठन मंत्री संतोष कुमार त्रिपाठी ने संबोधित किया ऐआरपी राजेश यादव ने आधारशिला क्रियान्वयन सुंदर्शिका विस्तृत रूप से चर्चा की द्य संजय चौरसिया ने निपुण तालिका भरे जाने ,निपुण लक्ष्य ऐप पर छात्रों के नियमित आकलन, पुस्तकालय की सक्रियता, स्कूल रीडीनेस प्रोग्राम पर चर्चा किया द्य स्पेशल एजुकेटर रजनीश तिवारी ने शारदा ऐप एवं समर्थ ऐप के द्वारा आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हकन एवं नामांकन करने ,बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने पर चर्चा हुई निपुण सेल के अधिकारी एवं सभी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया 17 मई। विकास खण्ड बरहज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय नदुआ में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं विद्यालय के स्काउट गाइड के बच्चो की सहायता से रंगोली बना कर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। छात्रों एवं अध्यापकों ने गांव में डोर टू डोर भ्रमण करके लोगों को एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। भटनी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय टेघरा विकास मे जागरूकता रैली, मतदाता शपथ, रंगोली व अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया। भलुअनी के कंपोजिट स्कूल तेनुआ चौबे में मतदाता जागरूकता हेतु छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी रखकर उसमें चुनाव संबंधी स्लोगन लिखे एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पथरदेवा विकास खंड जोगिरहां गांव मे बीएलओ अभिषेक पांडेय ने ग्राम वासियों को मतदान की शपथ दिलाते हुए उन्हें बिना किसी दबाव के मतदान करने की बात कही। प्राथमिक विद्यालय सिधावें में छात्रों ने मतदाता जागरूकता संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बैतालपुर ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय तिवई के छात्रों ने ग्राम सभा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली एवं स्लोगन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर उसके माध्यम से लोगों को एक जून को मतदान हेतु जागरूक किया।

अवैध असलाह सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

टूण्डला- थाना रजावली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त पर एक दर्जन से अधिक अभियोग विभिन्न थानों पर पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा नगला सिकन्दर मैरिज होम के पास से हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त मानवेन्द्र उर्फ मोनू पुत्र रघुराज सिंह निवासी जरौली कला थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को 01 नाजायज तमंचा व 02जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा है।

व्यापारियों ने किया सड़क पर अतिक्रमण, पुलिस और प्रशासन मौन

● दुकानों के बाहर रखा सामान और ग्राहकों के वाहनों से सड़क पर निकलना हुआ मुश्किल

स्वतंत्र प्रभात

शिकोहाबाद। नगर में कटरा बाजार और बड़ा बाजार के साथ ही स्टेशन रोड पर दुकानदारों ने दुकानों के आगे सामान रख कर सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। दुकान से तीन फीट वाहर सामान और फिर ग्राहकों के वाहनों से सड़क जाम हो जाती है। जिससे वाहनों को निकलने में काफी परेशानी होती है। अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण से आए दिन बाजार में जाम लगता रहता है। लेकिन इस तरह पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। आम जनता तेज धूप और गर्मी में जाम में फंस कर बेहाल होती रहती है।

कटरा बाजार में पक्का तालाब से लेकर एटा तिराहा तक दुकानदारों ने दुकानों के आगे बाहर सामान रख लिया है। जबकि दुकानदारों को सामान को दुकान के अंदर ही रखना होता है। लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के कारण दुकानदार सामान को सड़क पर रख लेते हैं। पक्का तालाब पर कूलर, बॉडी, घास व अन्य सामान सड़क पर दुकान के सामने रख लिया है। इसके बाद ग्राहक अपने वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ा कर देते हैं। जिससे दोनों तरफ से सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण हो जाता है। जिसके चलते लोगों को राह चलने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं स्टेशन रोड पर तहसील तिराहा से लेकर स्टेशन तक और रेलवे ओवर ब्रिज तक पूरी सड़क पर अवैध अतिक्रमण है। जिससे वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब एसडीएम आदेश सागर से बात की तो उन्होंने बताया कि चुनाव के चलते व्यस्तता रही है। अब मतगणना के बाद शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।

महिला की उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु, पोस्टमार्टम कराया

स्वतंत्र प्रभात

शिकोहाबाद। बीमार महिला की आगरा के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। महिला की मृत्यु की सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनों के प्राथर्ना पत्र पर मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मोहम्मदपुर माढ़ई निवासी मिहला मधु (27) पत्नी विनय कुमार को पीलिया हो गया था। उसका आगरा के एसआर हॉस्पीटल में उपचार चल रहा था। जिसकी 16 मई की शाम को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। परिजन शव को लेकर गांव आ गए। सुबह डायल हंड्रेड पर मृतका के परिजनों ने थाने पर सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने परिजनों के प्रार्थना पत्र पर पोस्टमामार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला विगत तीन दिनों से आगरा के अस्पताल में भर्ती थी। जहां उसकी मृत्यु हो गई है। परिजनों ने थाने पर कोई तहरीर नहीं दी है।

दो बच्चों की मां लापता,गुमशुदगी दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

शाहाबाद हरदोई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी पति ने अपनी 30 वर्षीय दो बच्चों की मां के लापता होने की लिखित सूचना पुलिस को दी है।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की है। नगर के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी संदीप पुत्र हरी चरन लाल ने बताया उसका विवाह दस वर्ष पूर्व लखीमपुर जनपद के थाना मैगलगंज के ग्राम डंडौरा निवासी महेंद्र की पुत्री प्रीती के साथ हुआ था।उसके एक सात वर्ष का पुत्र और 4 वर्ष की पुत्री है।15 मई को सुबह 4 बजे किसी काम से कहीं चली गई है। वह अपने साथ 4 वर्ष की पुत्री को भी ले गई है। उसने पत्नी के मायके और अन्य रिश्तेदारों में पूछताछ की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

जिनपिंग ने पुतिन को गले लगाया, साथ चाय पी

● - नाराज अमेरिका बोला- रूस-यूरोप में से एक को चुने चीन, दोनों से दोस्ती नहीं कर सकता

स्वतंत्र प्रभात

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2 दिन के दौरे पर चीन में हैं। गुरुवार को बीजिंग में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका स्वागत किया। इसके बाद शाम को दोनों नेताओं ने साथ में चाय पी। पुतिन की यात्रा का पहला दिन खत्म होने पर जिनपिंग ने उन्हें गले भी लगाया। रूस और चीन की इस बढ़ती दोस्ती से अब अमेरिका नाराज है। अमेरिका ने कहा है कि चीन अगर पश्चिमी देशों के साथ बेहतर रिश्ते बनाने की कोशिश कर रहा है तो वह यूक्रेन जंग में रूस का समर्थन नहीं कर सकता है। उसे रूस या यूरोप में से एक को चुनना होगा।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, "यूक्रेन जंग के मामले में अमेरिका, G7, नाटो और EU देशों का एक ही पक्ष है। रूस को हथियार देकर चीन न सिर्फ यूक्रेन की सुरक्षा खतरे में डाल रहा है, बल्कि इससे यूरोप पर भी असर पड़ेगा। वह यूरोप के सबसे बड़े खतरे को बढ़ावा दे रहा है।"

अमेरिका बोला- जंग का हल निकालना आसान, यूक्रेन से पीछे हट जाए रूस

यूक्रेन जंग पर बात करते हुए वेदांत पटेल ने कहा, "हमारे नजरिए से इस समस्या का हल बहुत ही आसान है। रूस यूक्रेन से पीछे हट जाए। वह रूसी कब्जे में मौजूद यूक्रेन के क्रीमिया और दूसरे इलाकों को आजाद कर दे। इससे शांतिपूर्ण तरह से मसला हल किया जा सकेगा, लेकिन रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने समय-समय पर यह बताया है कि वे शांति के लिए तैयार नहीं है।" दूसरी तरफ, चीन ने कहा है कि वह अपने मिलिट्री प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट को पूरी जिम्मेदारी से संभालता है। अमेरिका को टारगेट करते हुए चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारे ऊपर आरोप लगाने से किसी समस्या का हल नहीं निकलेगा। जो लोग आग को हवा देते हैं, वे खुद उसकी चपेट में आ जाते हैं। रूस-यूक्रेन मसले का हल सिर्फ राजनीतिक समझौते के जरिए ही निकाला जा सकता है।

पुतिन बोले- चीन-रूस भाई जैसे; जिनपिंग ने गले लगाया

दरअसल पुतिन इस वक्त 2 दिन के दौरे पर चीन गए हुए हैं। शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद पुतिन ने कहा कि रूस और चीन भाई जैसे हैं। जिनपिंग ने सोवियत काल की धुन के साथ उनका स्वागत किया। प्रेस ब्रीफिंग के वक्त दोनों नेताओं ने कहा था कि रूस और चीन की दोस्ती दुनिया में चल रही वर्चस्व की लड़ाई के बीच स्थिरता लाने का काम करती है। अपने

दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को पुतिन चीन के हार्बिन शहर पहुंचे। इसे चीन का 'लिटिल मॉस्को' कहा जाता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि 1917-22 के दौरान जब रूस में गृह युद्ध चल रहा था, तब हजारों रूसी हार्बिन शहर रहने पहुंचे थे। तब मॉस्को से रूस के पश्चिम में मौजूद व्लादिवोस्तोक शहर को जोड़ने के लिए हार्बिन के रास्ते रेलवे लाइन बिछाई गई थी। शुक्रवार को यहां पहुंचे राष्ट्रपति पुतिन ने 1940 में जापान के साथ जंग के दौरान मारे गए सोवियत सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। जिनपिंग रूस से सस्ते दामों पर गैस आयात करने और पावर ऑफ साइबेरिया पाइपलाइन के बारे में चर्चा करेंगे। इस पाइपलाइन के जरिए रूस साइबेरिया से मंगोलिया होते हुए चीन को गैस सप्लाई करता है।

चीन के साथ व्यापार बढ़ाकर अर्थव्यवस्था सुधारना चाहता है रूस

BBC न्यूज के मुताबिक, मॉस्को के टॉप एनर्जी ऑफिशियल ने बताया कि इस दौरे में पुतिन का फोकस पावर ऑफ साइबेरिया 2 प्रोजेक्ट के एग्रीमेंट को फाइनल करना है। इस पाइपलाइन के जरिए रूस साइबेरिया से मंगोलिया होते हुए चीन को गैस सप्लाई कर सकेगा। दरअसल, यूक्रेन जंग के बाद से यूरोप को जाने वाली नेचुरल गैस की सप्लाई रुकी हुई है। ऐसे में रूस इसे अब चीन भेजना चाहता है।

अपनी यात्रा के दौरान पुतिन का पूरा फोकस चीन के साथ व्यापार बढ़ाने पर है। इसके जरिए वह 3 साल से जंग में शामिल रूस की अर्थव्यवस्था को मतबूत करना चाहता है। दरअसल, यूक्रेन पर हमले के बाद से ज्यादातर यूरोपीय और पश्चिमी देशों ने रूस के साथ व्यापार रोक दिया है। इस बीच रूस और चीन के बीच ट्रेड में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 2021 की तुलना में 2023 में दोनों देशों के बीच व्यापार 64त्न बढ़कर 20 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। साल 2023 में चीन रूस का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बन गया।

संक्षिप्त ख़बरें

सप्ताह में एक दिन बच्चों को दूध जुलाई से एमडीएम में

बिहार-जिले के विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत निर्धारित मेन्यू के अतिरिक्त सप्ताह में एक दिन बच्चों के बीच दूध दिया जाएगा। इस संबंध में निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार पटना मिथिलेश मिश्र ने जिले में केंद्रीयकृत रसोई घर चला रहे भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर दलित उत्थान एवं शिक्षा समिति को मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत निर्धारित मेन्यू के अतिरिक्त दूध आपूर्ति करने के संबंध में पत्र जारी किया है। बताया गया है कि मंगलवार के दिन बच्चों को गर्म तरल दूध दिया जाएगा। वर्ग 1-5 तक के बच्चों के लिए 100 एम एल एवं वर्ग 6-8 तक के बच्चों के लिए 150 एम एलतरल दूध दिया जाएगा। 100 एम एल तरल दूध तैयार करने के लिए 12 ग्राम दुग्ध पाउडर एवं 150 एम एल तरल दूध तैयार करने के लिए 18 ग्राम दुग्ध पाउडर का उपयोग किया जाना है। स्वयंसेवी संस्था के द्वारा लाभान्वितों के आधार पर केंद्रीय कृत रसोई घर में उपलब्ध बर्तन में पानी गर्म कर उपरोक्त निर्धारित मात्रा के अनुसार दुग्ध चूर्ण मिलाकर तरल दूध तैयार किया जाना है, जिसे परिवहन के माध्यम से इंसुलेटर कंटेनर में रखकर विद्यालयों तक पहुंचाया जाना है एवं तैयार तरल दूध ही बच्चों को दिया जाएगा। दूध की आपूर्ति पर होने वाले खर्च का वहन संबंधित स्वयंसेवी संस्था के द्वारा किया जाएगा, इसके लिए अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी। संबंधित संस्था के द्वारा दूध की आपूर्ति के उपरांत विद्यालय में दूध चख कर उसकी गुणवत्ता पंजी पर दर्ज की जानी है।

लोकसभा चुनाव में अधिग्रहित एसी बसों का किराया तय

रांची, झारखंड- लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के मोटर वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज नये सिरे से तय कर दिया गया है। वातानुकूलित, डीलक्स, सेमी डीलक्स बसों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय करते हुए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। इसी दर पर वाहन संचालकों को बस भाड़ा देना होगा। जारी अधिसूचना के अनुसार 35 सीट बैठान क्षमता या अधिक वाले वातानुकूलित डीलक्स बसों के लिए 4,730 रुपये, 35 सीट बैठान क्षमता वाले डीलक्स बसों के लिए 4,150 रुपये, 20 से 50 सीट तक सेमी डीलक्स बस 3,800 रुपये, मिनी बस 14 से 23 सीट तक वातानुकूलित 2,500 रुपये, कम सीट वाले मिनी बस 08 से 13 सीट तक वातनुकूलित बस का भाड़ा 1,650 रुपये और टाटा मैजिक के लिए 650 रुपये की दर तय की गयी है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव हो रहा है। पहले चरण का चुनाव समाप्त हो गया है। शेष तीन चरण का चुनाव बाकी है। चुनाव ड्यूटी में बड़ी संख्या में बसों का अधिग्रहण किया जाना है। प्राइवेट बस संचालकों को बस जमा कराने के लिए नोटिस भेजा गया है। अब नये सिरे से बसों का दर तय कर दिया है।

मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव की बलरामपुर के पचपेड़वा में विशाल जनसभा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर के पचपेड़वा में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव शुक्रवार को पहुंचे। तुलसीपुर तहसील के लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज पचपेड़वा में जनसभा का आयोजन किया गया था।जिसमे पहुंचे मुख्यमंत्री ने लोगो को संबोधित किया। वही कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि के लिए सदियों तक संघर्ष हुआ है।आजादी के बाद राम लला को अपने मंदिर में आने के लिए70साल इंतजार करना पड़ा। कांग्रेस ने हमेंशा हिंदु जनमानस की भावनाओं पर कुठाराघात करने का काम किया है।यही कारण है कि हमारे यहां पाठ्यक्रमों से राम और कृष्ण जैसे आदर्श को हटा दिया गया था। देश से अंग्रेज तो चले गए लेकिन अपने प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस को छोड़ गए। अपने भाषण की शुरुआत में सीएम मोहन यादव ने कृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसंग से करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।और कहा कि पाठ्यक्रम में राम कृष्ण की जगह पर आताताइयों को जगह दी गई।आज खुशी की

बात यह है कि हमारे आदर्श भगवान राम और कृष्ण पाठ्यक्रम के हिस्सा बने हैं। कहा कि आज देश में दंगे नहीं हो रहे हैं। कहीं कर्फ्यू नहीं लगता है। सरकार चलाना प्रधानमंत्री मोदी बाखूबी जानते हैं। डा. यादव ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार से देश खोखला हो चुका था।अर्थ व्यवस्था चरमरा गई थी।मोदी सरकार में न सिर्फ देश ने अर्थ व्यवस्था की नई ऊंचाइयों को हासिल किया, बल्कि हर वर्ग के लोगों में खुशहाली आई है।

सीएम ने कहा कि कोविड टीकाकरण को लेकर कांग्रेस अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। अगर यह टीका न लगा होता तो देश में भारी तबाही होती।कोरोना संक्रमण काल में सरकार ने जिस हिम्मत और जज्बे के साथ काम किया,उसकी सराहना विश्व पटल पर हो रही है।

जनसभा में मौजूद रहे

वही आयोजित जनसभा में प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर के कैलाश नाथ शुक्ल, महामंत्री रवि मिश्रा, डा. अजय सिंह पिंकू, श्याम मनोहर तिवारी, ब्लाक प्रमुख मनोज तिवारी, जगदम्बा सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

चेकिंग के दौरान मानक से ज्यादा रुपए पकड़े जाने का सिलसिला जारी

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में लोकसभा चुनाव जैसे चरम पर पहुंच रहा है इस तरह प्रत्याशियों द्वारा जनता को लुभाने के लिए पैसे और गिफ्ट वोट लेना चाह रहे हैं लेकिन प्रशासन भी उन पर पेनी नजर लगाए हुए हैं लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग में जिले में आज मानक से ज्यादा रुपए ले जाते हुए पकड़ने का सिलसिला जो सुबह 65000 से चालू हुआ वह अभी भी जारी है।दूसरे घटना सोनहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत में टीवीएस मोटरसाइकिल पर सवार आदमी के बैक से 3 लाख 50 हजार रुपए बरामद हुए जिसका उसे वह कोई हिसाब नहीं दे पाया और मजिस्ट्रेट द्वारा उसको जप्त कर लिया गया।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष दुबौलिया चंद्रकांत पांडे तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट मितेंद्र स्वरूप पांडे तथा पुलिस टीम द्वारा डेहीडीहा चौकी

पॉइंट पर जाँच की जा रही थी। चेकिंग के दौरान अरबाज पुत्र मोहम्मद उस्मान निवासी रुधौली फैजाबाद तथा अजय कुमार पुत्र सिया रामनिवासी पूरे कल्याण थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को चेक किया गया जिनके पास एक क्रमशः 75000 तथा 68000 कुल मिलाकर 148000 बरामद हुए।उनसे पूछताछ करने पर वह दोनों कितने रुपए रखने का कारण तथा कोई भी प्रपत्र नहीं दिखा सके जिसके कारण मजिस्ट्रेट द्वारा रुपए 143000 को जप्त कर दिया गया। इसी क्रम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह व स्थैतिक निगरानी के कार्यपालक मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश गुप्ता व पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान राम भवन ब्रह्मपुत्र राम अक्षेबर निवासी हरैया बस्ती के पास से 97 हजार रुपया बरामद किया। बरामद पैसे के बारे में वह कोई वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर सके जिसके कारण उसे रुपए को सीज करने कार्रवाई की गई।

ए बी वी पी ने जनजाति क्षेत्र में चौपाल लगाकर मतदान के लिए किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गैंसडी ब्लॉक के थारू जनजाति क्षेत्र के कन्हईडीह गांव में ग्राम चौपाल लगाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होने कहा थारू समाज ही एकमात्र वह समाज है जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत में आक्रमण करने का प्रयास किया तो उन्हें थारू समाज ने ही पहली

टक्कर देने का काम किया। देश के लिए जीना देश के लिए मरना थारू समाज से सीखना चाहिए । थारू समाज के लिए राष्ट्र प्रथम है। विभाग संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है लोकतंत्र का यह पर्व पांच वर्ष के भावी भारत को गढ़ने का सुख प्रदान करेगा। इस दौरान तुलसीपुर नगर अध्यक्ष विवेक गोयल,जिला संयोजक अम्बुज भार्गव, प्रान्त सह सोशल मीडिया संयोजक जयशंकर मिश्रा, शौर्य, निशांत, अमन गुप्ता, हिमांशु सिंह, रोहन तिवारी, वैभव आदि अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ने जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया । उपस्थित मंडल अध्यक्ष डा.शिव प्रकाश सिंह ने अपने समस्त पदाधिकारियो को मतदान करने एवम प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई । जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि विगत एक माह से समस्त शिक्षकों ने अपने अपने सेवित क्षेत्र/गांव में मतदाता जागरूकता शपथ एवम रैलियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया है। फिर भी अब मतदान हेतु बचे हुए कम समय में एक बार पुनः रणनीति बनाते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के समस्त पदाधिकारियो को

जिलाधिकारी महोदया बांदा के अभियान 85 प्रतिशत प्लस हो मतदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अब मतदान हेतु बचे हुए कुल 50 घंटों में टारगेट निर्धारित करते हुए मतदाताओं से संपर्क कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह द्वारा प्रत्येक पदाधिकारी को प्रतिदिन 200 मतदाताओं को मतदान हेतु मैसेज करने का लक्ष्य भी दिया गया। साथ ही मतदान ड्यूटी में जाने वाले शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए निर्भीकता से निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रेरित किया। उक्त मतदाता जागरूकता अभियान में समस्त जिला कार्यकारिणी सहित ब्लाकों के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

जब अंग्रेजों को उनके घर में पहली बार भारत ने हराया... कहानी स्पिनर बीएस चंद्रशेखर की

● - इंग्लैंड में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने में भारत की जीत का असली राज स्पिन गेंदबाजी था. उस जीत में सबसे आगे थे लेग स्पिनर चंद्रशेखर. आज महान लेग स्पिनर बीएस चंद्रशेखर अपना 79वां जन्मदिन मना रहे हैं

स्वतंत्र प्रभात

भगवत सुब्रमण्यम चंद्रशेखर भारत के पूर्व क्रिकेटर हैं जो लेग स्पिनर के तौर पर खेला करते थे. उन्हें दुनिया के सबसे दिग्गज लेग स्पिनरों में से एक माना जाता है. 1960 और 70 के दशक में विदेशों में जीत की प्यासी भारतीय टीम के लिए चंद्रशेखर एक अनमोल रत्न थे.

चंद्रशेखर विदेशी जमीं पर लंबे समय तक भारत की जीत के सबसे बड़े सूत्रधार रहे. बल्लेबाज कभी नहीं जान पाते थे कि उनसे किस तरह की गेंद फेंके जाने की उम्मीद करें. चंद्रशेखर ने खुद एक बार स्वीकार किया था कि कभी-कभी उन्हें खुद भी नहीं पता होता था कि कैसी गेंद फेकेंगे.

बचपन में पोलियो की वजह से उनका दाहिना हाथ कमजोर पड़ गया था, लेकिन चंद्रशेखर ने इस कमजोरी को अपनी ताकत बना लिया. लंबे रन-अप के बाद तेज़ रफ्तार से अपनी हथेली के पिछले हिस्से से गेंद को घुमाकर गुगली, टॉप स्पिन और लेग ब्रेक फेंकते थे. उनकी गेंदबाजी कभी-कभी अनियंत्रित भी हो जाती थी.

साल 1971 में ओवल मैदान पर बीएस चंद्रशेखर ने 38 रन देकर 6 विकेट लिए और भारत को इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीत दिलाई. ऐसे ही 1978 में मेलबर्न में 104 रन देकर 12 विकेट लेकर वो ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली जीत के भी अहम खिलाड़ी रहे.

भारत ने इंग्लैंड को उसी के घर में घुटने टिका दिए!

इंग्लैंड की धरती पर भारत की पहली टेस्ट जीत किसी चमत्कार से कम नहीं थी. पहली पारी में इंग्लैंड ने 71 रन की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर मैच का रुख पूरी तरह से पलट गया. दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए उनकी टीम सिर्फ ढाई घंटे में ही ढेर हो गई. ये सब हुआ भगवत सुब्रमण्य चंद्रशेखर की घातक गेंदबाजी के कारण जिन्होंने सिर्फ 18.1 ओवर में 38 रन देकर 6 विकेट झटक लिए.

भारत ने अंग्रेजों को उसी के घर में जाकर मात दे दी. मैच जीतने में भारत के पास 205 मिनट बाकी थे और सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली. इस जीत के साथ भारत

ने तीन रिकॉर्ड बनाए. ये पहली बार था जब भारत ने इंग्लैंड को उन्हीं की ज़मीन पर टेस्ट मैच में हराया. जून 1968 के बाद इंग्लैंड को पहली बार 28 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा. इसके अलावा, ये भी पहला मौका था जब भारत ने एक साल में दो सीरीज जीतीं. इससे पहले भारत ने वेस्टइंडीज को हराया था.

इंग्लैंड के लिए ये साल में पहली हार थी. इस साल उन्होंने कुल 14 टेस्ट मैच खेले थे. 6 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, 2 न्यूजीलैंड के खिलाफ और 3-3 पाकिस्तान और भारत के खिलाफ. इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0, न्यूज़ीलैंड को 1-0 और पाकिस्तान को 1-0 से हराया था, लेकिन भारत के खिलाफ 0-1 से सीरीज हार गए.

चंद्रशेखर की ज़िंदगी भी किसी कहानी से कम नहीं!

17 मई 1945 को मैसूर (अब कर्नाटक) में जन्मे चंद्रशेखर को सिर्फ 5 साल की उम्र में पोलियो हो गया था. तीन महीने वह अस्पताल में रहे. उनका बचपन काफी मुश्किलों से भरा रहा. लेकिन चंद्रशेखर ने अपनी कमजोरी यानी कमजोर हाथ को ही अपनी सफलता का हथियार बना लिया. 10 साल की उम्र में जब पोलियो का असर कुछ कम हुआ तो उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया.

माना जाता है कि उनके पतले हाथ की वजह से गेंद फेंकते समय उनकी कलाई में ज़्यादा लचीलापन होता है, जिससे उनकी टॉप-स्पिन गेंदों में तेजी आती है. यहां तक कि कुछ भारतीय बल्लेबाजों का कहना है कि अब वो पहले से भी ज़्यादा तेज़ लेग-ब्रेक फेंकते हैं.

चंद्रशेखर इतनी तेज गेंद फेंक सकते हैं कि एक टेस्ट मैच में उन्होंने बाउंसर भी फेंका था. मजेदार बात ये है कि उस बाउंसर का सामना कर रहे थे वेस्टइंडीज के खतरनाक गेंदबाज चार्ली ग्रिफिथ. ये वाकया 1966/67 सीरीज के आखिरी टेस्ट की आखिरी पारी में चेन्नई में हुआ था. चंद्रशेखर मानते हैं कि सिर्फ तीन बल्लेबाज ही उनके खिलाफ पूरी तरह से सहज होकर खेल पाए हैं- कोलीड्रे, सोबर्स और बैरिंगटन.

टीम इंडिया में कैसे शामिल हुए थे चंद्रशेखर

क्रिकेट में चंद्रशेखर की दिलचस्पी तब पैदा हुई जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर रिची बेनो को गेंदबाजी करते देखा. खास बात ये है कि चंद्रशेखर की टीम इंडिया में एंट्री नॉर्मल तरीके से नहीं हुई. जैसे कि स्कूल और यूनिवर्सिटी लेवल पर कंप्टीशन से होते हुए नहीं. उन्होंने 17 साल की उम्र में ही सीधे क्लब और स्कूल क्रिकेट से मैसूर की टीम में जगह बना ली थी. फिर तीन महीने बाद वह टेस्ट टीम में जगह बना चुके थे.

बेंगलुरु के क्लब में खेलते समय चंद्रशेखर ने गेंदबाजी के अलग-अलग तरीके आजमाए, जिसमें तेज गेंदबाजी भी शामिल थी. 1963 में उन्होंने लेग स्पिन गेंदबाज बनने का फैसला किया था. उनका ये फैसला सही साबित हुआ. 1964 में बॉम्बे (अब मुंबई) में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करते हुए चंद्रशेखर ने उस मैच में 4 विकेट लिए. उसी साल उन्हें भारतीय क्रिकेट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया.

भारतीय क्रिकेट में कैसा था चंद्रशेखर का प्रदर्शन

बीएस चंद्रशेखर ने भारत के लिए 58 टेस्ट मैच खेले और 29.74 की औसत से 242 विकेट लिए. उनका स्ट्राइक रेट 65.9 रहा. भारत की जीत में चंद्रशेखर का अहम रोल रहा. उन्होंने जिन 58 टेस्ट मैचों में खेला था, भारत उनमें से 44 मैच जीता था. इन मैचों में उन्होंने 19.27 की औसत से 98 विकेट लिए और उनका स्ट्राइक रेट 45.4 रहा. इन 44 जीत में चंद्रशेखर ने 8 बार 5 विकेट और 2 बार 10 विकेट अपने नाम किए. विदेशों में भी भारत की जीत में उनका खास योगदान रहा. अपने करियर में भारत की विदेशी जमीनों पर 5 जीत में उन्होंने 42 विकेट लिए थे.

चंद्रशेखर को 1972 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया. उसी साल उन्हें प्रतिष्ठित विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब भी मिला. 2002 में उन्हें 1971 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में 38 रन देकर 6 विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन के लिए विजडन की ओर से 'सदी का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन' पुरस्कार भी दिया गया. 2004 में उन्हें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व खिलाड़ियों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी नवाजा.